रविवारीय
लखनऊ, रविवार
26 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 12
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 334 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का चयन अगले सप्ताह बुमराह की फिटनेस पर नजर



नीट पेपर लीक विवाद और पिछले कई हफ्तों से चल रहे भारी विरोध प्रदर्शनों के बीच नया मोड़

# धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर लीक विवाद और पिछले कई हफ्तों से चल रहे भारी विरोध प्रदर्शनों और

- सीजेपी के साथ तीसरे दौर की वार्ता से पहले उठाया कदम

चौतरफा दबाव के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेज दिया है। मेडिकल छात्रों के भविष्य से जुड़े इस संवेदनशील मुद्दे पर सरकार की चौतरफा आलोचना हो रही थी और इस इस्तीफे को परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही तय करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि, पेपर लीक के बाद कॉकरोच जनता पार्टी ने शुरू से धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की और अपने फैसले पर अड़ी रही। आज सरकार और सीजेपी के तीसरे दौर की वार्ता से पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा सौंपा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र प्रधान ने अपने इस्तीफे का पत्र जारी किया। जिसमें उन्होंने लिखा- मेरे युवा साथियों, मैं पिछले चार दशकों से अधिक समय से छात्र, शिक्षक और शिक्षा सुधार के लिए समर्पित रहा हूं। मेरा सदैव यह विश्वास रहा है कि एक सशक्त, समावेशी और दूरदर्शी शिक्षा व्यवस्था ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होती है। उन्होंने कहा, मैं देश के युवाओं की आकांक्षाओं, भावनाओं और उनकी न्यायोचित अपेक्षाओं का गहरा सम्मान करता हूं। भारत की युवा पीढ़ी के सपनों को साकार करना हम सभी के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन का नैतिक संकल्प रहा है।

### प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने धर्मेंद्र प्रधान का केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। यह स्वीकृति संविधान के अनुच्छेद 75(2) के तहत की गई है। इसी बीच, राष्ट्रपति ने केंद्रीय मंत्रिमंडल मंत्री प्रल्हाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है, जबकि वे खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के केंद्रीय मंत्री के रूप में अपना मौजूदा कार्यभार भी संभालते रहेंगे।

### झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए : दीपके

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद, कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने इसे आंदोलन की पहली बड़ी जीत बताया। उन्होंने कहा, 'वी हैव डन इट' (हमने कर दिखाया) और यह साबित कर दिया कि 'झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए'।






### भागवत के बयान के चार घंटे बाद आया इस्तीफा

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार सुबह दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा था, 'हम मनमानी करेंगे, शक्ति से सबके मालिक बनेंगे, ऐसा नहीं हो सकता।' भागवत ने कहा था- आज की नई पीढ़ी बहुत सारे सवाल पूछती है। हमें आदेश देने की बजाय उनसे बातचीत करनी चाहिए। उन्हें हर बात के पीछे का तर्क समझाना चाहिए, न कि आदेश देना चाहिए। संवाद के जरिए ही उन्हें सही दिशा दिखाई जा सकती है। भागवत का बयान आने के 4 घंटे बाद ही धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दिया।

# 'मान ली गई हैं हमारी मांगें'

### सरकार और सीजेपी के बीच इन मुद्दों पर बनी सहमति

- प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी केस वापस लिए जाएंगे।
- भविष्य में प्रदर्शनकारियों पर कोई एक्शन नहीं होगा।
- धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, हमारी पहली मांग पूरी।
- मंगलवार तक लिखित गारंटी दी जाएगी।



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक महीने से अधिक समय से चल रहा विरोध प्रदर्शन आखिरकार खत्म हो गया है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को अपना आंदोलन तुरंत प्रभाव से वापस लेने का बड़ा एलान किया। यह घोषणा केंद्र सरकार के साथ तीसरे दौर की बातचीत के बाद हुई। इससे पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने शनिवार को सीजेपी के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में सीजेपी के सौरव दास शामिल थे। दोनों पक्षों के बीच बातचीत का तीसरा दौर सकारात्मक रहा। वार्ता के तुरंत बाद सीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर धरना समाप्त करने की घोषणा की। पार्टी ने देश भर से आए प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्वक अपने घर लौटने की अपील की है। सौरव दास ने सरकार से बातचीत की सारी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि हमारी दूसरी मांग यह थी कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर न केवल दिल्ली में बल्कि सभी भाजपा-शासित और भाजपा-सहयोगी राज्यों में वापस ली जानी चाहिए। सरकार ने उस मांग को भी मान लिया है। साथ ही, इन्हें जल्द ही वापस ले लिया जाएगा। दास ने कहा कि सरकार ने हमें भरोसा दिलाया है कि वह दर्ज सभी एफआईर की कॉपी शेयर करेगी। हमारी आखिरी जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में 15 से 20 एफआईआर दर्ज की गई थीं और हमें किसी भी हाल में तीन से चार दिनों के भीतर वे कॉपी मिल जाएंगी।

### सरकार ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया : नड्डा

जेपी नड्डा ने कहा, 'सीजेपी ने मुझे जो पांच-सूत्रीय चार्टर दिया है, वह शिक्षा परीक्षाओं में सुधार से संबंधित है। इस संबंध में हमारा कहना है कि हम शिक्षा परीक्षाओं में सुधार के लिए आपके चार्टर पर गंभीरता से विचार करेंगे और सीजेपी प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के बाद हम जो कुछ भी कर सकते हैं, वह करने का प्रयास करेंगे। मुझे लगता है कि सरकार ने उनकी सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया है और उन्हें स्वीकार भी किया है।'

## केंद्र से कोई डील नहीं हुई : सोनम वांग्चुक

**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने केंद्र सरकार के साथ किसी तरह की डील करने के आरोपों

- अनशन खत्म करने का मकसद था छात्रों पर कार्रवाई न हो
- केंद्र से लिखित आश्वासन मिलने पर ही लिया फैसला



को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने अपना 26 दिन का अनिश्चितकालीन अनशन केवल इसलिए समाप्त किया ताकि छात्रों पर किसी तरह की कार्रवाई न हो और दिल्ली में किसी संभावित पुलिस कार्रवाई या हिंसा को टाला जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से लिखित आश्वासन मिलने के बाद ही उन्होंने अनशन खत्म करने का फैसला लिया। शुक्रवार देर रात जारी एक यूट्यूब वीडियो में वांगचुक ने कहा कि दिल्ली की स्थिति को देखते हुए उन्हें आशंका थी कि प्रदर्शनकारियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

उन्हें सितंबर 2025 में लद्दाख में युवाओं पर हुई पुलिस और सीआरपीएफ की फायरिंग की घटना याद आ गई थी। उन्हें डर था कि कहीं दिल्ली में भी वैसी ही स्थिति न बन जाए। इसलिए उन्होंने शांति की अपील करते हुए अपना अनशन समाप्त करने का फैसला किया। वांगचुक ने कहा कि कुछ लोग उन पर सरकार से समझौता करने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन यह पूरी तरह गलत है।

## अदालत कोई एंटरटेनमेंट चैनल नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग के दुरुपयोग पर सख्त रुख अपनाते हुए अंतरिम आदेश जारी किया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि किसी भी कोर्ट की कार्यवाही की ऑडियो या

- मेटा और एक्स को भेजा नोटिस

वीडियो रिकॉर्डिंग को संबंधित अदालत की पूर्व अनुमति के बिना निकालना, संपादित (एडिट) करना, सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साझा करना, दोबारा पोस्ट करना, अपलोड करना या उससे कमाई (मॉनेटाइजेशन) करना प्रतिबंधित रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत किसी भी सूरत में मनोरंजन का माध्यम या 24म7 एंटरटेनमेंट चैनल नहीं बन सकती। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस आदेश का न्यायिक कार्यवाही की समाचार रिपोर्टिंग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने यह अंतरिम आदेश पत्रकार हर्षिता ग्रोवर की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका में अदालत की कार्यवाही के वीडियो क्लिप काटकर, उन्हें संदर्भ से अलग करके और भ्रामक तरीके से सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश बनाने की मांग की गई थी।

## पीएम मोदी के इंस्टा वीडियो ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार रात 24 घंटे के भीतर दूसरी बार इंस्टाग्राम पर एक रील साझा की। इससे पहले पेपर लीक रोकने के उपायों पर उनकी आधी रात को अपलोड की गई रील को 30.3 करोड़ से ज्यादा बार देखा गया। इसने इंस्टाग्राम पर नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया। यह रील तेजी से वायरल हुई। इसकी वजह से प्रधानमंत्री मोदी के इंस्टाग्राम खाते पर एक ही रात में करीब 10 लाख नए लोग जुड़ गए। इस रील ने 30 करोड़ बार देखे जाने का पिछला रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

## प्रदर्शन में घुस आए थे 2000 से अधिक अपराधी


**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हाल ही में हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस कार्रवाई में फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) की मदद ली गई। इस आधुनिक प्रणाली से 2000 से अधिक आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की पहचान की गई है। ये पहचान किए गए लोग प्रदर्शनकारी भीड़ में घुस गए थे। इनका मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को निशाना बनाना था। इस दौरान 130 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने इन घटनाओं को गंभीरता से लिया है। अब तक इस मामले में कुल 15 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं।

### पाकिस्तान कनेक्शन भी सामने आया

पुलिस के अनुसार, जांच में ऐसे 400 से अधिक पाकिस्तान-संचालित सोशल मीडिया हैंडल सामने आए हैं, जिन्हें एआई-जनित फर्जी सामग्री, डीपफेक वीडियो, एडिटेड तस्वीरें और भ्रामक पोस्ट फैलाने के आरोप में ब्लॉक किया जा चुका है। दिल्ली पुलिस के डीसीपी (सेंट्रल) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि जांच के दौरान यह भी सामने आया कि पाकिस्तान से संचालित कई सोशल मीडिया अकाउंट जंतर-मंतर प्रदर्शन से जुड़ी झूठी और भ्रामक सामग्री को सुनियोजित तरीके से वायरल कर रहे थे।

## युवाओं में बढ़ा 'बुक-फैशन' का क्रेज

**लंदन।** किताबें पढ़ना अब सिर्फ शौक नहीं बल्कि नया फैशन और चलन बन गया है। दुनियाभर में फेमस कपड़े और फैशन के ब्रांड पुरानी और मशहूर किताबों के नाम पर अपने प्रोडक्ट्स बेच रहे हैं। जैसे, मशहूर ब्रांड डायर ने अपने बैग पर कुछ खास पुरानी किताबों के कवर छाप दिए हैं। दूसरे ब्रांड कोच ने पेंगुइन कंपनी के साथ मिलकर बैग में लटकाने वाले




- एक्सपर्ट बोले-किताबें पढ़ना सिर्फ दिखावा न बने
- बैग्स और कपड़ों तक पहुंचा नया ट्रेंड

छोटे-छोटे शोपीस बनाए हैं, जिनमें छोटी-छोटी असली किताबें हैं जिन्हें पढ़ा जा सकता है। इसके अलावा, मियू मियू और शनेल जैसे ब्रांड अपने खुद के बुक क्लब चलाते हैं। मामले में लेखक व कंटेंट क्रिएटर सिहाम नाइक का कहना है आज के युवाओं के लिए अपना घर खरीदना मुश्किल हो गया है, इसलिए वे अपनी पसंद की किताबें और खास चीजें खरीदकर अपनी पहचान दुनिया के सामने रखना चाहते हैं। इंस्टाग्राम पर किताबों को लेकर कंटेंट बनाने वाली सोल नोया का कहना है कि पहले किताबें पढ़ने वालों को बोरिंग समझा जाता था, अब हालात बेहतर हैं। उनका कहना है कि पढ़ने से हमारी सोचने की ताकत और दूसरों की भावनाएं समझने की क्षमता बढ़ती है, इसलिए पढ़ना अच्छी बात है। हालांकि, किताबों को केवल सुंदर दिखाने या सजावट की चीज बना देने से सारा जोर सिर्फ चीजें खरीदने पर रह जाता है, और यह चुपके से अपनी अमीरी दिखाने का जरिया बन जाता है क्योंकि बहुत सारी महंगी किताबें घर में सजाने का मतलब है कि आपके पास उन्हें खरीदने के पैसे हैं और घर में जगह भी है।

## चीन-रूस जंग में आए तो अंजाम बुरा होगा : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि चीन या रूस

- कहा पुतिन-जिनपिंग ने मुझे यकीन दिलाया, वे ईरान को हथियार नहीं देंगे

ईरान युद्ध में शामिल हैं। हालांकि उन्होंने धमकी दी कि अगर दोनों देशों ने इस युद्ध में दखल दिया तो इसके गंभीर नतीजे होंगे और यह उनके लिए अच्छा नहीं होगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हाल ही में बीजिंग में हुई उनकी मुलाकात के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उन्हें भरोसा दिया था कि वे किसी भी हाल में ईरान को हथियार नहीं देंगे। चीनी कंपनियों के लिए भी यही चीज लागू है। ट्रम्प ने कहा मुझे जिनपिंग पर यकीन है। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी उनसे कहा था कि वे ईरान को हथियार नहीं बेचेंगे। ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन जंग के बावजूद उनकी पुतिन से बातचीत जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका सीधे यूक्रेन को हथियार नहीं बेचता, बल्कि नाटो देशों को बेचता है। नाटो देश इन हथियारों की पूरी कीमत चुकाते हैं। उसके बाद वे इन्हें किस तरह आगे भेजते हैं, इसकी उन्हें जानकारी नहीं होती।



### कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार

ईरान-अमेरिका में लगातार बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में फिर तेज उछाल आया है। ब्रेंट क्रूड का भाव मई के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया है।

## मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने 2023 में भड़की हिंसा से जुड़े आपराधिक मामलों की प्रतिदिन सुनवाई के लिए विशेष अदालतें गठित करने का सुझाव दिया है, ताकि पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सके। साथ ही जांच एजेंसियों को जांच जल्द से जल्द पूरी करने का निर्देश भी दिया है।

- कहा- रोज हो सुनवाई, विशेष अदालतें गठित करे सरकार

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने इस बात पर गहरी चिंता जताई कि कई पीड़ित परिवारों को अब तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य की विशेष जांच टीम (एसआईटी) की ओर से दाखिल आरोपपत्रों की प्रतियां नहीं मिली हैं। पीठ ने सख्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया कि कानूनी सहायता वकील के संपर्क करने के एक सप्ताह के भीतर पीड़ितों और उनके वकीलों को आरोपपत्र हर हाल में उपलब्ध कराए जाएं। पीठ ने राज्य सरकार, सीबीआई और एसआईटी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से उन मामलों का ब्योरा एकत्र करने को कहा, जिनमें जांच पूरी हो चुकी है और आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं।

## कश्मीर : ढाई हजार संदिग्ध हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग के लाल चौक में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात जम्मू-कश्मीर पुलिस के हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की दिनदहाड़े हत्या के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आतंक के पूरे तंत्र पर अब तक का सबसे व्यापक प्रहार शुरू कर दिया है। घाटी में एक ही रात में ढाई हजार से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, वांछित लश्कर-ए-तैयबा आतंकियों के दो घर नियंत्रित विस्फोट कर ध्वस्त कर दिए गए और आतंकवाद को खाद-पानी देने वाले नेटवर्क को जड़ से खत्म करने का अभियान तेज कर दिया गया। इसी बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन की संदिग्ध गतिविधियों ने यह भी संकेत दे दिया कि सीमा पार बैठे आकाओं की साजिशें लगातार जारी हैं।

## एमपी : कार नाले में गिरी, चार मरे

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ में पचोर-खुजनेर मार्ग पर शनिवार को भीलखेड़ी जोड़ के पास एक कार पुल से फिसलकर नाले में जा गिरी। इस भीषण हादसे में कार में सवार सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार सवार एक अन्य की तलाश जारी है। घटना दोपहर के समय हुई। पचोर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार भीलखेड़ी जोड़ पर बने पुल को पार कर रही थी। इसी दौरान चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया और कार सीधे पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे बह रहे नाले में जा गिरी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार नाले में पलट गई और पानी में आधी डूब गई।

## डीपफेक क्लिप पर भड़के पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो को लेकर जवाब दिया है। उन्होंने इसे डीपफेक वीडियो बताया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, संसद के बाहर मीडिया से मेरी बातचीत की वीडियो को एआई की मदद से दुर्भावनापूर्ण छेड़छाड़ कर एक डीपफेक वीडियो तैयार करके उसे गलत सूचना फैलाने के मकसद से सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जा रहा है। पीयूष गोयल ने 'एक्स' पोस्ट में जानकारी दी कि उन्होंने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है।




साजिश | संवेदनशील क्षेत्रों को निशाना बनाने और अवैध हथियार सप्लाई करने का था प्लान

# दिल्ली से लेकर असम तक पाक के शहजाद भट्टी नेटवर्क के तार

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने पाकिस्तान स्थित शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में पूर्वोत्तर राज्य से तीन कथित सदस्यों को गिरफ्तार

- असम में मॉड्यूल के तीन सदस्य गिरफ्तार

किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि असम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने शुक्रवार को यह कार्रवाई की। इस अभियान में धुबरी, चिरांग और बारपेटा जिलों की पुलिस ने भी मदद की। अधिकारी ने बताया, अभियान के दौरान एसटीएफ ने धुबरी, चिरांग और बारपेटा जिलों से एक-एक संदिग्ध को पकड़ा।

उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में पांच मोबाइल फोन, सात सिम कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, डेबिट कार्ड और आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है।

**कैसे काम करता है शहजाद भट्टी का नेटवर्क?**

पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर और आतंकवादी शहजाद भट्टी का नेटवर्क भारत में युवाओं को बरगलाने और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करता रहा है। यह नेटवर्क भारत के कई राज्यों में फैल चुका है और सुरक्षा एजेंसियां इस पर लगातार शिकंजा कस रही हैं। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने एक बड़ी कार्रवाई में इसी महीने छह जुलाई को शहजाद भट्टी के दो टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए 6 संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। इन संदिग्धों के पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार, पिस्तौल और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी। ये आरोपी सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को निशाना बनाने और पंजाब से अवैध हथियार सप्लाई करने की साजिश रच रहे थे। इसके बाद 14 जुलाई को महाराष्ट्र के पुणे में एटीएस ने अभियान चलाकर 66 लोगों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि ये लोग सोशल मीडिया के माध्यम से गैंगस्टर शहजाद भट्टी और उसके गिरोह के संपर्क में थे।



### यूपी में मई में हुई थी कार्रवाई

इसी तरह इस साल मई में उत्तर प्रदेश एसटीएफ और एटीएस ने शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। इन संदिग्धों को सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक, ये आरोपी प्रतिबंधित गतिविधियों में शामिल होने और अहम सैन्य प्रतिष्ठानों की रेकी करने के प्रयास में थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण आज

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए जाने हेतु दिनांक 26 जुलाई, 2026 को प्रातः 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, कुशीनगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र कुशीनगर के माननीय सांसद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति एवं प्रेरणादायी उद्बोधन से कार्यक्रम की गरिमा में वृद्धि होगी तथा उपस्थित लाभार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों/कर्मचारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के पात्र लाभार्थियों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए जाएंगे, जिससे वे योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध चिकित्सालयों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार कैशलेस उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। जनपद प्रशासन एवं आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। संबंधित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं पात्र लाभार्थियों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### समाधान दिवस में आये 10 मामले

**दुबौलिया, बस्ती।** थाना दुबौलिया परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित हुआ। थाना प्रभारी जीवन त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौजूद रही। समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं। इस अवसर पर राजस्व विभाग से संबंधित 6 तथा पुलिस विभाग से संबंधित 4, कुल 10 प्रकरण प्राप्त हुए। सभी मामलों को संबंधित लेखपाल एवं अधिकारियों को आवश्यक जांच कर शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को त्वरित न्याय मिल सके।

## समयबद्ध तरीके से पूरी हों सभी विकास योजनाएं : डीएम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में शनिवार को विकास भवन सभागार में विकास कार्यों एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार प्रगति का परीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाली सभी योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी और लक्ष्य प्राप्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की समीक्षा के दौरान स्वयं सहायता समूहों के गठन में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर सहायक



विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) घुघुली एवं परतावल को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए। दोनों विकास खंडों में एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

वीबी-जी-राम योजना की समीक्षा में गत वित्तीय वर्ष की तुलना में अधिक मानव दिवस सृजित करने, कन्वर्जेंस के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्राक्कलन तैयार कर निर्माण कार्य शुरू कराने तथा सभी चिन्हित खेल मैदानों पर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक विकास खंड में कम से कम एक मिनी स्टेडियम के लिए भूमि चिन्हित करने, बाउंड्री विहीन विद्यालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में एक सप्ताह के भीतर चारदीवारी निर्माण शुरू कराने तथा 331 विद्यालयों में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कार्य प्राथमिकता से कराने को कहा गया। पंचायती राज विभाग की समीक्षा में लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने, आरआरसी का प्रभावी संचालन, ग्राम पंचायतों में ई-रिक्शा का सत्यापन तथा जीपीडीपी में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, डिजिटल समावेशन, साक्षरता, स्वयं सहायता समूह एवं आजीविका संबंधी गतिविधियों को शामिल करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिन गौशालाओं के पास पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है वहां हरे चारे की बुवाई सुनिश्चित कराने, सभी गौशालाओं को स्वयंसेवी संस्थाओं से जोड़ने, गुणवत्तापूर्ण भूसा एवं पशु आहार उपलब्ध कराने तथा पशु चिकित्साधिकारियों से नियमित निरीक्षण कराने को कहा गया। जल जीवन मिशन की समीक्षा में अधूरी पेयजल परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने तथा कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित खंड विकास अधिकारियों से भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराने को भी कहा गया।

बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में विद्यालयों में नामांकन अभियान की प्रगति अपेक्षित न मिलने पर नौतनवा, निचलौल, लक्ष्मीपुर एवं बृजमनगंज के खंड शिक्षा अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए।

# घाघरा की धारा में विलीन हो रही खेतीहर भूमि

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**दुबौलिया, बस्ती।** हर्रैया तहसील के दक्षिणांचल में बहने वाली घाघरा नदी एक बार फिर कटान पर उतर आई है। चेतावनी बिंदु से ऊपर और खतरे के निशान से नीचे बह रही नदी विक्रमजोत क्षेत्र के संग्रामपुर तथा दुबौलिया ब्लॉक के अखनपुर, बर्दिया लोहार और अशोकपुर गांवों की खेतीहर भूमि को तेजी से अपनी धारा में समाहित कर रही है। लगातार हो रहे कटान से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

घाघरा नदी लंबे समय से कटान के लिए कुख्यात रही है और अब तक दर्जनों गांवों का अस्तित्व समाप्त कर चुकी है। विस्थापित परिवार नदी तट के सुरक्षित इलाकों में आशियाना बनाकर माझा क्षेत्र में रबी और जायद की खेती के सहारे जीवनयापन कर रहे हैं। इस वर्ष नदी का रुख एक बार फिर कई गांवों की उपजाऊ भूमि की ओर हो गया है।



ग्रामीणों का आरोप है कि बर्दिया लोहार में प्रशासन द्वारा आवंटित पट्टे की सीमा से अधिक क्षेत्र में जून माह तक बालू खनन किया गया। इसका ग्रामीणों ने लगातार विरोध किया और शासन प्रशासन से शिकायत भी की थी। उनका कहना है कि अनियंत्रित बालू खनन के कारण नदी का बहाव बदला, जिससे अब अखनपुर, बर्दिया लोहार और अशोकपुर की खेतीहर भूमि तेजी से कटान की चपेट में आ रही है।

अशोकपुर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि समीर चौहान ने बताया कि अशोकपुर दुबौलिया ब्लॉक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है, जिसमें लगभग 15 पुरवे शामिल हैं।

गांव बीडी बांध के दक्षिण से लेकर घाघरा नदी के उत्तरी छोर तक फैला हुआ है। वर्तमान में नदी लगातार खेतों का कटान कर रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते प्रभावी कटानरोधी उपाय नहीं किए गए तो भविष्य में अशोकपुर, बर्दिया लोहार और अखनपुर की आबादी भी गंभीर खतरे में पड़ सकती है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कटानरोधी कार्य शुरू कराने, प्रभावित किसानों को राहत उपलब्ध कराने तथा बालू खनन की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# भाजपा का समरसता संकल्प अभियान 29 से

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** भाजपा जिला कार्यालय में समाज सुधारक एवं दार्शनिक संत शिरोमणि रविदास जी की 650 वीं जयंती के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले समरसता संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन, जिला महामंत्री भाजपा अभिषेक कुमार ने किया। बैठक में राजेंद्र राजभर, प्रदीप निषाद, संतोष कुमार गौतम एवं प्रमोद कन्नौजिया आदि ने बैठक को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने संत रविदास जी के प्रसिद्ध दोहे का उल्लेख किया÷ऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिलै सबन को अन्न। छोट बड़ो सब सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न॥ उन्होंने कहा कि संत रविदास जी की वाणी और दर्शन आज भी समाज के लिए प्रेरणापुंज हैं। यह अभियान 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 20 फरवरी 2027 तक निरंतर चलेगा। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंदिरों में साफ-सफाई व संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में वक्ताओं ने संत रविदास जी के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने कर्म ही सच्ची पूजा है का संदेश दिया। इंसान अपने जन्म या जाति से नहीं, बल्कि अपने श्रेष्ठ कर्मों से महान बनता है।

बैठक को पूर्व विधायक रवि सोनकर, ब्लॉक प्रमुख जटाशंकर शुक्ल, योगेन्द्र सिंह, राकेश श्रीवास्तव, अंकुर वर्मा, रामायण सिंह, दुष्यंत विक्रम सिंह, पुष्करादित्य सिंह, अमृत कुमार वर्मा ने भी संबोधित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कल देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में जिला स्वास्थ्य समिति, रोगी कल्याण समिति, जिला क्षय रोग समिति, संचारी रोग नियंत्रण समिति, जिला एड्स समन्वय समिति, फाइलेरिया उन्मूलन समिति, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा जिला आयुष कार्यकारी निकाय की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज से अनावश्यक रेफरल को कम किया जाए तथा मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों में अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किए जाएं तथा आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए निरंतर प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने तथा स्थानांतरित चिकित्सकों को तत्काल कार्यभार ग्रहण कराने के निर्देश दिए। बैठक में जन औषधि केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने, नए आयुष आरोग्य मंदिरों की स्थापना में तेजी लाने तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान को व्यापक जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

# उत्सव भवन का सदर विधायक ने किया शिलान्यास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** सदर विधानसभा क्षेत्र के लक्ष्मीपुर एकडंगा गांव में शुक्रवार को लगभग 3 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक उत्सव भवन का सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने विधिवत पूजन-अर्चन के साथ शिलान्यास किया। इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि लक्ष्मीपुर एकडंगा में बनने वाला उत्सव भवन ग्रामीणों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार गांव-गांव तक विकास योजनाएं पहुंचाकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए लगातार कार्य कर रही



है और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आगे भी इसी तरह योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा।

प्रमुख प्रतिनिधि ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि उत्सव भवन के निर्माण से ग्रामीणों को विवाह, सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों तथा अन्य सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की विकासपरक नीतियों का लाभ अब गांवों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है।

जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक सामुदायिक सुविधाओं का विकास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तथा निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र ही इस परियोजना का लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान अमेरिका प्रसाद ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्सव भवन का निर्माण गांव के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हेमंत गुप्ता, प्रधान सच्चिदानंद मौर्य, ब्रह्मा पटेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, शक्ति केंद्र प्रमुख महेश चौरसिया, बूथ अध्यक्ष भरत कन्नौजिया, डोमई गुप्ता, जनार्दन दास, गोलू गौड़, छोटे प्रजापति, चंदन पटेल, मुकेश कन्नौजिया, मान सिंह, राकेश अग्रहरी, लक्ष्मीपुर एकडंगा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सत्यनारायण प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# किसान कृषि वैज्ञानिक विधि अपनाएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**हाटा, कुशीनगर।** किसान जागरूकता के अभाव में फसलों से बेहतर उत्पादन नही कर पा रहख है। ऐसे में बेहतर उत्पादन के लिए उन्हें फसलों में उगे खरपतवारों को नियंत्रित करने के उपाय अवश्य करना चाहिए।

ये बातें शनिवार को नगर के एक मैरिज हाल में पीआई मित्र किसान पहल के अंतर्गत आयोजित किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए कृषि वैज्ञानिक जयप्रकाश शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि जब तक किसान परंपरागत खेती छोड़ कृषि में वैज्ञानिक विधि नहीं अपनाएंगे तब तक वह खुशहाल नहीं बन पाएंगे। वहीं कृषि वैज्ञानिक अमित तिवारी ने कहा कि फसलों में उगने वाले खरपतवारों की रोकथाम अति आवश्यक है। किसानों को चाहिए कि वह ब्रांडेड खरपतवार नाशक का इस्तेमाल करें। किसान गोष्ठी में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के लिए लकी ड्रा के माध्यम से उन्नतशील



कृषक क्षेत्र के ग्राम पचौरी निवासी राहुल कुमार को प्रथम विजेता के रूप में बाइक की चाबी सौंपी गई।

इस दौरान कृषि वैज्ञानिक राजेश सिंह, कैलाश चंद, राजेश्वर तिवारी, मोती, संजय मिश्रा, उमेश मिश्रा, आर नारायण, महंत मिश्रा, ओमप्रकाश ,मोनू, प्रमोद, दयाशंकर, कौशलानंद सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

## छुट्टा पशुओं के आतंक से राहगीर भयभीत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**घुघली, महराजगंज।** घुघली नगर पंचायत में छुट्टा पशुओं का बढ़ता आतंक अब आम लोगों के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। नगर के व्यस्त सुभाष चौक सहित मुख्य बाजारों, प्रमुख सड़कों और गलियों में दिनभर छुट्टा पशुओं के झुंड डेरा जमाए रहते हैं। इससे राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार छुट्टा सांड और मवेशी आपस में लड़ पड़ते हैं, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच जाती है। ऐसे में राहगीरों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ता है। कई लोग इनकी चपेट में आकर घायल भी हो चुके हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को होती है, जिन्हें इन पशुओं के बीच से गुजरना मजबूरी बन गया है।

# 25 हजार का इनामी धराया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**तमकुहीराज/कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तमकुहीराज पुलिस एवं स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में एनडीपीएस एक्ट के एक 25 हजार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार शनिवार 25 जुलाई 2026 को संयुक्त टीम ने मु0अ0सं0 117/2026, धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित वांछित एवं 25 हजार के इनामी अभियुक्त रामभुवन प्रजापति पुत्र बाबूराम प्रजापति, निवासी ग्राम परसही, थाना विजयीपुर, जनपद गोपालगंज (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर ?25 हजार का इनाम घोषित था।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध थाना तमकुहीराज में



एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय, स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक स्वतंत्र कुमार सिंह अपनी टीम के साथ, उपनिरीक्षक महेश मिश्रा तथा मुख्य आरक्षी अमित सिंह की प्रमुख भूमिका रही।

कुशीनगर पुलिस ने बताया कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संत रविदास के विचार मानव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** भाजपा जिला कार्यालय पर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के उपलक्ष्य में समरसता संकल्प अभियान के तहत संगोष्ठी एवं संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और संत गुरु रविदास के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदे मातरम् के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि एवं जिला प्रभारी राम जियावन मौर्य ने कहा कि संत गुरु रविदास का सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का संदेश आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने जाति-पांति और ऊंच-नीच के भेदभाव का विरोध करते हुए समाज को एकता, प्रेम और सद्भाव का मार्ग दिखाया। उनके विचार संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा समरस समाज के उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से समरसता संकल्प अभियान चला रही है।



उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिले में मंदिरों की सूची तैयार की जाएगी तथा दीप उत्सव, संत सम्मेलन, कलश वंदन और समाज संपर्क जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए संयोजकों का भी निर्धारण कर दिया गया है।

पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि संत रविदास ने अपने जीवन और वाणी से यह संदेश दिया कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्म और चरित्र से होती है, न कि जन्म से। सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि संत रविदास का जीवन सामाजिक न्याय, समान अवसर और भाईचारे का प्रतीक है तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के सभी कार्यक्रमों को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।

अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष भीम प्रसाद ने कहा कि संत रविदास ने अपने विचारों से वंचित और कमजोर वर्गों में आत्मसम्मान तथा आत्मविश्वास का संचार किया। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई को जिले की टोली संत गुरु रविदास की जन्मस्थली वाराणसी जाकर पवित्र कलश लाएगी, जिसके बाद जिले के विभिन्न मंदिरों में कलश वंदन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुर्सेड अंसारी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार उपाध्याय, शैलेश पांडेय, सरोज पांडेय, फरीदा ईरम, जिला मंत्री दिनेश जायसवाल, बैजनाथ पटेल, ठाकुर रौनियर, बाबुनंदन शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अंगद गुप्ता, मंडल अध्यक्षों, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लाठीचार्ज के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**निचलौल।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को निचलौल में युवाओं ने पैदल मार्च निकालकर विरोध जताया। मार्च के बाद एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रदर्शन के दौरान घायल हुए छात्रों के समुचित उपचार एवं मुआवजा देने, मृत छात्रों के परिजनों को सहायता प्रदान करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे की मांग किए जाने का उल्लेख किया गया। युवाओं ने कहा कि छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए और घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पैदल मार्च में अधिवक्ता हर्ष कुमार तिवारी, युवा नेता अनमोल मिश्रा, अनूप मद्धेशिया, आशुतोष शुक्ला सहित अन्य युवा शामिल रहे।

# छोटी सी चूक बन सकती है असुरक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**हाटा कुशीनगर।** नागरिक सुरक्षा पुलिस का सर्वोच्च प्राथमिकता है। छोटी सी चूक असुरक्षा पैदा कर सकती हैं, वहीं बड़ी घटना को अंजाम दे सकती हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि अपनी व्यवस्था को चाक चौबंद रखें साथ ही सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

ये बातें शुक्रवार की देर शाम हाटा कोतवाली का मासिक मुआइना के बाद सीओ डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार सिंह व पुलिस कर्मियों से कहीं। उन्होंने कहा कि मुआइना में अभिलेख का रख रखाव संतोष जनक पाया गया, लेकिन इसे और बेहतर करने की आवश्यकता है। सीओ ने कोतवाली परिसर में सबसे पहले साफ सफाई, कार्यालय, हवालात, माल खाना, महिला हेल्प डेस्क सहित सभी अभिलेखों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने महिला हेल्पलाइन कार्यालय में पहुंचकर वहां पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को निर्देश दिया कि महिलाओं से संबंधित किसी भी



प्रकार के मामले यदि आ रहे हैं तो उसे गंभीरता से लेते हुए हल कराएं। कोतवाल दीपक कुमार सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि जो मामले लंबित हैं उनका तत्काल निस्तारण कराएं, नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों के बीटो पर पौनी निगाह रखें और अराजकतत्वों के साथ शांति से पेस आवें।

इस दौरान उपनिरीक्षक गजानन पाठक, विजय कुमार सिंह, प्रिती वर्मा, कांस्टेबल मनीष गुप्ता ज्ञान प्रकाश सूर्यवंशी, महिला कांस्टेबल सरिता सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे पर छात्रों ने मनाया जश्न, गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** शहर के इंदिरा बाल विहार इलाके में शनिवार को उस समय अचानक हलचल तेज हो गई, जब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर फैलते ही छात्र नेताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते मौके पर छात्रों की भीड़ जुट गई और माहौल उत्सव में बदल गया।

छात्र नेता सतीश प्रजापति अपने समर्थकों के साथ सड़क पर उतर आए और राहगीरों सहित आसपास मौजूद लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर करने लगे। ढोल-नगाड़ों के बिना ही यहां जश्न का माहौल बन गया था। लोग एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दे रहे थे और इसे छात्रों की जीत बता रहे थे।

सतीश प्रजापति ने मौके पर कहा कि यह दिन छात्रों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं है। उन्होंने कहा, आज हमारे लिए होली और दिवाली दोनों है। हम लंबे समय से शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। यह लोकतंत्र की जीत है और देश के करोड़ों छात्रों के संघर्ष का परिणाम है।उनके इस बयान के बाद वहां मौजूद समर्थकों ने भी खुशी जाहिर की और नारेबाजी की।

हालांकि, जश्न ज्यादा देर तक नहीं चल सका। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की गाड़ियां इंदिरा बाल विहार में पहुंचीं और हालात को देखते हुए हस्तक्षेप किया। पुलिस ने जश्न मना रहे छात्र नेता सतीश प्रजापति को हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हलचल मच गई और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बिना अनुमति सड़क पर इस तरह की गतिविधियों से यातायात और कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है, इसलिए एहतियातन कार्रवाई की गई। वहीं, छात्र नेताओं का आरोप है कि शांतिपूर्ण तरीके से जश्न मनाने के बावजूद पुलिस ने अनावश्यक हस्तक्षेप किया।

घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर तक तनाव जैसी स्थिति बनी रही, हालांकि पुलिस की मौजूदगी में हालात जल्द ही सामान्य हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक हुई इस घटना से इलाके में काफी भीड़ इकट्ठा हो गई थी, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ।

फिलहाल पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है और हिरासत में लिए गए छात्र नेता से पूछताछ की जा रही है।

## सफाई कर्मियों को मिले रेनकोट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बड़हलगंज।** नगर पंचायत बड़हलगंज के विश्वनाथ उमर सभागार में शनिवार को सफाई कर्मियों को रेनकोट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि बरसात के मौसम में भी नगर की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित न हो और सफाई कर्मी सुरक्षित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें, इसी उद्देश्य से नगर पंचायत द्वारा रेनकोट वितरण की पहल की गई है।



विधायक श्री त्रिपाठी ने चेयरमैन डॉ. प्रीति महेश उमर के निर्देश पर किए गए इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से बचें।

कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर सहित सभासद रवि साहनी, वीरेंद्र उर्फ बीरू गुप्ता, राकेश राय, दीपक शर्मा, आचार्य वेदप्रकाश त्रिपाठी, राजीव मिश्रा, अमूल्य चंद चतुर्वेदी, रामदास मद्धेशिया, ऋषि चंद, सुदीप वर्मा, जनसेवा महामंत्री संतोष जायसवाल, बृजेश उमर, सुरेश सोनकर, सत्तू बाबा, अमरनाथ उमर, श्रीराम यादव समेत नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय की एएनएम प्रथम वर्ष की छात्राओं ने शनिवार को सोनबरसा ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय में 'कचरा निस्तारण एवं कुपोषण' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रस्तुति के माध्यम से प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वच्छता, उचित कचरा निस्तारण तथा संतुलित पोषण की जानकारी दी गई। संकाय सदस्य काजल एवं कविता के मार्गदर्शन में एएनएम की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रस्तुति के माध्यम से गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने, विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने, खुले में कचरा न फेंकने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, हरी सब्जियां, दालें, दूध, फल आदि का सेवन करने तथा स्वच्छ पेयजल व नियमित हाथ धोने की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया।



विद्यार्थियों को बताया गया कि कुपोषण से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास प्रभावित होता है तथा उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इसलिए प्रतिदिन पौष्टिक भोजन का सेवन, समय पर भोजन करना, स्वच्छता बनाए रखना तथा अस्वस्थ होने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से परामर्श लेना आवश्यक है।

## डकैती व नकबजनी गिरोह पर लगा गैंगस्टर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** खोराबार थाना क्षेत्र में संगठित अपराधों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डकैती का प्रयास व नकबजनी जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त गिरोह के पांच सदस्यों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है। पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खोराबार द्वारा गैंग लीडर अमन कुमार राव उर्फ मिंटू तथा उसके चार साथियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई। आरोप है कि यह गिरोह मिलकर डकैती का प्रयास, नकबजनी समेत अन्य जघन्य अपराधों को अंजाम देता रहा है, जिससे आमजन में भय और आतंक का माहौल बना हुआ था। पुलिस के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर की अनुमति के बाद गैंग चार्ट तैयार कर गैंग लीडर अमन कुमार राव निवासी भैंसहा बाढ़न थाना खोराबार सहित विजय पासवान (चकदहिया, चौरीचौरा), धीरज चौरसिया (बरहीपार, बेलीपार), रोहित पाल (आराजी बसडीला, खोराबार) तथा आशीष उर्फ आदित्य शूटर (चारपानी धस्की, बेलीपार) के विरुद्ध थाना खोराबार में मुअसं 337/26 के तहत गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार गैंग लीडर सहित सभी आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और विभिन्न थानों में इनके खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर रोक लगाना और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दिशा बेहतर होगी तो दशा भी बेहतर होगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस के अवसर पर गोरखपुर के रामगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा सिकतौर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी सत्यनारायण निषाद के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनश्याम दत्त निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि गोरखपुर निषाद समाज की राजधानी रामगढ़ के नाम से जाना जाता है और यहीं से समाज की पहचान जुड़ी है। उन्होंने फूलन देवी के संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपने ऊपर हुए अत्याचार के खिलाफ अ.ावाज उठाई और समाज को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि यदि समाज सही दिशा में आगे बढ़ेगा तो उसकी दशा भी स्वतः बेहतर होगी।



विशिष्ट अतिथि रघुराई निषाद ने कहा कि फूलन देवी का सम्मान देश ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर किया जाता है। उन्होंने समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि निषाद समाज अब जागरूक हो चुका है और अपने मान-सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने राजनीतिक प्रतिनिधित्व को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर मतदान करने की अपील की।

वक्ताओं ने कहा कि समाज को किसी के पीछे चलने के बजाय खुद नेतृत्व की दिशा तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एकजुटता और संघर्ष से ही समाज को उसका अधिकार और सम्मान मिल सकता है।

कार्यक्रम का संचालन जगदीश निषाद ने किया। इस अवसर पर कमलेश निषाद, केदार निषाद, पूर्व पंचायत सदस्य महेंद्र निषाद, राजू निषाद, बालमुकुंद निषाद, गुंजा निषाद, सूरज निषाद, आल्हा निषाद, हरिगोविंद निषाद, मोहित निषाद, रामभोग निषाद, विनोद निषाद, इंदल निषाद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पाल्मोनास ने खोला स्टोर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** देश के मशहूर डेमी-फाइन ज्वेलरी ब्रांड पाल्मोनास ने शहर के जेपी कॉम्प्लेक्स में अपना पहला स्टोर



खोल दिया है। इस नए स्टोर के खुलते ही अब पूरे भारत में पाल्मोनास के 70 से ज्यादा स्टोर्स हो चुके हैं। कंपनी अब बड़े मेट्रो शहरों से निकलकर छोटे और तेजी से बढ़ते शहरों का रुख कर रही है, और इसी कड़ी में उन्होंने गोरखपुर में अपनी धमाकेदार एंट्री की है। इस मौके पर पाल्मोनास की को-फाउंडर पल्लवी मोहाडिकर ने कहा, ÷यहाँ से हमें लंबे समय से ऑनलाइन बहुत ही शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा था। यह नया स्टोर असल में उसी शहर तक हमारी पहुंच का जरिया है, जिसने सबसे पहले हमें ऑनलाइन अपनाया।

## अंगदान से कई लोगों को मिल सकता है नया जीवन : विजय

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड एलाइड हेल्थ केयर द्वारा आयोजित दीक्षारम्भ कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को 'अंगदान और जीवन रक्षा' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विजय कुमार (प्रशासनिक अधिकारी, डिफेंस अकाउंट्स सर्विस एवं वरिष्ठ अधिकारी, गोरखा रेजिमेंट पेंशन विभाग) रहे।



अपने संबोधन में विजय कुमार ने अंगदान को महादान बताते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के अंगदान से कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अंगदान के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े विद्यार्थियों की जिम्मेदारी केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जन-जागरूकता फैलाना भी उनका महत्वपूर्ण दायित्व है।

## डॉक्टर व साथियों पर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में गगहा थाना क्षेत्र की एक युवती ने डॉक्टर व उसके साथियों पर गंभीर आरोप लगाए। पीड़िता अर्चना निषाद ने बताया कि वह हरनही स्थित एक अस्पताल में कार्यरत है और 20 जुलाई 2026 को अस्पताल के डॉक्टर मुकेश प्रजापति अपने भाई व अन्य साथियों के साथ उसके कमरे पर पहुंचे। पीड़िता के अनुसार, डॉक्टर व उसके साथियों ने जबरन कमरे में घुसकर अभद्रता की और विरोध करने पर मारपीट की। उसने आरोप लगाया कि उसके साथ अश्लील हरकतें की गईं और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद वह बेहोश हो गई और होश आने पर परिजनों ने उसका इलाज कराया। पीड़िता ने बताया कि इस मामले में थाना स्तर पर उसकी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज तो किया गया, लेकिन गंभीर धाराओं के बजाय मामूली धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई को कमजोर किया गया।

## मृतक छात्रों को न्याय दिलाने की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** तहसील परिसर गोला में शनिवार को क्षेत्र के युवाओं ने नीट परीक्षा से संबंधित मृतक छात्रों को न्याय दिलाने, पीड़ित परिवारों को उचित सहायता प्रदान करने तथा जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार गोला सत्येंद्र कुमार मौर्य को सौंपा।



राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में युवाओं ने कहा कि देश के युवा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए कठिन परिश्रम करते हैं। ऐसे में जब परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं या छात्र स्वयं को असुरक्षित एवं असहाय महसूस करते हैं, तो इसका प्रभाव केवल कुछ विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के विश्वास पर पड़ता है।

ज्ञापन में कहा गया कि हाल के घटनाक्रम में नीट परीक्षा से जुड़े मृतक छात्रों की घटनाओं ने पूरे देश को व्यथित किया है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कठोर दंड दिया जाए तथा पीड़ित परिवारों को न्याय के साथ उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

युवाओं ने यह भी मांग की कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से रखने पहुंचे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने का अधिकार प्रदान करता है और छात्रों पर अनावश्यक बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं माना जा सकता।

ज्ञापन सौंपने वालों में विकेश, शुभम शर्मा, नीतीश, अभिनाश कुमार, आदित्य पांडेय, प्रशांत पांडेय, अभय सिंह, सचिन यादव, सत्यप्रकाश यादव, रवि शुक्ल, अमित पांडेय, अंश कुमार, अभिषेक कुमार सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

## सीओ चकबंदी की अध्यक्षता में लगी चौपाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां, गोरखपुर।** विकास खंड सहजनवा के राजस्व गांव जंगल अव्वल में चकबंदी अधिकारी (सी ओ) ललित कुमार के अध्यक्षता में ग्रामीण चकबंदी अदालत का आयोजन किया गया। बतादें कि सरकार की मंशा है कि अदालत जनता के द्वार पर जाकर मौके का निरीक्षण करते हुए अन्नदाता किसानों के समस्याओं का निस्तारण करें। इससे किसानों को बहुत कचहरी का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। मौके पर चकबंदी अधिकारी छोटी छोटी नामों के त्रुटियों और हल्के विवादों को वही पर निस्तारित कर दें। आम जनता सरकार के इस नेक कार्यों की प्रशंसा कर रही थी। अधिकतर यह देखा गया कि नामों तथा हिस्सा कसी की छोटी छोटी त्रुटियां पाई गई जिसका मौके पर ही आपसी सहमति से निस्तारित कर दिया गया। इस कार्यक्रम की सराहना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जमुना यादव, पूर्व प्रधान गिरिजेश मिश्र,राम सूरत मिश्र, मोतीलाल यादव साहित सभी लोगों ने सराहना किया।

## सीएचसी अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बड़हलगंज।** नगर पंचायत बड़हलगंज में डेंगू के बढ़ते खतरे को देखते हुए चिल्लूपार संघर्ष समिति के अध्यक्ष बबलू राय एवं समाजसेवी सूरज कसौधन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़हलगंज के अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि नगर क्षेत्र में डेंगू मच्छरों की रोकथाम के लिए तत्काल फॉगिंग कराई जाए तथा गंदे पानी और जलभराव वाले स्थानों पर नियमित रूप से दवा का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है।



ज्ञापन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग से अनुरोध किया गया कि नगर में व्यापक स्तर पर फॉगिंग और छिड़काव अभियान चलाकर आम जनता को डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## छेड़छाड़ व मारपीट का लगाया आरोप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां, गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के चिरैयाडाड में शाम 5.30 बजे के करीब मनबढ़ों ने रंजिश को लेकर घर में घुस आए और स्वजन को मारते पीटते हुए महिला से छेड़छाड़ करते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। थाना क्षेत्र के चिरैयाडाड निवासी पवित्री पत्नी राम गोविंद के बेटे को शुक्रवार को शाम 5.30 बजे मनबढ़ों ने देखकर गाली गलौज करते हुए मारना पीटना करना शुरू कर दिया था। छोटा बेटा अंश सिंह इसे बचाने पहुंचा तो मनबढ़ उसे भी मारते पीटते हुए घर में घुस आए और महिला से से छेड़छाड़ करते हुए ससुर श्रम सिंह को बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। भाग कर पड़ोसी के घर में गए तो आरोपी उनके भी धर में घुसकर मारपीट करते हुए तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया था। पीड़िता ने 13 आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया।

## समाधान दिवस में सिर्फ १ मामले का हुआ निस्तारण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां, गोरखपुर।** शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर हरपुर बूदहट थाने में अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवा नमन मेहता ने किया। इस दौरान 5 मामले आये थे। सभी मामले राजस्व से संबंधित थे। किसी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। गीडा थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता सीओ गीडा के0एन0 आनंद ने किया। इस दौरान 4 मामले आये थे। 3 राजस्व,1 पुलिस के थे। 1 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। सहजनवा थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता थानेदार संजय कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान ,6 मामले आये थे। सभी मामले राजस्व से संबंधित थे। किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिये राजस्व टीम गठित किया गया है। जब की पुलिस के मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।



इस दौरान अनेक राजस्व कर्मी तथा पुलिस के लोग मौजूद थे।

## छात्रों ने बनाया सोलर वॉकी-टॉकी हेलमेट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सहजनवां।** आईटीएम के बी.टेक. एवं बीसीए अंतिम वर्ष के छात्र सौभाग्य श्रीवास्तव और सार्थक गुप्ता ने मिलकर यह सोलर वॉकी-टॉकी हेलमेट विकसित किया है। यह हेलमेट रेडियो सिग्नल आधारित वीडियो एवं ऑडियो कम्युनिकेशन सिस्टम से लैस है, जिससे सीमा पर तैनात जवान आपस में आसानी से जुड़े रह सकते हैं। साथ ही, किसी जवान के घायल होने या आपातकालीन स्थिति में यह हेलमेट मेडिकल कंट्रोल रूम तक तुरंत सूचना पहुंचाने में भी सहायक हो सकता है।



यह हेलमेट उपयोग में बेहद आरामदायक है। इसमें 6 वोल्ट की मिनी सोलर प्लेट लगाई गई है, जिससे इसकी बैटरी चार्ज होती रहती है। इसके अलावा इसमें 2 इंच का मिनी डिस्प्ले दिया गया है, जिसके माध्यम से वीडियो डेटा का आदान-प्रदान किया जा सकता है। कंट्रोल यूनिट से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी तक हेलमेट में लगे कैमरे की सहायता से आसपास की गतिविधियों पर लाइव निगरानी रखी जा सकती है। इसके साथ ही जवान रेडियो सिग्नल के माध्यम से एक-दूसरे से वीडियो कॉल और ऑडियो कम्युनिकेशन भी कर सकते हैं। हेलमेट का कुल वजन लगभग 800 ग्राम है। इसे तैयार करने में लगभग 20 दिनों का समय लगा तथा इसकी निर्माण लागत करीब 80 हजार रुपये आई।

संस्थान के निदेशक डॉ. एन. के. सिंह ने इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों का यह नवाचार %मेक इन इंडिया% की भावना को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना देश की सेना को समर्पित है और ऐसे अभिनव प्रयास भारत को नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस परियोजना को संस्थान के इनोवेशन सेल की ओर से पेटेंट के लिए भेजा जाएगा।

छात्र सौभाग्य श्रीवास्तव ने बताया कि इस हेलमेट के निर्माण में 6 वोल्ट मिनी सोलर प्लेट, 3.7 वोल्ट बैटरी, एसओएस (स्ङ्खस्) मॉड्यूल, मिनी डिस्प्ले, रेडियो ट्रांसमीटर, रेडियो रिसीवर तथा कैमरा मॉड्यूल का उपयोग किया गया है।

# डीएम ने राजस्व विवादों के निपटारे में लापरवाह लेखपालों को लगाई फटकार



**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** शनिवार को जेठवारा थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस मे जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई।दोनों आलाधिकारियों ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बातें सुनीं और संबंधित राजस्व कर्मी से स्पष्टीकरण भी मांगा। अधिकांश प्रार्थना पत्र राजस्व विवादों से संबंधित रहे,जो लेखपालों की सुनियोजित निष्क्रियता के कारण लंबित है।जिलाधिकारी ने कई लापरवाह लेखपालों को जमकर फटकार लगाया।नगर पंचायत डेरवा के विकरा से लेखपाल मेडिकल लाल वर्मा की लापरवाही के कारण लंबित सबसे अधिक शिकायतें थी,जबकि समाधान दिवस पर अनुपस्थित जेठवारा के लेखपाल की लापरवाही से संबंधित कई शिकायतें मिली।समाधान दिवस पर दिए गए प्रार्थना पत्रों के निष्पक्ष निस्तारण मे लापवाही बरते जाने पर जिलाधिकारी ने कई लेखपालों की जमकर क्लास लगाई और जेठवारा के लेखपाल को कलेक्ट्रेट कार्यालय तलब कर लिया।डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनके निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही कदापि न बरती जाए।थाना समाधान दिवस मे 5 राजस्व विभाग व 2 पुलिस विभाग से शिकायत प्राप्त हुई।इसके बाद डीएम व एसपी ने आगामी श्रावण मास को लेकर नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह अंतर्गत पांडव कालीन पौराणिक भयहरणनाथ धाम का निरीक्षण किया ।

## स्थगन आदेश बेकार,जमीनों पर जबरन कब्जा

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** तहसील कुंडा अंतर्गत परगना रामपुर थाना संग्रामगढ़ के प्रतापपुर चेरगढ़ निवासी बुजुर्ग जगन्नाथ पुत्र रामदीन अपने हिस्से की जमीन पाने के लिए कांकड़ चाल रहा है।गाटा संख्या 34,35 व 36 का 1/2 का हिस्सेदार है लेकिन जबरन कब्जा निर्माण बीते महीनों कर लिया गया जबकि न्यायिक उप जिला मजिस्ट्रेट कुंडा के द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के लिए स्थगन आदेश पारित किया।अपने हिस्से की जमीन पाने के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कुंडा का यहां राजस्व संहिता की धारा 116 का वाद दायर किया है। उक्त भूमि पर स्थगन आदेश पारित होने के बाद भी गंगा एक्सप्रेसवे के करीब बेशकीमती भूमि पर कब्जा कर लिया और अब जबरन बाकी की जमीनों पर धान की रोपाई कर दिया। पीड़ित के मना करने पर आमादा फौजदारी हो जाते है।

# पेपर लीक के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




**स्वतंत्र भारत बहराइच।** प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर शनिवार को छात्रों और युवाओं ने प्रदर्शन किया। इसके बाद उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रभावी कार्रवाई की मांग उठाई।ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं से लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने पेपर लीक के सभी मामलों की उच्चस्तरीय एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की। साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। ज्ञापन में यह भी मांग उठाई गई कि प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी अनियमितताओं से आहत होकर आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को ?1 करोड़ की आर्थिक सहायता दी जाए तथा भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सख्त कानून और मजबूत निगरानी व्यवस्था लागू की जाए। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक संतोष प्रजापति वीरू, उत्कर्ष दीप सिंह, सद्दाम हुसैन, समीर अंसारी, समीर हाशमी, शरीफ राइन, प्रदीप सिंह, प्रदीप कश्यप, सोनू, सचिन सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं युवा मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादें

**स्वतंत्र भारत** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में तहसील जमुनहा अन्तर्गत थाना हरदत्तनगर गिरन्ट में समाधान दिवस/थाना दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में जनता की समस्याओं और शिकायतों को अत्यंत गंभीरतापूर्वक सुना गया। जिलाधिकारी ने प्रार्थना-पत्रों के समयबद्ध और शत-प्रतिशत निवारण हेतु संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। सुनवाई के दौरान आए जमीनी एवं राजस्व संबंधी विवादों को लेकर सम्बन्धित को निर्देशित किया कि पुलिस और राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम तुरंत मौके पर जाएगी। यह टीम दोनों पक्षों की मौजूदगी में निष्पक्ष जांच कर भूमि विवादों का स्थाई निस्तारण सुनिश्चित करेगी। थाना समाधान दिवस के रजिस्टर में दर्ज शिकायतों की निस्तारण जांच आख्या की समीक्षा भी की गयी और लंबित सभी प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने समस्त उप उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामों में चौपाल व गोष्ठियों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं को सुना जाए तथा जिनका निस्तारण तत्काल किया जाए। समाधान दिवस के रजिस्टर में दर्ज शिकायतों की निस्तारण जांच आख्या की समीक्षा भी की गयी और लंबित सभी प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये।पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि पीड़ित या फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। थाना स्तर पर आने वाली हर शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर और पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षा मित्र संघ के प्रभारी जिला अध्यक्ष के इस्तीफे पर जताया अफसोस

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला प्रवक्ता डॉ. अनवारुल रहमान खान ने बलहा ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रभारी जिला अध्यक्ष रिजवान अली के इस्तीफे पर अफसोस जताया है। उन्होंने कहा कि रिजवान अली लंबे समय से शिक्षा मित्रों के हितों के लिए संघर्षरत रहे हैं और उनके इस्तीफे से शिक्षा मित्रों में निराशा है। डॉ. खान ने कहा कि इस्तीफे के कारणों की अभी तक आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने सभी शिक्षा मित्रों से अफवाहों पर ध्यान न देने, संयम बनाए रखने और संगठन की एकता व मजबूती बनाए रखने की अपील की। साथ ही उम्मीद जताई कि जल्द ही स्थिति स्पष्ट होगी और संगठन शिक्षा मित्रों के हितों की लड़ाई पहले की तरह जारी रखेगा।

### तंत्र-मंत्र के नाम पर 15 लाख की ठगी, 3 आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, नानपारा (बहराइच)।** कोतवाली नानपारा पुलिस ने अजय कुमार द्विवेदी हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी पप्पू उर्फ समीर खान ने तंत्र-मंत्र से धनवर्षा कराने का झांसा देकर मृतक से करीब 15 लाख रुपये ठग लिए थे। रुपये वापस मांगने पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अजय की हत्या कर दी और घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया। पुलिस ने पप्पू उर्फ समीर खान, जय सिंह और सकलेन रजा (जनपद श्रावस्ती) को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त बांका बरामद किया है। मामले में बीएनएस की धारा 103(1) व 61(2) के तहत कार्रवाई की गई है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### बाल श्रम उन्मूलन अभियान में 9 बच्चे मुक्त, 7 नियोक्ताओं को नोटिस

**स्वतंत्र भारत, बहराइच।** जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने के उद्देश्य से विकास खंड फखरपुर के बाजार क्षेत्र में संयुक्त जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान में श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस तथा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ने सहभागिता की। निरीक्षण के दौरान दुकानों, होटलों व अन्य प्रतिष्ठानों की जांच में 7 नियोक्ताओं के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणियाँ जारी की गईं, जबकि 9 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर उनके पुनर्वास, आयु सत्यापन और शिक्षा से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई। अधिकारियों ने बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से श्रम कराना कानूनन प्रतिबंधित है तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। साथ ही लोगों से बाल श्रम की सूचना संबंधित विभाग को देने की अपील की गई।

### निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी आवासीय विद्यालय में बच्चों को वितरित किया गया हाउस

**स्वतंत्र भारत,बलरामपुर।** जिले के आश्रम पद्धति विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बेहतर करने के लिए प्रशासन ने एक पहल की है। निजी स्कूलों की तर्ज पर अब इन सभी सरकारी आवासीय विद्यालयों में बच्चों को अलग-अलग हाउस में बांटा गया है। इसके साथ ही पूरे साल के लिए एक ईयर-लॉन्ग एकेडमिक कैलेंडर भी तैयार किया गया है, जिसके आधार पर ही अब सालभर सांस्कृतिक, खेलकूद और शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# भारत-नेपाल सीमा पर 'वारिस पंजाब दे' संगठन का तीसरा सक्रिय सदस्य गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रूपईडीहा पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन 'वारिस पंजाब दे' के एक और सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। शनिवार को पुलिस ने संगठन से जुड़े तीसरे आरोपी जोगा सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी फर्जी दस्तावेज तैयार कर अमेरिकी नागरिक समेत अन्य लोगों को स्थानीय सहयोगियों की मदद से अवैध रूप से भारत में प्रवेश कराने की साजिश में शामिल था। उसके कब्जे से ?31 हजार नकद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि 23 जुलाई को भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त जांच अभियान के दौरान प्रतिबंधित संगठन 'वारिस पंजाब दे' से जुड़े सक्रिय सदस्य विक्रमजीत सिंह, अमेरिकी नागरिक मनवीर सिंह ढिल्लों तथा तीन स्थानीय सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया था। मामले की गहन जांच और पूछताछ के दौरान जोगा सिंह की भूमिका सामने आई। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सीमांत इंटर कॉलेज मोड़, रूपईडीहा के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नारा त्रिभुवन गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मूल रूप से नंदपुर सोनावाल, लुधियाना (पंजाब) का निवासी है और वर्तमान में जनपद पीलीभीत में रह रहा था। पुलिस के अनुसार वर्ष 2023 में पंजाब के चर्चित अजनाला कांड के बाद उसने संगठन प्रमुख अमृतपाल सिंह को फरारी के दौरान शरण दी थी। इसी मामले में उसके विरुद्ध पंजाब में आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा उसने संगठन के सदस्य विक्रमजीत सिंह को नेपाल भेजने में भी सहयोग किया था तथा 23 जुलाई को फर्जी दस्तावेज तैयार कर अमेरिकी नागरिक को बिना वैध वीजा भारत में प्रवेश कराने की योजना में शामिल था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं एवं विदेशी अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एसएसबी ने वाइब्रेंट विलेज रामपुर में लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 42वीं वाहिनी बहराइच द्वारा शनिवार को अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेज रामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ. दीपक प्रजापति कांतिलाल के नेतृत्व में किया गया।चिकित्सा शिविर में रामपुर एवं आसपास के गांवों से पहुंचे ग्रामीणों और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जांच के बाद सभी मरीजों को आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही अभिभावकों से बच्चों का समय पर टीकाकरण कराने, साफ-सफाई अपनाने तथा बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की गई। एसएसबी के अनुसार शिविर में कुल 186 लोगों का उपचार किया गया, जिनमें 83 पुरुष, 71 महिलाएं और 32 बच्चे शामिल रहे। सभी लाभार्थियों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। ग्रामीणों ने एसएसबी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार के चिकित्सा शिविर लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। एसएसबी द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## कांवड़ यात्रा को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**स्वतंत्र भारत संवाद मानिकपुर प्रतापगढ़।**मानिकपुर थाना परिसर मे आगामी श्रावण मास में कांवड़ यात्रा व चेहल्लुम को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए एसडीएम अजय कुमार यादव व सीओ शिव नारायण बैश ने पीस कमेटी की बैठक मे धर्मगुरुओं संभ्रांत नागरिकों आदि को सहयोग व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील किया।तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेम नाथ दीक्षित ने बताया कि 3 अगस्त से कांवड़ यात्रा शुरू होगी और दूरदराज से श्रद्धालु गंगाजी से जल भरकर घुईसरनाथ धाम मे जलाभिषेक करते है। घाटों पर साफ सफाई व समुचित प्रकाश व्यवस्था की मांग उठाई।एसडीएम ने नगर पंचायत मानिकपुर के ईओ को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।इस दौरान एसएचओ पंकज राय मा ज्वालामुखी मंदिर पुजारी गंगा प्रसाद शुक्ला,गुड्डू,बाबी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## आत्महत्या करने को मजबूर करने वाली पत्नी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।**लालगंज कोतवाली के दुर्गा का पुरवा मजरा अगई निवासी बबलू वर्मा पुत्र संतलाल वर्मा ने घरेलू कलह से तंग आकर एक सुसाइड नोट लिखकर 10 जून को जीवन लीला समाप्त करने की नियत से विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया।बबलू वर्मा की तबीयत खराब होने पर परिजन सीएचसी सालोन रायबरेली ले गए जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया,जहां बबलू वर्मा की ईलाज दौरान 11 जून को मौत हो गई।मृतक के लिखे सुसाइड नोट मे पत्नी व ससुराल पक्ष के एक अन्य व्यक्ति को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।मृतक की माता की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर लिया।पुलिस मृतक की पत्नी रीता देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## चारपाई पर चढ़कर सर्प ने अबोध बालक को डसा,मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।**आसपुर देवसरा थाना के तीबीपुर निवासी दिनेश पाल का तीन वर्षीय अबोध बालक कार्तिक पाल शुक्रवार की रात चारपाई पर मां के बगल में सो रहा था।झाड़ियों से निकलकर कोबरा सांप चारपाई पर चढ़कर मासूम को डस लिया।परिजन मासूम को जिला अस्पताल ले जा रहे थे,कि रास्ते मे उसने दम तोड़ दिया।कार्तिक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।दिनेश पाल के दो बेटे और दो बेटियां थी,जिनमें से कार्तिक अब इस दुनिया में नहीं रहा।घटना के बाद ग्रामीणों ने घर में ही मौजूद कोबरा सांप को लाठी-डंडों से मार डाला।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 67 जोड़ों का विवाह संपन्न



**स्वतंत्र भारत बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सदर तहसील स्थित माया होटल में गरिमामयी पूर्वक आयोजन किया गया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के सम्मानजनक विवाह को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह में कुल 67 जोडों का विवाह एवं निकाह संपन्न कराया गया। समारोह में 44 जोडों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार एवं हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ, जबकि 23 जोडों का निकाह मुस्लिम परंपराओं के अनुरूप कराया गया। पूरे आयोजन में सामाजिक समरसता, सौहार्द एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। नवदंपतियों एवं उनके परिजनों के चेहरों पर नए जीवन की शुरुआत की खुशी स्पष्ट झलक रही थी। कार्यक्रम में विधायक सदर पलटूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती शुक्ला, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला विकास अधिकारी कमलेश सोनी, खंड विकास अधिकारी हरैया सतघरवा, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. राहुल गुप्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्या सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा नवदंपतियों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन, पेयजल, बैठने एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। विवाह एवं निकाह की सभी रस्में गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुईं। आयोजन के दौरान सामाजिक समरसता और उत्सव का अद्भुत वातावरण बना रहा।

# मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को तोड़ने के विरोध में अधिवक्ताओं ने चलाया हस्ताक्षर

**स्वतंत्र भारतउतरौला/बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर में स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को ध्वस्त किए जाने के विरोध में शनिवार को अधिवक्ता सभा,उतरौला के तत्वावधान में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया,अभियान के माध्यम से लोगों को भी जागरूक करते हुए विश्वविद्यालय को बचाने की अपील की गई। हस्ताक्षर अभियान में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ- चढकर हिस्सा लेकर अपना समर्थन भी जताया। अभियान की शुरुआत अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह 'आशू' एवं तहसील अध्यक्ष लालू यादव ने की। इस दौरान सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम वर्मा ने कहा कि यूनिवर्सिटी एक विद्या का मन्दिर है जहां पर लाखों छात्र छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाकर देश की तरक्की में योगदान कर रहे हैं ऐसे संस्थान को यदि इस प्रकार से गिरा दिया गया तो इसका भविष्य अंधकारमय हो जायेगा जो कि उचित नहीं है। वहीं पर जिला पंचयत सदस्य रामदयाल यादव ने कहा कि शिक्षा के मन्दिर को तोडना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार की कार्यवाही को दमनकारी एवं प्रतिशोध की भावना से प्रेरित बताते हुए इसका विरोध किया। सपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर एहसान खान ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को ध्वस्त करने के बजाय अन्य वैकल्पिक समाधान पर विचार करना चाहिए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी एजाज मलिक ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस आन्दोलन में बढ- चढकर हिस्सा लेने और विश्वविद्यालय को बचाने के लिए एकजुट रहने की जरूरत है। इस मौके पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रहलाद यादव, समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम वर्मा मोहम्मद हनीफ खां, महेश यादव, इजहारुल हसन एडवोकेट, बहलोल आरिफ नियाजी खां, मोहम्मद उमर खां, मार्कण्डेय मिश्रा धर्मराज यादव एडवो केट,इरफान खां एडवोकेट, शमीम खान एडवोकेट मोहम्मद अबरार, मोहम्मद इस्माइल सुरेश यादव झिनकन यादव,सपा के विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के अलावा सपा के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घरेलू कलह ने ली एक विवाहिता की जान,जांच मे जुटी पुलिस

**स्वतंत्र भारत उतरौला/बलरामपुर।** आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के मोहल्ला आर्यनगर में शुक्रवार की रात्रि में घरेलू कलह के चलते एक महिला ने फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से मृतका के हाथ में लिखा सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार मोहल्ला आर्य नगर के निवासिनी रजनीसोनी ने शुक्रवार की रात्रि लगभग 8 बजे अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर छत के पंखे से लटक गईं। घटना के समय पति राज कुमार दुकान पर ही थे। घर में वृद्ध सास और दो छोटे बच्चे भी मौजूद रहे। काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर परिजनों को अनहोनी का शक हुआ। दरवाजा तोड कर देखा तो रजनी फंदे से लटकी हुई थीं। इसके बाद आस पास रहने वालों की भीड जुट गई।

## चार माह की तकरार के बाद ईओ अतुल ने संभाली नगर की कमान

**स्वतंत्र भारत संवाद मानिकपुर प्रतापगढ़।**आदर्श नगर पंचायत मानिकपुर के ईओ अतुल सिंह रघुवंशी व नगर अध्यक्ष की आपसी तकरार मे विकास कार्य ठप हो गए।दोनों के तकरार मे कर्मचारियों का वेतन रुक गया जो बीते माह आंदोलन उपरांत भुगतान किया गया।शनिवार को ईओ अतुल सिंह रघुवंशी नगर निकाय निदेशालय के आदेश के साथ कार्यालय पहुंचे,जहां सर्वप्रथम परिसर मे विराजमान पंचमुखी हनुमान जी का आशीर्वाद लिया।ईओ को बड़े बाबू राकेश कुमार सोनकर व अन्य कर्मियों ने नगर की मौजूदा व्यवस्था से रूबरू कराया।ईओ ने सबसे पहले 3 अगस्त को कांवड़ यात्रा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।बता दें कि चार माह पहले ईओ अतुल सिंह रघुवंशी की ड्यूटी जनगणना मे लगी थी,उस दौरान स्थानांतरण होना तर्कसंगत नहीं था उसके बाद भी इनका स्थानांतरण हो गया,जिस पर ईओ ने उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश पारित करवा लिया,उसके बाद भी मानिकपुर नगर का कुछ लोगों ने ईओ मानने से इनकार कर दिया था।

## चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।**उदयपुर थाना के कंधई पांडेय का पुरवा निवासी विजय पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 मई की रात अज्ञात चोरों ने सावित्री शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज बड़ाहुआ से इनवर्टर बैटरी आदि चोरी कर लिया।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दिया।एसआई घनश्याम ने मुखबिर की सूचना पर परानीपुर मोड़ से राजकुमार कोरी उर्फ नत्थू पुत्र हीरी लाल व कुलदीप सिंह पुत्र तेजभान सिंह निवासीगण रॉकी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी की एक बैटरी,तसला,एक टीन चद्दर,10 चिमनी पाईप बरामद कर मुकदमा उपरोक्त मे सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया।



# छात्रों- युवाओं के संघर्ष और उम्मीद की जीत की बधाई : डॉ कमल उसरी

## केंद्रीय शिक्षा धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा संविधान और लोकतंत्र की जीत है- नागरिक समाज

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** शनिवार को इलाहाबाद में जंतर मंतर पर जारी आंदोलन के समर्थन में छात्रों युवाओं द्वारा पेपर लीक एवं बेरोजगारी के खिलाफ जारी शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक धरने में नागरिक समाज, इलाहाबाद की तरफ से भागीदारी करते हुए डॉ कमल उसरी ने कहा कि आज का धरना ऐतिहासिक रहा, महाकुंभ के बाद प्रयागराज में इतना बड़ा जन सैलाब देखने को मिला है, आज एक और खास बात यह रही कि जहां सिविल लाइंस, पत्थर गिरजाघर, धरना स्थल पर हजारों हजार छात्रों युवाओं की भीड़ रही वही इलाहाबाद विश्विद्यालय के आसपास की सड़कों पर भी छात्रों युवाओं की अपार भीड़



देखने को मिली।

इलाहाबाद नागरिक समाज लगातार छात्रों युवाओं के इस लोकतांत्रिक आंदोलन का समर्थन करते हुए 13 जुलाई 2026 को नेहरू प्रतिमा, बालसन चौराहा, 20 जुलाई 2026 को चंद्रशेखर पार्क से सिविल लाइंस, सुभाष चौराहा तक बरसात में भीगते हुए ऐतिहासिक नागरिक मार्च किया तो 23 जुलाई 2026 को शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत स्थल पर उनकी जयंती पर कार्यक्रम और आज भी धरने समर्थन करते हुए शामिल रहा है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों -युवाओं के संघर्ष और उम्मीद की जीत है सभी छात्रों युवाओं को इलाहाबाद नागरिक समाज की तरफ से बधाई, साथ ही केंद्र सरकार का छात्रों युवाओं के संघर्ष के सामने झुकते हुए संवैधानिक संघर्ष और लोकतंत्र का सम्मान करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेना संविधान और लोकतंत्र की जीत है, देर में ही सही लेकिन केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह एक सही फैसला है।

सभी छात्रों-युवाओं के संघर्ष और संविधान लोकतंत्र की जीत की बधाई, केंद्र सरकार जंतर मंतर पर 20 जुलाई 2026 को संसद मार्च के दौरान आँसू गैस और लाठीचार्ज से घायल छात्रों युवाओं समुचित इलाज कराते हुए उन दर्ज मुकदमे तत्काल वापस ले दोषी पुलिस अधिकारियों को दंडित करें, नीट पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को मुआवजा दे, इलाहाबाद के सभ्य नागरिको भी धन्यवाद जिन्होंने आंदोलन को शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से चलाने में सहयोग किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र, नैनी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र, नैनी में शनिवार को कारगिल विजय दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के वीर शहीदों के अद्वितीय साहस, त्याग और बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती, परमब्रह्म एवं भारत माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्पण एवं वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत बहन श्रद्धा पांडे, बहन नियति पटेल, बहन साक्षी उपाध्याय तथा शिक्षक अगम पाठक ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के





शौर्य, पराक्रम और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने शिक्षिका रत्ना कुशवाहा के निर्देशन में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया और उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अजय कुमार मिश्र ने अपने आशीर्वचन में कारगिल के अमर वीरों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। अंत में 'भारत माता की जय' एवं 'वंदे मातरम' के गगनभेदी जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मर्सिडीज बेंज ने वाराणसी में प्राइम स्टार के तहत अत्याधुनिक लग्जरी सर्विस फैसिलिटी लॉन्च किया

**वाराणसी।** भारत की सबसे पसंदीदा लग्जरी कार निर्माता मर्सिडीज-बेंज ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी में अपनी नई अत्याधुनिक 2एस लग्जरी सर्विस फैसिलिटी का उद्घाटन किया। प्राइम स्टार द्वारा संचालित यह लग्जरी सर्विस सेंटर शहर में मर्सिडीज-बेंज की पहली मौजूदगी है और इसके साथ ही ब्रांड ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है। मर्सिडीज-बेंज ने वाराणसी में नई मर्सिडीज- एएमजी ई 53 हाइब्रिड 4 मैटिक + भी लॉन्च की, जो ब्रांड की पहली इलेक्ट्रिफाइड एएमजी ई-क्लास मॉडल है। इसमें 3.0-लीटर इन-लाइन सिक्स-सिलेंडर इंजन के साथ इलेक्ट्रिक मोटर दी गई है, जो मिलकर 430 किलोवॉट (585 हॉर्सपावर) की संयुक्त पावर पैदा करते हैं।

# अवैध स्लॉटर हाउस पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मुठभेड़ के बाद आठ आरोपी गिरफ्तार

**355 किलो गोवंश मांस, हथियार व गौकशी के उपकरण बरामद**

**बजरंग दल - विश्व हिन्दू परिषद ने किया विरोध प्रदर्शन**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी, प्रयागराज।** नैनी थाना पुलिस एवं एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम ने शुक्रवार देर रात नैनी क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी में संचालित एक अवैध स्लॉटर हाउस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में गोवंश का मांस, अवैध हथियार तथा गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार काशीराम कॉलोनी के एक खंडहरनुमा कमरे में अवैध रूप से गौकशी की जा रही थी। सूचना मिलने पर नैनी पुलिस एवं एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम ने देर रात छापेमारी की। पुलिस को देखकर एक आरोपी भागने लगा और इसी दौरान उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी मो. आमिर पुत्र मो. अंसार, निवासी उत्तरी लोकपुर करबला, थाना नैनी, के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

पुलिस ने उसके कब्जे से एक 12 बोर तमंचा, एक खोखा कारतूस तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। मौके से गौकशी में प्रयुक्त धारदार हथियार, अन्य उपकरण तथा लगभग 355 किलोग्राम गोवंश का मांस भी बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों में फैजल, आकाश, विकास, बल्लू, राविंद कुमार, असरफ, आंशू तथा सुफियान शामिल हैं। पुलिस के अनुसार अधिकांश आरोपी काशीराम कॉलोनी के आसपास रहकर इस अवैध गतिविधि में संलिप्त



थे। कार्रवाई के दौरान तीन अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला। सूचना मिलते ही बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता देर रात मौके पर पहुंच गए और पुलिस कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे। शनिवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नैनी थाने पहुंचे और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की। इस दौरान प्रांत गौ रक्षा मंत्री लालमणि तिवारी, प्रांत युवा प्रमुख (गौ रक्षा) स्वामी अमित, प्रांत सह गौ रक्षा प्रमुख लवलेश बजरंगी, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नरसिंह मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं नामित पार्षद दिलीप केसरवानी, महामंत्री ओमप्रकाश मिश्रा, दिनेश पटेल, विश्व हिंदू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गुरुप्रकाश राव 'बुलबुल', योगेश सिंह, श्याम मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, अवैध स्लॉटर हाउस पर स्थायी रोक तथा गौकशी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर एवं अन्य कठोर कानूनी धाराओं में कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नित्या वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**प्रयागराज ब्यूरो।** नित्या वेलफेयर ट्रस्ट, प्रयागराज द्वारा बख्शीबांध, छोटा बघाड़ा के निकट एक व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं संस्थापक एडवोकेट संजय सिंह ने किया। इस अवसर



पर लगभग 15-20 सामाजिक कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अनेक पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण का निर्माण तथा बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति जनजागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में सुशील यादव एवं उनकी समस्त टीम, ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह, आदित्य रस्तोगी, सुमित सक्सेना, चंद्रजीत यादव, डॉ. नीतू मौर्य, संगीता देवी, सिया कश्यप, डॉ. अजय कुमार मौर्य सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह ने कहा कि "वृक्ष ही जीवन का आधार हैं। यदि हम आज अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकेंगे।" नित्या वेलफेयर ट्रस्ट ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसकी देखभाल का दायित्व भी निभाएं।

## "शहीदों को भूलने की सजा भुगत रहा देश, अब जागो भारत" - जंतर-मंतर आंदोलन के बीच डॉ. नीरज का भावुक संदेश

**प्रयागराज।** जंतर-मंतर पर युवाओं के आंदोलन के बाद केंद्र सरकार के झुकने की चचाओं के बीच प्रयागराज से "दूसरी आजादी आंदोलन" का नेतृत्व कर रहे डॉ. नीरज ने देशवासियों के नाम एक भावुक और तीखा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि भारत का मतदाता शहीदों के बलिदान को याद रखते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर मतदान करेगा, तभी देश वास्तविक विकास और मजबूत लोकतंत्र की दिशा में आगे बढ़ सकेगा। डॉ. नीरज ने कहा कि आज देश के सामने जो हालात हैं, वे केवल सरकारों की नहीं बल्कि समाज और मतदाताओं की भी सामूहिक जिम्मेदारी हैं। उन्होंने लोगों से



जाति, पंथ, धर्म और नफरत की राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा, "जब तक इस देश का मतदाता देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों के बलिदान को याद कर अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करेगा, तब तक भारत विकास की बुलंदियों तक नहीं पहुंच सकता।" डॉ. नीरज ने आगे कहा कि जंतर-मंतर पर युवाओं के आंदोलन की तस्वीरें देश को आत्ममंथन करने का संदेश देती हैं। उनके अनुसार यह समय केवल विरोध का नहीं, बल्कि यह स्वीकार करने का भी है कि समाज और पूर्व की पीढ़ियों से हुई कुछ गलतियों का परिणाम आज की पीढ़ी भुगत रही है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे जातिवाद, धर्म के नाम पर नफरत और राजनीतिक विभाजन से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करें तथा शहीदों के सपनों के भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष अनिल यादव को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट, कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को पूर्व सांसद एवं वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि मनाने के लिए पार्टी के जिला कार्यालय, जॉर्जटाउन जाने की तैयारी कर रहे समाजवादी पार्टी गंगापार के जिलाध्यक्ष अनिल यादव को पुलिस ने उनके शांतिपुरम स्थित आवास से बाहर निकलने से रोक दिया। पुलिस बल ने उन्हें यह कहते हुए घर से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी कि शनिवार को उन्हें हाउस अरेस्ट रखा गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव दूधनाथ पटेल सहित बड़ी संख्या में



पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अनिल यादव के आवास पर पहुंचे और उनसे मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन की कड़ी निंदा की।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव दूधनाथ पटेल, शांति प्रकाश पटेल, जीतलाल पासी, संगम लाल मौर्य, राम अवध पाल, कुलदीप यादव, जयकरन पटेल, रंग बहादुर पटेल, विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) डॉ. मान सिंह यादव, राम सुमेर पाल, सुशील यादव सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समाजवादी नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने से रोकना उचित नहीं है। उन्होंने इस कार्रवाई को तानाशाहीपूर्ण बताते हुए सरकार और पुलिस प्रशासन के रवैये की आलोचना की।

## तहसीलदार कोरांव की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने किया नारेबाजी

*तहसीलदार के स्थानांतरण तक चलेगी हड़ताल : पूर्व अध्यक्ष लल्लन तिवारी*

*शनिवार को भी लगा तहसीलदार वापस जाओ का नारा*

**कोरांव स्वतंत्र भारत।** कोरांव तहसीलदार रोशनी सोलंकी की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने आज भारी संख्या में एकत्र होकर जमकर नारेबाजी करते हुए स्थानांतरण की मांग की। कयी दिनों से अधिवक्ताओं को अपमानित करने व फाइल के निस्तारण में लम्बी वसूली की मांग आम बात बन गई थी। वहीं आज पूर्व अध्यक्ष लल्लन तिवारी के साथ भारी



तादाद में तहसीलदार वापस जाओ के नारे लगाए गए। तथा न्यायालय ने ताला जड़ दिया गया। इतना ही अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि इनका स्थानांतरण नहीं किया गया तो सोमवार तक नहीं हुआ तो उनके विरुद्ध दरी बिछाकर लगातार न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। वहीं दूसरी ओर पूर्व अध्यक्ष लल्लन तिवारी ने आज फिर तहसीलदार वापस जाओ के नारे को बुलन्द करते हुए स्पष्ट किया कि जब तक तहसीलदार कोरांव का स्थानांतरण नहीं हो जाता तब तक आन्दोलन जारी रहेगा। इस अवसर लल्लन तिवारी के अलावा अधिवक्ता बन्धु उपस्थित रहे।

# अर्पण संगठन की प्रदेश एवं मण्डल कार्यकारिणी घोषित

**दिनेश जायसवाल को प्रदेश सह-संयोजक और व्योमेश मिश्र को प्रयागराज मण्डल संयोजक का मिला दायित्व**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) के शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं संगठनात्मक हितों के संरक्षण तथा नई शिक्षण पद्धतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से गठित अर्पण संगठन की बैठक दहिलामऊ, प्रतापगढ़ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य नटवरलाल द्विवेदी ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से संगठन की प्रारम्भिक प्रदेश एवं मण्डल कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें कौशाम्बी जनपद के एआरपी दिनेश जायसवाल को प्रदेश सह-संयोजक के महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किया गया है। दिनेश जायसवाल की नियुक्ति से जनपद के शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। इसी क्रम में व्योमेश मिश्र को प्रयागराज मण्डल संयोजक का प्रभार सौंपा गया है। प्रयागराज मण्डल व्योमेश मिश्र के अन्तर्गत आने वाले सभी जनपदों प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ में संगठन के



विस्तार, सदस्यता अभियान तथा जिला इकाइयों के गठन का कार्य देखेंगे।

नवनियुक्त प्रदेश संयोजक अवनीश कुमार ने कहा कि अर्पण का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार नहीं, बल्कि एआरपी की शैक्षणिक भूमिका को अधिक प्रभावी बनाना, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण को सुदृढ़ करना तथा एआरपी के सम्मान, अधिकारों और व्यावसायिक हितों की रक्षा करना है। बैठक के अन्त में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शिक्षा की गुणवत्ता व संवर्धन का संकल्प लिया।

# महर्षि विद्या मंदिर नैनी में गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ पदग्रहण समारोह

**स्वतंत्र भारत नैनी, प्रयागराज।** महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दूरवाणी नगर, नैनी में शनिवार को नवगठित छात्र परिषद के पदग्रहण समारोह का भव्य आयोजन महर्षि विमर्श केंद्र में किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अरविंद सिंह का विद्यालय की स्वागत समिति द्वारा भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक, श्रीफल एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रधानाचार्या श्रीमती गीता अरोरा तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर




अतिथियों का अभिनंदन किया।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्या श्रीमती गीता अरोरा ने विद्यालय की नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने परेड में भाग लिया तथा अपने-अपने दायित्वों का शपथ ग्रहण किया। प्रधान बालिका रक्षा द्विवेदी एवं प्रधान बालक उज्ज्वल गिरि ने छात्र परिषद का नेतृत्व करने की शपथ लेते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। परिषद के अन्य सदस्यों ने भी क्रमवार शपथ ग्रहण की।

प्रधान बालक एवं प्रधान बालिका ने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यालय की गरिमा बनाए रखने तथा विद्यार्थियों के हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया। छात्र परिषद द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने इसकी सराहना की।

मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अरविंद सिंह ने अपने संबोधन में छात्र परिषद के सदस्यों के साहस, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए उन्हें करुणा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्या श्रीमती गीता अरोरा ने नवनिर्वाचित प्रधान बालक, प्रधान बालिका एवं छात्र परिषद के सभी सदस्यों से विद्यालय के मूल्यों, अनुशासन, विनम्रता, दृढ़ता और ईमानदारी को अपने आचरण में उतारते हुए जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर छात्राओं ने मधुर समूह गीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कुल 41 सदस्यीय छात्र परिषद का गठन किया गया। उपस्थित अभिभावकों ने समारोह की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# हनुमत निकेतन सिविल लाइंस के कर्मचारियों को 6 साल से नहीं मिला वेतन

**नए रिसीवर से सभी खुश लेकिन उन्हें भी हटाने की चल रही साजिश**

**उच्च न्यायालय के निदेशों का नहीं हो रहा पालन**

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस में स्थित श्री हनुमत निकेतन जिसे लोग हनुमान मंदिर के नाम जानते हैं वह लगातार विवादों से घिरता जा रहा है। यहां के लगभग तीन दर्जन से अधिक कर्मचारियों को 6 साल से वेतन नहीं दिया जा रहा है जिससे वह भूखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं तो दूसरी ओर यहां कोषाध्यक्ष रहे एक पर अनियमित किए जाने का आरोप लगा है और यहां के कुछ कर्मचारी उनके खिलाफ उच्च न्यायालय भी गए हैं जिस पर उनसे अपना पक्ष रखने के लिए निर्देशित किया गया है । लेकिन अब तक वह न्यायालय के आदेश का पालन नहीं कर सके। बताया जाता है कि कई साल पहले यहां कोषाध्यक्ष रहे पूर्व जज राजेश अग्रवाल ने एक ट्रस्टी दिनकर मिश्रा को को दान में आए पैसे का हेरा फेरी करते हुए पकड़ा था और आज वही उनका सबसे चहेता बना हुआ है। आरोप है कि है कि पूर्व जज ने यहां से तिजोरी के साथ सोने चांदी के आभूषण कंप्यूटर और मंदिर में लगे समस्त कैमरा और समस्त दस्तावेज और कुछ नगदी कई अन्य सामान अपने साथ ले गए हैं उसी को लेकर यहां के लोग पहले जनपद न्यायालय गए



जहां से उनका मामला खारिज कर दिया गया उसके बाद वह उच्च न्यायालय गए जहां न्यायालय ने पीड़ित पद को सुना और दूसरे पक्ष को नोटिस जारी किया और उन्हें अपना पक्ष रखने का समय दिया लेकिन समय बीत जाने के बाद भी अब तक वह अपना जवाब दाखिल नहीं कर सके दूसरी ओर यहां के लोगों को परेशान करने के लिये तरह-तरह हथकंडे अपना रहे। बताया गया कि यहां पर जिसे चोरी में पकड़ा गया था जिसे लोग दिनकर मिश्रा के नाम से जानते हैं एसके दुबे जो अपने जीजा दिनकर मिश्रा को दिनकर मिश्रा बचाने के लिए तरह-तरह से हथकंडे अपना कर यहां काम कर रहे लोगों को परेशान कर रहा है। यहां रह रहे लोगों कहना था कि यहां पर रिसीवर एडीएम सिविल सप्लाई को बनाया गया है जिनकी देखरेख में यहां आए चंदे का हिसाब किताब रखा जा रहा है लेकिन उनकी ईमानदारी कुछ लोगों को रास नहीं आ रही है। यही कारण है कि उन्हें हटाने के लिए भी यहां तरह-तरह की साज़िश रची जा रही है। यहां रह रहे लोगों ने प्रशासन के अवसरों से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है जिससे कि मंदिर की अस्तित्व को बचाया जा सके।

# 16 वर्षों से एक ही सीएचसी में जमे डॉक्टर पर उठे गंभीर सवाल, निजी प्रैक्टिस के आरोपों से मचा हड़कंप

**निजी अस्पताल, मेडिकल स्टोर व डायग्नोस्टिक सेंटर संचालन के आरोप, सीएमओ की भूमिका पर भी उठे सवाल**

**स्वतंत्र भारत मेजा, प्रयागराज।** तहसील क्षेत्र के मेजा खास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक डॉक्टर के करीब डेढ़ दशक से अधिक समय से एक ही स्थान पर तैनात रहने को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। विभागीय गाइडलाइन के अनुसार किसी भी सरकारी कर्मचारी की एक स्थान पर तैनाती की समय सीमा निर्धारित होती है, लेकिन यहां इस नियम की अनदेखी लंबे समय से जारी बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों तक एक ही जगह जमे रहने से कुछ कर्मचारी क्षेत्रीय प्रभाव और निजी नेटवर्क खड़ा कर लेते हैं, जिससे व्यवस्था



प्रभावित होती है। सूत्रों के मुताबिक संबंधित डॉक्टर पर सरकारी सेवा के साथ-साथ निजी अस्पताल, मेडिकल स्टोर और डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित करने के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। चर्चा है कि अस्पताल परिसर के आसपास ही निजी लाभ के साधन सक्रिय रूप से संचालित किए जा रहे हैं। आरोप यह भी है कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बाहर से जांच और दवा लेने की सलाह दी जाती है, जबकि उन्हें यह बताया जाता है कि सरकारी सुविधाएं प्रभावी नहीं हैं। मजबूरी में मरीज निजी संस्थानों का रुख करते हैं, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पूरा मामला निष्पक्ष जांच का विषय है। लोगों का आरोप है कि इस तरह की गतिविधियों की जानकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों तक भी है, फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में जनपद स्तर पर होने वाली जांच पर भी लोगों का भरोसा कम नजर आ रहा है और बाहरी एजेंसी से जांच की मांग उठ रही है। मामले को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि इतने लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनाती और गंभीर आरोपों के बावजूद कोई ठोस कदम न उठाया जाना विभागीय व्यवस्था की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि लिखित शिकायत प्राप्त होती है तो नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में इस पूरे प्रकरण को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है और लोग पारदर्शी जांच की मांग कर रहे हैं।

# कार्यकुशल प्रशासन भारत की महत्वपूर्ण आवश्यकता



- हृदयनारायण दीक्षित

प्रशासन तंत्र लोककल्याणकारी कामों का लाभ आमजनों तक ले जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रशासन तंत्र को सक्रिय किया है। प्रधानमंत्री नीति व निर्णयों में तेज रफ्तार गतिशील हैं। वे सारी कार्यसंस्कृति बदल रहे हैं। आखिरकार सभी सुधारों का अंतिम उपकरण प्रशासन तंत्र है। नीतियों और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन प्रशासन तंत्र द्वारा ही होता है। नौकरशाही और प्रशासनिक तंत्र में जड़ता है। जिम्मेदार अधिकारी भी अपने कर्तव्यों के निर्वाहन में जनता से दूरी बनाए रखते हैं। देश में अधिकारी तंत्र और जनप्रतिनिधियों के मध्य अच्छे सम्बंध नहीं हैं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक तंत्र में तनाव रहता है। मारपीट की नौबत तक आ जाती है। आदर्श लोकतंत्र के लिए यह अच्छी स्थिति नहीं है।

सो उत्कृष्ट, निष्ठावान और कार्यकुशल प्रशासन आधुनिक भारत की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। हमारे संविधान तंत्र में सरकारें संसद व विधानमण्डलों के सामने जवाबदेह हैं। जनप्रतिनिधि भी प्रत्येक 5 वर्ष के बाद आम जनता के समक्ष होते हैं। लेकिन प्रशासन तंत्र की कोई जवाबदेही नहीं। प्रशासन तंत्र संवेदनहीन और निष्क्रिय है और सरकारें सक्रिय। भारतीय प्रशासन का इतिहास पुराना है। प्राचीन प्रशासन की प्रशंसा फाहयान ने भी 'शासन प्रबंध सुव्यवस्थित, उदार व सौम्य' बताकर की है। मौर्यकाल (340 ई0पूर्व) में भी सुगठित राष्ट्रनिष्ठ शासन तंत्र था। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में प्रशासन तंत्र का खूबसूरत विवरण है। सिंधुघाटी सभ्यता (2200 ई0पूर्व से 1750 ई0पूर्व तक) के प्रशासन को ह्वीलर व पिगाट जैसे विद्वानों ने भी सुगठित बताया है। उत्तर वैदिक काल व वैदिक काल का प्रशासन समाज के साथ एकताबद्ध और उत्तरदायी था। अंग्रेजी शासकों ने अपने साम्राज्य को मजबूत करने का प्रशासन तंत्र बनाया था। अंग्रेज सरकारों ने भी प्रशासनिक सुधारों के लिए कई आयोग बनाए थे। प्रशासन ही सत्ता चलाने का उपकरण था। वे स्वाभाविक ही प्रशासनिक सुधारों पर सजग थे। लेकिन स्वतंत्र भारत में लम्बे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस ने प्रशासनिक सुधारों पर कोई ठोस काम नहीं किया। प्रशासन परम स्वतंत्र होने की स्थिति का उपभोग करता आया है।

भारतीय संविधान की उद्देशिका व नीति निदेशक तत्व सरकार व प्रशासन तंत्र के मार्गदशज हैं। वे सुस्थापित विधि नहीं बल्कि सरकार व प्रशासन के कामकाज की आत्मा है। प्रशासन तंत्र इन सूत्रों से नहीं जुड़ता। स्वतंत्र भारत (1951) में प्रशासन की कार्यशैली पर एन0डी0 गोरेवाला की रिपोर्ट 'लोक प्रशासन पर प्रतिवेदन' नाम से आई। रिपोर्ट के अनुसार 'कोई भी लोकतंत्र स्पष्ट, कुशल व निष्पक्ष प्रशासन के अभाव में सफल नियोजन नहीं कर सकता।' इस रिपोर्ट में अनेक उपयोगी सुझाव थे लेकिन क्रियान्वयन नहीं हुआ। 1952 में केन्द्र ने प्रशासनिक सुधारों पर विचार करने के लिए पाल एपिलबी की नियुक्ति की। उन्होंने पूरे देश का भ्रमण किया और 'लोक प्रशासन सर्वेक्षण का प्रतिवेदन' प्रस्तुत किया। रिपोर्ट में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव थे। लेकिन जड़ता नहीं टूटी। स्वाधीनता के 19 बरस बाद पहला प्रशासनिक सुधार आयोग (1966) बना। मोरारजी देसाई अध्यक्ष थे, वे मंत्री हो गए। आयोग ने हनुमंतैया की अध्यक्षता में काम बढ़ाया। आयोग का पहला प्रतिवेदन ÷नागरिकों की व्यथा दूर करने की समस्या÷ शीर्षक से 20 अक्टूबर 1966 में आया। प्रशासन बनाम आमजन की व्यथा से पूरा देश पीड़ित है लेकिन इस महत्वपूर्ण बिन्दु की उपेक्षा हुई। आयोग ने केन्द्रीय प्रशासन व राज्य प्रशासन पर अलग-अलग सुझाव दिये। रिपोर्ट में आर्थिक नियोजन को आर्थिक प्रशासन के रूप में पहचानने के भी उल्लेख थे।


प्रशासन का रूप रंग और कार्यव्यवहार जस का तस बना रहा। पहले प्रशासनिक सुधार आयोग की रिपोर्ट (1970) के 35 साल बाद सितम्बर 2005 में वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में दूसरा प्रशासनिक सुधार आयोग बना। मोईली ने 2009 में पद त्यागा। इस आयोग ने भी केन्द्रीय प्रशासन के ढांचे के साथ राज्य प्रशासन पर भी सिफारिशें की। जिला प्रशासन को सक्षम बनाने की भी महत्वपूर्ण संस्तुतियां की। इस रिपोर्ट में आतंकवाद की चुनौती पर भी सुझाव थे। मनरेगा के क्रियान्वयन की भी शल्य परीक्षा थी। समूची रिपोर्ट पर मंत्रियों के समूह को विचार का काम सौंपा गया। आयोग की सिफारिशों के अंत में कहा गया था 'सरकार के दृष्टिकोण में आवंटन आधारित विकास कार्यक्रमों से पात्रता आधारित विकास कार्यक्रमों की ओर अन्तरण हुआ है। सभी क्षेत्रों में विकास पर जोर है। केन्द्रीय बजट बढ़ा है। इस सबके कारण संस्थागत प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन का सुदृढ़ीकरण जरूरी है।' यहां विकास के सभी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक प्रबंधन पर जोर है। लेकिन असली दिक्कत दूसरी है। सभी कार्यक्रमों को अंतिम परिणिति तक पहुंचाने वाले प्रशासन तंत्र की प्रथम वरीयता परिणाम देना नहीं अपितु अपनी सेवा सुरक्षा है।

संविधान विशेषज्ञ मंत्रिपरिषद को अस्थाई और प्रशासन को स्थाई सरकार कहते हैं। यह उचित भी है। सरकार का कार्यकाल पांच वर्ष है और प्रशासन का कार्यकाल सतत् चलता है। लेकिन वास्तविक क्रियान्वयन की शक्ति प्रशासन में निहित है। सरकारें पेयजल की समस्या पर बजट देती हैं। व्यवस्था प्रशासन के हाथ में है। बजट का बड़ा भाग प्रायाः खर्च नहीं हुआ। प्रशासन तंत्र चाहता तो खर्च हो जाता। योजनाएं बनती हैं, क्रियान्वित नहीं होती। योजना की प्राक्कलन राशि बढ़ती जाती है। उत्तरदायित्व किसका? तमाम बैंक अधिकारियों ने बेरोजगारो को टाल दिया।

कई राज्यों में प्रशासन का राजनैतिकरण हुआ है। कुछेक प्रशासनिक अधिकारी सत्तादल के कार्यकर्ता जैसा आचरण करते हैं। आई0ए0एस0 अधिकारियों के एक समागम में एक अधिकारी ने दूसरे से पूछा 'पार्टनर! आपके जिले की जनसंख्या क्या है?' अगले ने कहा 'ओनली ऐट सिर्फ आठ।' पहले ने पूछा 'कुछ समझ में नहीं आया।' अगले ने कहा 'आठ नेता सी0एम0 से मिलते हैं। यही जनसंख्या है। इन्हीं को सेट रखना हमारी प्राथमिकता है।' बेशक यह मजाक है लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं।

केन्द्र की नीति और नीयत की प्रशंसा हो रही है। नीति और नीयत को क्रियान्वित करने वाला मुख्य उपकरण प्रशासन है। प्रशासन को नये आर्थिक सुधारों के क्रियान्वयन का सक्रिय उपकरण बनाना ही होगा। इसी तरह समाज कल्याण से जुड़ी योजनाओं, कृषि, स्वरोजगार व गरीबी से संघर्ष के काम में ढिलाई करने वाले प्रशासन तंत्र की मनोदशा में बदलाव जरूरी है। प्रशासनिक सुधार आयोगों की सिफारिशें उपयोगी हैं। भारत की नई चुनौतियों के बरक्स प्रशासन के सामने भी चुनौतियों का नया स्वरूप आया है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ पञ्चदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे)

शरीर छोड़कर जाते हुए, शरीर में स्थित हुए, विषयों को भोगते हुए अथवा तीनों गुणों से युक्त हुए भी जीवात्मा को विशेष मूढ़ अज्ञानी नहीं जानते।

केवल ज्ञानरूपी नेत्रवाले ही उसे जानते हैं, देखते हैं, ठीक ऐसा ही है। अब वह हि कैसे मिले? आगे देखें-

यतन्तो योगिनश्चैनं पश्यन्त्यात्मन्यवस्थितम्।
यतन्तोऽप्यकृतात्मानो नैनं पश्यन्त्यचेतसः ।।11।।

योगीजन अपने हृदय में चित्त को सब ओर से समेटकर इस आत्मा को बाल करते हुए ही प्रत्यक्ष देखते हैं; किन्तु अकृतार्थ आत्मावाले अर्थात् मलिन अन्तःकरणवाले अज्ञानीजन यत्न करते हुए भी इस आत्मा को नहीं जानते (क्योंकि उनका अन्तःकरण बाह्य प्रवृत्तियों में अभी बिखरा है)। चित्त को सब ओऔर से समेटकर अन्तरात्मा में यत्न करनेवाले भाविकजन ही उसे पाने के योग्य होते हैं। अतः अन्तःकरण से सतत सुमिरन आवश्यक है। अब उन महापुरुषों के स्वरूप में जो विभूतियाँ पायी जाती हैं (जो पीछे बता भी आये हैं), उन पर प्रकाश डालते हैं-

यदादित्यगतं तेजो जगद्भासयतेऽखिलम् । यच्चन्द्रमसि
यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम् ।।12।।

जो तेज सूर्य में स्थित हुआ सम्पूर्ण जगत् को प्रकाशित करता है, जो तेज चन्द्रमा में स्थित है और जो तेज अग्नि में है, इसे तू मेरा ही जान। अब उस महापुरुष की कार्य-प्रणाली बताते हैं-

गामाविश्य च भूतानि धारयाम्यहमोजसा । पुष्णामि चौषधीः
सर्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः ।।13।।

मैं ही पृथ्वी में प्रवेश करके अपनी शक्ति से सब भूतों को धारण करता और चन्द्रमा में रसस्वरूप होकर सम्पूर्ण वनस्पतियों को पुष्ट करता हूँ।

अहं वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रितः । प्राणापानसमायुक्तः
पचाम्यन्नं चतुर्विधम् ।।14।।

मैं ही प्राणियों के शरीर में अग्निरूप से स्थित होकर प्राणऔर अपान से युक्त हुआ चार प्रकार के अन्न को पचाता है। क्रमशः...

# क्या धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े से शिक्षा व्यवस्था सुधरेगी?



- डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत की शिक्षा व्यवस्था आज जिस मोड़ पर खड़ी है, वहाँ समस्या किसी एक व्यक्ति या किसी एक मंत्रालय तक सीमित नहीं है। यह एक बहुस्तरीय संकट है, जिसमें नीतिगत अस्पष्टता, कार्यान्वयन की कमजोरी, संसाधनों की कमी, शिक्षक-प्रशिक्षण की चुनौती, परीक्षा-केंद्रित सोच और सामाजिक-आर्थिक असमानता—एक साथ मौजूद हैं। इसलिए जब यह सवाल उठता है कि क्या केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े से शिक्षा व्यवस्था सुधर जाएगी, तो इसका उत्तर केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि संस्थागत और संरचनात्मक भी होना चाहिए। सच यह है कि केवल मंत्री बदल देने से शिक्षा व्यवस्था अपने-आप नहीं सुधरती; सुधार तब होता है जब नीति, नीयत, निवेश और निष्पादन, चारों एक दिशा में काम करें। भारत में शिक्षा को लंबे समय से 'नीति' से अधिक 'घोषणा' के स्तर पर देखा गया है। हर सरकार शिक्षा सुधार की बात करती है, लेकिन ज़मीन पर परिवर्तन की गति बहुत धीमी रहती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारत की शिक्षा प्रणाली को एक नई दिशा देने का वादा किया था—समग्र शिक्षा, मातृभाषा आधारित प्रारंभिक शिक्षा, कौशल-विकास, बहुविषयी अध्ययन, डिजिटल लर्निंग और शोध-उन्मुख उच्च शिक्षा। कागज़ पर यह नीति अत्यंत महत्त्वाकांक्षी है। परंतु महत्वाकांक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन के बीच अक्सर बहुत बड़ा अंतर रह जाता है। यही वह अंतर है, जहाँ किसी भी शिक्षा मंत्री की असली परीक्षा होती है। धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल को देखें तो यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आगे बढ़ाने, बहुभाषी शिक्षा पर बल देने, कौशल विकास को प्राथमिकता देने, डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन देने और उच्च शिक्षा को अधिक लचीला बनाने की दिशा में कदम उठाए। यह कहना गलत होगा कि उनके कार्यकाल में कुछ नहीं हुआ। बहुत-सी योजनाएँ आगे बढ़ीं, संवाद बढ़ा, और शिक्षा पर राष्ट्रीय बहस तेज़ हुई। लेकिन साथ ही यह भी सच है कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था की मूल समस्याएँ जस की तस बनी रहीं। सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता का अंतर, ग्रामीण-शहरी असमानता, शिक्षकों की कमी, परीक्षा-प्रधान संस्कृति, और कोचिंग-निर्भरता—ये सभी समस्याएँ अब भी गहरी हैं। इसी संदर्भ में यह समझना आवश्यक है कि शिक्षा मंत्री की भूमिका क्या होती है। शिक्षा मंत्री न तो अकेले स्कूलों की गुणवत्ता सुधार सकता है, न ही विश्वविद्यालयों की शोध-क्षमता बढ़ा सकता है, और न ही एक झटके में करोड़ों विद्यार्थियों की सीखने की स्थिति बदल सकता है। उसकी भूमिका मुख्यतः नीति-निर्माण, समन्वय, बजट प्राथमिकता, संस्थागत निगरानी और राज्यों के साथ सहयोग की होती है। यदि ये पाँचों काम बेहतर हों, तो शिक्षा में सुधार की संभावना बढ़ती है। लेकिन यदि केवल चेहरा बदल दिया जाए और नीतिगत ढाँचा वही रहे, तो परिणाम सीमित ही रहेंगे। भारत की शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वह बराबरी का अवसर नहीं दे पाती। एक ओर महानगरों के निजी स्कूल और महंगे संस्थान हैं, जहाँ सुविधाएँ और अवसर अपेक्षाकृत अधिक हैं; दूसरी ओर सरकारी स्कूल और दूरस्थ ग्रामीण इलाके हैं, जहाँ बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षित शिक्षकों और डिजिटल संसाधनों की भारी कमी है। इस असमानता को कोई एक मंत्री, चाहे वह धर्मेंद्र प्रधान हों या कोई और, अकेले समाप्त नहीं कर सकता। इसके लिए लंबे समय तक चलने वाली राज्य-नीति, केंद्र-राज्य समन्वय और सामाजिक निवेश की आवश्यकता होती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि भारत में शिक्षा सुधार का प्रश्न सिर्फ प्रशासनिक नहीं, वैचारिक भी है। दशकों से हमारी शिक्षा प्रणाली परीक्षा पास कराने वाली मशीन के रूप में देखी जाती रही है, न कि सोच विकसित करने वाले माध्यम के रूप में। रटंत शिक्षा ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमता को सीमित किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस प्रवृत्ति को बदलना चाहती है, लेकिन बदलाव केवल दस्तावेज़ों से नहीं आता।

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दह्यमानाः सुतीव्रेण नीचाः परयशोअग्निना।**
**अशक्तास्तत्पदं गन्तुं ततो निन्दां प्रकुर्वते॥**

दूसरों की कीर्तिरूपी अग्नि में तेजी से जलते हुए नीच व्यक्ति जब उस उच्च पद को पाने में असमर्थ रह जाते हैं, तो वे उन यशस्वी व्यक्तियों की निन्दा करने लग जाते हैं।

♦♦♦




## ।। अमृत कलश।।

### नींव का पत्थर

लाल बहादुर शास्त्री हंसमुख स्वभाव के थे। लोग उनकी भाषण देने की कला, निस्वार्थ सेवाभावना जैसे गुणों के कायल थे। लेकिन जब वह लोकसेवा मंडल के सदस्य बने तो संकोची स्वभाव के हो गए थे। वह समाचार-पत्रों में नाम छपवाने, प्रशंसा आदि के इच्छुक नहीं थे। एक दिन उनके मित्र ने पूछा, 'आप समाचार-पत्रों में नाम छपवाने से परहेज क्यों करते हैं?

तब शास्त्रीजी बोले, 'लाला लाजपतराय ने लोकसेवा मंडल के कार्य की सीख देते हुए बताया था कि ताजमहल में दो तरह के पत्थर लगे हैं-एक संगमरमर के, जिनकी प्रशंसा सभी लोग करते हैं। दूसरे वह पत्थर भी हैं जो ताजमहल की नींव में लगे हैं। लेकिन वही ताजमहल का आधार हैं। उनके यह शब्द मुझे आज भी याद हैं, इसीलिए मैं नींव का पत्थर ही बने रहने का इच्छुक हूं।'



## काँव-काँव



✦✦✦

**काकरोचों ने परीक्षा लेने वालों की करा दी बड़ी सफाई...**
प्रधान के शिक्षा मंत्रालय में दूसरे दिन भी कार्रवाई

**कांवड़ यात्रा में सुविधा, सुरक्षा सम्मान का रखें ध्यान : योगी**
भोलेनाथ की कृपा और आदित्यनाथ के आदेश से कुशल मंगल होगी कांवड़ यात्रा

**राम मंदिर में चंपत राय के हस्ताक्षर वाले पुराने आई-कार्ड फिर हुए मान्य**
प्रभु राम ! आप स्वयं ही रक्षा करना

**वांगचुक का अनशन खत्म होने के बाद भी उत्साह बरकरार, धरना जारी**
रमज़ान के रोजे समाप्त होते ही शुरू होता है ईद का उत्साह

**ओवर बिलिंग की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पावर कार्पोरेशन के अफसरों को फटकारा**
जनता को झटका देने वाले अफसरों को मुख्यमंत्री का झटका

**अधिवक्ता करें दबंगई तो विशेष प्रकोष्ठ में कर सकेंगे शिकायत**
काले कोट से उतरेगी दबंगई की काली छाया

**छात्र शक्ति का प्रदर्शन, परिवर्तन चौक से बदलाव की हुंकार**
परिवर्तन के लिए परिवर्तन चौक पहुंचोगे तो सरकार इसका नाम बदल देगी

**आज भिगो सकतीं हैं रिमझिम फुहारें**
फिलहाल तो पसीने से भीगे हैं

✦✦✦

# बेदिल व्यवस्था में आमरण अनशन बेमानी



- निशिकांत ठाकुर

आजादी के बाद विभिन्न जन कल्याण के मुद्दे पर महात्मा गांधी सहित देश के तमाम प्रमुख सामाजिक एवं राजनीति के क्षेत्र की हस्तियों ने आमरण अनशन किए हैं। उनमें कुछ ने तो मुद्दे को जीवित रहते हुए देखा, लेकिन कुछ ने अपनी बातों को मनवाने में शरीर का ही त्याग कर दिया। सबसे पहले आजादी के बाद सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोगों का हृदय परिवर्तन करने हेतु गांधी जी एक अनिश्चित अवधि के लिए उपवास करने का निर्णय लेते हैं। उनके स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती चिंता के बीच शांति के लिए संकल्प लेने के प्रयासों में तेजी लाई जाती है। छह दिन के उपवास के बाद 18 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर गांधी जी उपवास तोड़ देते हैं। मद्रास प्रेसिडेंसी से तेलुगु भाषी लोगों के लिए एक अलग राज्य (आंध्र प्रदेश) बनाने की मांग को लेकर 58 दिनों तक पोटी श्रीरामुलु ने 1952 में आमरण अनशन कि1या था। 58वें दिन इनके निधन के कारण देशभर में व्यापक आंदोलन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप केंद्र सरकार को झुकना पड़ा। चंडीगढ़ को पंजाब का हिस्सा बनाने की मांग को लेकर दर्शन सिंह फेरुमान ने 1969 में 74 दिनों का ऐतिहासिक अनशन किया था अनशन के दौरान ही वर्ष 1969 में उनका निधन हो गया था। 2018 में पर्यावरणविद प्रो. जीडी. अग्रवाल (स्वामी सानंद) ने गंगा नदी की रक्षा और उसे स्वच्छ रखने के लिए 111 दिनों तक अनशन किया था। अनशन के दौरान ही अक्टूबर 2018 में उनका निधन हो गया था। मणिपुर से 'सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम' हटाने की मांग को लेकर इरोम चानु शर्मिला ने 16 वर्षों तक अनशन किया था, जो दुनिया के सबसे लंबे अनशनों में से एक है।

और अब... लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और अन्य मांगों को लेकर 2024 में और बाद में 2026 में भी पर्यावरणविद सोनम वांगचुक ने कई दिनों तक आमरण अनशन किया है, लेकिन 18 जुलाई 2026 को दिल्ली के जंतर मंतर पुलिस द्वारा उन्हें अस्पताल में जबरन भर्ती कराए जाने तक उनके उपवास को 21 दिन हो गए थे। इसके अतिरिक्त जिन्होंने आमरण अनशन के बल पर जनहित के लिए अपनी बातों को सरकार द्वारा मानने के लिए मजबूर किया वे थे जयप्रकाश नारायण, अन्ना हजारे, स्वामी अग्निवेश और मेधा पाटकर। फिलहाल सोनम वांगचुक जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। उनके बारे में बताया जाता है कि वह लद्दाख के प्रसिद्ध इंजीनियर, शैक्षिक सुधारक और पर्यावरण कार्यकर्ता हैं, 'सेकमोल' संस्था के संस्थापक हैं और उनके 'आइस स्तूप' नवाचार ने जल संरक्षण में बड़ी सफलता दिलाई है। उन्हें लोकप्रिय फिल्म '3 इडियट्स' के मुख्य किरदार 'फुंसुख वांगडू' की वास्तविक प्रेरणा माना जाता है।

उनके जीवन की उपलब्धियों को देखें तो मुख्य कार्यों में 1988 में लद्दाख के छात्रों के लिए सेकमोल की स्थापना है। यह संस्थान व्यावहारिक और जीवनोपयोगी शिक्षा देने के लिए जाना जाता है। लद्दाख जैसे ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में पानी की कमी को दूर करने के लिए उन्होंने 'आइस स्तूप' तकनीक विकसित की है, जिसके जरिये सर्दी के मौसम में पानी को जमा कर कृत्रिम ग्लेशियर बनाए जाते हैं। सोनम वांगचुक लद्दाख आंदोलन करके संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य का दर्जा दिलाने जैसे मुद्दों पर सक्रिय रूप से आवाज उठाते रहे हैं। पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आमरण अनशन पर थे, जिसका मुख्य उद्देश्य इसी वर्ष मई माह में हुए नीट पेपर लीक और शिक्षा प्रणाली में कुप्रबंधन के खिलाफ केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग था। वे युवाओं के संगठन 'कॉकरोच जनता पार्टी' के आंदोलन का समर्थन कर रहे थे। हालांकि, लगातार 21 दिनों तक अनशन के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने पर 18 जुलाई को पुलिस ने उन्हें जबरन अस्पताल में भर्ती करा दिया है। इससे पहले 2024 में, वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर भी लंबे समय तक अनशन कर चुके हैं।

घटनाक्रम में बताया जा रहा है कि तीन हफ्ते के अनशन के कारण वांगचुक के सेहत पर गंभीर असर पड़ा है। सफदरजंग अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद उन्होंने अनशन जारी रखा है। उनकी पत्नी गीतांजलि ने मांग की है कि परिवार और पिछले 21 दिनों से उनकी निगरानी कर रहे डॉक्टरों की सहमति के बिना उन्हें मुंह से या नस के जरिये कोई दवा या तरल पदार्थ न दिया जाए। सफदरजंग अस्पताल की ओर से समय समय पर जारी किए जाने वाले हेल्थ बुलेटिन के अनुसार दिल्ली पुलिस सोनम वांगचुक को सुबह 7.40 बजे लेकर अस्पताल पहुंची। वह पूरी तरह होश में थे और सजग थे। वांगचुक के निजी डॉक्टर नितिन दिघे ने दावा किया है कि उन्हें और उनके वकील को वांगचुक को मिलने नहीं दिया जा रहा है और परिवार की ओर से मांग करने पर भी जांच रिपोर्ट अस्पताल द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। पुलिस की इस कार्यवाही को विपक्षी दलों ने तानाशाही करार देते हुए वर्तमान केंद्रीय सरकार पर लोकतंत्र पर और संविधान की मर्यादा को भंग करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के दलों ने कहा है कि वर्तमान सरकार बार बार लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलते हुए संविधान के प्रति अपना अनादर दिखाया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोनम वांगचुक को अनशन स्थल से हटाने की कार्यवाही को गलत ठहराते हुए कहा है कि छात्रों के मुद्दे उठाने वालों को कोई भी ताकत रोक नहीं सकती। नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर लिखा है 'असत्य और हिंसा मोदी सरकार के दो मुख्य सिद्धांत है। वांगचुक को जंतर मंतर से हटाना, जबकि वे अहिंसक भूख हड़ताल पर थे।' कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर कई आरोप लगाते हुए कहते हैं, यह तानाशाही सरकार पर एक काला धब्बा है। वह कहते हैं कि एक सौ ग्यारह दिन तक मां गंगा को बचाने के लिए आमरण अनशन पर बैठे प्रो. जीडी. अग्रवाल हों या महिला पहलवान या दलित किसान या फिर पेपर लीक की बलि चढ़े पच्चीस बच्चे... इस तानाशाह सरकार ने किसी को नहीं छोड़ा। इनकी नजर में कोई भी अगर आवाज उठाता है, तो वह राष्ट विरोधी और परजीवी है। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे कहते हैं कि सरकार सोनम वांगचुक से वार्ता करे।वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि हाईकोर्ट ने वांगचुक के स्वास्थ्य की उचित देखभाल का निर्देश दिया था। शाहनवाज कहते हैं कि स्वास्थ्य की निगरानी के लिए वांगचुक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विपक्ष इसे बेवजह तूल देना चाहता है और उनकी तो मंशा ही यही है कि वांगचुक की तबियत बिगड़े और इस मुद्दे को राजनीतिक तमाशा बनाया जा सके। अब इस तरह के आरोप–प्रत्यारोप तो विपक्ष और सत्तापक्ष द्वारा तो हर मामले में लगाए ही जाते रहे हैं और आगे भी लगाए जाते रहेंगे, लेकिन अब प्रश्न यह है कि कोई सरकार की नीतियों के विरुद्ध जीत सकता है? इस बात का उत्तर कोई मध्यस्थ बनकर कैसे दे सकता है कि किसकी बात सही है, सत्ता की या विपक्ष की। सत्ता समर्थकों का कहना है कि क्या शिक्षामंत्री इस्तीफा दे देने से मामला शांत हो जाएगा और आत्महत्या करने वालों का जीवन लौट आएगा, लेकिन यह भी उसके प्रत्युत्तर में कहा जा रहा है कि यदि जानमाल के नुकसान या छात्रों के जीवन को गर्त में डालने के बाद भी प्रशासकीय जिम्मेदारी का निर्वहन करने वालों को सजा नहीं दी जाएगी, तो फिर उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी क्यों सौंपी गई है? ऐसे में तो उस पद को ही समाप्त कर दिया जाना चाहिए। छात्र , सोनम वांगचुक की जीत तो सरकारी रवैये के कारण संभव नहीं लगती, क्योंकि सरकार के अंदर क्या खिचड़ी पक रही है, इसकी जानकारी बाहर नहीं आती, लेकिन देशभर में यह संदेश तो चला ही गया है कि सरकार के समक्ष उसकी ताकत के सामने किसी की चल नहीं सकती, पर परिणाम देखने के लिए प्रतीक्षा तो करनी ही पड़ेगी। और हां, अब सरकारी खिचड़ी पक गई ; क्योंकि सोनम वांगचुक का अनशन तुड़वा दिया गया है , लेकिन अनशन जारी रहेगा।

# कौन हैं जेन-जी, क्यों मानते है इन्हे बेबाक और डिजिटल पीढ़ी?



नीट परीक्षा लीक मामले में युवाओं का आंदोलन सफल हुआ जब, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दिया। यह आंदोलन दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू हुआ जो कि बिहार और मध्य प्रदेश समेत कई स्थानों तक पहुंचा। इस आंदोलन के सफलता के पीछे सबसे बड़ा योगदान जेन जी का माना जा सकता है। बीते दौर से अब तक कई पीढ़ियां आई, इसमें बेबी बूमर्स, जेनेरेशन एक्स, मिलेनियम्स यानी जेन वाय, जेन जी और अब जेन एल्फा शामिल है। इन्हीं में से जो आज सबसे ज्यादा चर्चा में पीढ़ी है, वो है जेन जी। Gen Z वह पीढ़ी है जिसने बचपन से ही इंटरनेट, स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा माना है। यह पीढ़ी केवल तकनीक का उपयोग ही नहीं करती, बल्कि उसी के जरिए अपनी बात दुनिया तक पहुंचाती है। शिक्षा, करियर, मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरण, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखना इसकी प्रमुख पहचान मानी जाती है। यही कारण है कि दुनिया के कई देशों में युवाओं के आंदोलनों, उपभोक्ता रुझानों और डिजिटल अभियानों में Gen Z की भूमिका तेजी से बढ़ी है। हाल के वर्षों में कई जगहों पर युवाओं के बड़े आंदोलनों ने यह दिखाया है कि सोशल मीडिया के जरिए संगठित होकर यह पीढ़ी सार्वजनिक बहस और नीतियों पर भी प्रभाव डाल सकती है। हालांकि किसी भी आंदोलन के पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण होते हैं, लेकिन उनमें लद्दठु ँ की सक्रिय भागीदारी अक्सर चर्चा का विषय बनती है। आइए जानते हैं कि लद्दठु ँ कौन है, इसकी प्रमुख विशेषताएं क्या हैं और यह पीढ़ी इतनी प्रभावशाली क्यों मानी जाती है।



**अलग-अलग पीढ़ियों का मतलब क्या है-** समाजशास्त्र में लगभग 15-20 वर्षों के अंतराल पर जन्म लेने वाले लोगों को एक जनरेशन माना जाता है। हर पीढ़ी अपने समय की तकनीक, सामाजिक बदलाव और आर्थिक परिस्थितियों से प्रभावित होती है। बेबी बूमर्स (1946-1964)- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जन्मी पीढ़ी। जेनेरेशन एक्स (1965-1980)- पारंपरिक और आधुनिक दौर के बीच की पीढ़ी। मिलेनियल्स/ जेन वाय (1981-1996)- इंटरनेट के शुरुआती दौर के साथ बड़ी हुई पीढ़ी। जेन जी (1997-2012)- डिजिटल युग में जन्मी और पली-बढ़ी पीढ़ी। जेन एल्फा (2013 के बाद)- AI, स्मार्ट डिवाइस और अत्यधिक डिजिटल वातावरण में बड़ी हो रही नई पीढ़ी। ध्यान दें- अलग-अलग संस्थाएं इन वर्षों में थोड़ा अंतर बता सकती हैं, लेकिन 1997-2012 की सीमा व्यापक रूप से उपयोग की जाती है।

**कौन हैं जेन जी? क्या है उनकी सबसे बड़ी पहचान-** Gen Z को अक्सर डिजिटल नेटिव्स कहा जाता है, क्योंकि इस पीढ़ी ने बचपन से इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के साथ जीवन बिताया है।

**इनकी प्रमुख विशेषताएं-** तकनीक का तेजी से इस्तेमाल करना। नई चीजें जल्दी सीखने की क्षमता। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना। मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करना। विविधता और समानता को महत्व देना। ब्रांड से ज्यादा उसके मूल्यों और पारदर्शिता पर ध्यान देना। पारंपरिक नौकरी के साथ स्टार्टअप, फ्रीलांसिंग और कंटेंट क्रिएशन जैसे विकल्पों को अपनाना।

**क्यों अलग है Gen Z की सोच?**

Gen Z के लिए सफलता का मतलब केवल अच्छी नौकरी नहीं है। यह पीढ़ी वर्क-लाइफ बैलेंस, सीखने के अवसर, लचीले काम, सामाजिक प्रभाव और व्यक्तिगत संतुष्टि को भी महत्व देती है। यह पीढ़ी जानकारी जुटाने के लिए टीवी या अखबार की तुलना में सोशल मीडिया, वीडियो प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन स्रोतों का अधिक उपयोग करती है। साथ ही किसी मुद्दे पर अपनी राय सार्वजनिक रूप से रखने और डिजिटल माध्यमों से दूसरों को जोड़ने में भी सक्रिय रहती है।

# रोटी-सब्जी के साथ लंच में जरूर शामिल करें ये चीजें



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में अधिकांश लोग लंच में रोटी और सब्जी खाना पसंद करते हैं। फिटनेस एक्सपर्ट बताते हैं इसी पारंपरिक भोजन की संरचना पर जोर देते हुए कहा है कि अगर आप वास्तव में फिट रहना चाहते हैं, तो सिर्फ रोटी-सब्जी खाना बंद कर दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक स्वस्थ और प्रभावी लंच हमेशा संतुलित होना चाहिए। रोटी और सब्जी मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट और कैलोरी प्रदान करते हैं, लेकिन यह संयोजन शरीर को जरूरी फाइबर और प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा नहीं दे पाता है। प्रोटीन मांसपेशियों की मरम्मत और तृप्ति के लिए महत्वपूर्ण है, जबकि फाइबर पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है और ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। सिद्धार्थ सिंह के अनुसार अपनी प्लेट को सही ढंग से संतुलित करके ही आप स्थिर ऊर्जा बनाए रख सकते हैं और बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। आइए इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं। **प्रोटीन के लिए क्या शामिल करें?-** फिटनेस एक्सपर्ट सिद्धार्थ सिंह के मुताबिक, अपनी थाली में प्रोटीन शामिल करना सबसे जरूरी है। प्रोटीन के लिए आप दही या पनीर को अपने लंच में शामिल कर सकते हैं। दही एक बेहतरीन प्रोबायोटिक भी है जो आंतों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, वहीं पनीर मांसपेशियों के निर्माण के लिए आवश्यक अमीनो एसिड प्रदान करता है। पर्याप्त प्रोटीन आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है। **फाइबर का स्रोत-** रोटी-सब्जी में अक्सर फाइबर की कमी होती है, इसलिए इस कमी को पूरा करने के लिए अपनी थाली में सलाद (जैसे खीरा, टमाटर, मूली, गाजर) को अनिवार्य रूप से शामिल करें। फाइबर पाचन को धीमा करता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल में अचानक उछाल नहीं आता। इसके अलावा सलाद खाने से आप रोटी की मात्रा कम कर पाते हैं, जिससे कैलोरी का सेवन भी संतुलित होता है।

# हाई बीपी की है शिकायत तो नाश्ते में भूल से भी न खाएं ये चीजें

हाई बीपी, या उच्च रक्तचाप, एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो आपके दिल और शरीर के अन्य अंगों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। सही खान-पान आपके रक्तचाप को कंट्रोल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नाश्ता दिन का पहला भोजन होता है, और यह आपके दिन की शुरुआत को प्रभावित कर सकता है। यदि आप हाई बीपी के मरीज हैं, तो नाश्ते में कुछ खास खाद्य पदार्थों को अवॉयड करना आपके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकता है। आइए जानें उन चार चीजों के बारे में जिन्हें नाश्ते में खाने से बचना चाहिए।



**नमकीन स्नैक्स**

नमकीन स्नैक्स, जैसे चिप्स, नमकीन मूँगफली, और भुजिया, में उच्च मात्रा में सोडियम होता है। सोडियम का ज़्यादा सेवन रक्तदाब को बढ़ा सकता है, जो हाई बीपी के मरीजों के लिए हानिकारक हो सकता है। सोडियम युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचना चाहिए और उसके स्थान पर कम नमक वाले स्नैक्स या घर पर बने हल्के स्नैक्स का चुनाव करना चाहिए।

**पैक्ड जूस**

पैक्ड जूस अक्सर शुगर और सोडियम से भरपूर होते हैं। इन जूस में नेचुरल फल की जगह फ्लेवर्ड स्वाद और मिठास मिलाई जाती है, जो आपके रक्तदाब को बढ़ा सकती है। ज़्यादा चीनी की मात्रा के कारण, पैक्ड जूस को नाश्ते में शामिल करने से बचना चाहिए। इसके बजाय, ताजे फल या घर पर बने जूस का सेवन करें।

**बेक्ड गुड्स-** बेक्ड गुड्स, जैसे पेस्ट्री, क्रोइसेंट्स, और डोनट्स, में आमतौर पर ट्रांस फैट्स और उच्च मात्रा में चीनी होती है। ये तत्व शरीर में फैट के लेवल को बढ़ाते हैं और रक्तदाब को भी प्रभावित कर सकते हैं। हाई बीपी के मरीजों को इन बेक्ड गुड्स को नाश्ते से हटाना चाहिए और इसके स्थान पर साबुत अनाज या फलों का सेवन करना चाहिए।

**हाई फैट वाले डेयरी प्रोडक्ट्स**

हाई बीपी वाले व्यक्तियों को हाई फैट वाले डेयरी उत्पादों जैसे पूर्ण वसा वाले दूध, मलाई, और चीज़ से बचना चाहिए। इन उत्पादों में उच्च मात्रा में फैट होता है, जो रक्तदाब को बढ़ा सकती है। इसके बजाय, कम वसा वाले डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन करें, जैसे स्किम मिल्क या लो-फैट योगर्ट।

**हाई बीपी के मरीजों के लिए सही नाश्ता**

ताजे फल और सब्जियाँ उच्च फाइबर और पोषक तत्व प्रदान करती हैं और सोडियम में कम होती हैं। ओट्स में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है जो रक्तदाब को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। अखरोट और बीज स्वस्थ वसा और प्रोटीन का अच्छा स्रोत होते हैं, जो आपकी सेहत के लिए लाभकारी होते हैं। उबला हुआ अंडा प्रोटीन का अच्छा स्रोत है और रक्तदाब को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। हाई बीपी के मरीजों को अपने नाश्ते में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। नमकीन स्नैक्स, पैक्ड जूस, बेक्ड गुड्स, और उच्च वसा वाले डेयरी उत्पादों से बचकर, आप अपने हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रख सकते हैं और स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं। हमेशा संतुलित और पोषण से भरपूर भोजन का चुनाव करें ताकि आपके दिन की शुरुआत स्वस्थ और प्रभावी हो सके।

# मौसम बदलते ही बढ़ जाता है घुटनों का दर्द? जानिए राहत पाने के आसान और असरदार उपाय



मौसम में बदलाव का असर केवल सर्दी-जुकाम या एलर्जी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका प्रभाव जोड़ों और घुटनों के दर्द पर भी पड़ सकता है। कई लोग, खासकर बुजुर्ग और गठिया से पीड़ित मरीज, मौसम बदलते ही घुटनों में दर्द, अकड़न और सूजन की शिकायत करने लगते हैं। हालांकि, हर व्यक्ति में इसके कारण अलग-अलग हो सकते हैं। यदि समय रहते सही देखभाल न की जाए तो यह दर्द रोजमर्रा के कामों को भी प्रभावित कर सकता है। अच्छी बात यह है कि कुछ आसान उपाय अपनाकर घुटनों के दर्द को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि बदलते मौसम में घुटनों का दर्द क्यों बढ़ता है और इससे राहत पाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**मौसम बदलने पर घुटनों में दर्द क्यों बढ़ता है?**

तापमान कम होने और हवा में नमी बढ़ने से जोड़ों के आसपास की मांसपेशियां और लिगामेंट्स में अकड़न महसूस हो सकती है। वहीं, गठिया से पीड़ित लोगों में यह बदलाव दर्द और जकड़न को अधिक बढ़ा सकता है। हालांकि वैज्ञानिक शोध इस संबंध में मिश्रित परिणाम बताते हैं, लेकिन कई मरीज मौसम बदलने पर लक्षण बढ़ने की शिकायत करते हैं।

**घुटनों के दर्द से राहत पाने के उपाय- शरीर को गर्म रखें-** ठंड के मौसम में घुटनों को गर्म कपड़ों या नी-कैप से ढककर रखें। इससे जोड़ों में अकड़न कम महसूस हो सकती है। **क्या करें-** जरूरत पड़ने पर हल्की गर्म सिकाई करें।

**नियमित हल्की एक्सरसाइज करें-** दर्द होने पर पूरी तरह आराम करना हमेशा सही नहीं होता। हल्की वॉक, स्ट्रेचिंग और डॉक्टर की सलाह अनुसार व्यायाम करने से जोड़ों की लचक बनी रहती है। **क्या करें-** रोज 20-30 मिनट टहलें। घुटनों के लिए हल्की स्ट्रेचिंग करें।

**वजन नियंत्रित रखें-** अधिक वजन का सीधा दबाव घुटनों पर पड़ता है, जिससे दर्द बढ़ सकता है। संतुलित आहार और नियमित गतिविधि से वजन नियंत्रित रखना फायदेमंद हो सकता है।

**कैल्शियम और विटामिन ष्ठ का ध्यान रखें-** हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम और विटामिन ष्ठ जरूरी हैं। इनके लिए दूध, दही, पनीर, हरी सब्जियां और धूप का संतुलित लाभ लें।

**दर्द लगातार रहे तो डॉक्टर से मिलें-** अगर दर्द कई दिनों तक बना रहे, सूजन बढ़ जाए या चलने-फिरने में परेशानी हो, तो बिना देरी किए ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ से सलाह लें। स्वयं दवा लेने से बचें। ध्यान रखें कि मौसम बदलने पर घुटनों का दर्द बढ़ना कई लोगों के लिए सामान्य अनुभव हो सकता है, खासकर बुजुर्गों और गठिया के मरीजों में। हालांकि, सही खानपान, नियमित व्यायाम, शरीर को गर्म रखना और समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने से इस परेशानी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

# मच्छरों के लिए काल है प्याज से बना ये दीपक

जैसे-जैसे सर्दियों की शुरुआत होती है, वैसे-वैसे मच्छरों का आतंक भी बढ़ने लगता है। लोग मच्छरों से बचने के लिए तरह-तरह के मॉस्किटो रेपेलेंट्स और कॉइल जलाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें मौजूद केमिकल्स सेहत के लिए हानिकारक होते हैं? इनका धुआं सांस के जरिए शरीर में जाता है, जिससे फेफड़ों और स्किन पर बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में अगर आप मच्छरों से नेचुरल और सुरक्षित तरीका चाहते हैं, तो प्याज से बना यह दीपक आपके बहुत काम आने वाला है।

**प्याज वाला दीपक सस्ता और असरदार उपाय-** एक देसी नुस्खा है जिसमें प्याज से बना दीपक मच्छरों को मिनटों में मार गिरा सकता है। यह न केवल बेहद असरदार है बल्कि पूरी तरह केमिकल-फ्री और सुरक्षित उपाय भी है। इसकी तेज़ खुशबू मच्छरों के लिए असहनीय होती है, जिससे वे तुरंत भाग जाते हैं या मर जाते हैं।

**प्याज से मॉस्किटो रिपेलेंट बनाने की सामग्री-** 1 प्याज, 2 से 3 कपूर,1 चम्मच सरसों का तेल, कुछ दाने काली मिर्च, एक बाती।

**कैसे बनाएं प्याज का दीपक-** सबसे पहले प्याज के ऊपर का ऊपरी हिस्सा काट लें। अब चाकू की मदद से प्याज के अंदर थोड़ा गड्ढा (खोखला हिस्सा) बना लें।

अब इसमें कूटी हुई काली मिर्च और कपूर डालें। इसके बाद सरसों का तेल डालें और बाती रख दें।

अब इस दीपक को जला दें और कमरे, किचन या लिविंग रूम में रख दें।

सिर्फ एक मिनट में मच्छर नीचे गिरने लगेंगे। प्याज, कपूर और काली मिर्च की तीखी महक मच्छरों को बर्दाश्त नहीं होती, जिससे वे भाग जाते हैं या मर जाते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**रविवार, 26 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, द्वादशी तिथौ रवि वासरे 13/39/ जयेष्ठा नक्षत्रे 07/35/ ऐन्द्र योग 22/05/ बालव करणे 13/59/ धनु राशिगत चन्द्रमा घं. 07 मि.35 पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** प्रदोष व्रत। शनि वक्री घं.25मि.25पर।

**मेष :** नए आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृष :** उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेंगे। बौद्धिक विकास होगा।

**कर्क :** आकस्मिक लाभ होगा। सत्परामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

# बर्दाश्त से बाहर हो जाता है सिरदर्द, तो अपनाएं ये नुस्खे

आप अक्सर सिरदर्द की समस्या से जूझते हैं, तो इसे दूर करने के लिए आप माथे पर ठंडी पट्टी रख सकते हैं। इसके अलावा आप एक सूती कपड़े या तौलिए में बर्फ के टुकड़े लेकर इनकी मदद से सिर पर सिकाई कर सकते हैं, या फिर ठंडे पानी से हेड वॉश भी कर सकते हैं। सिरदर्द होने के पीछे कई कारण छिपे हो सकते हैं, जिन्हें पहचानना भी काफी जरूर है। कई बार कैप पहनने, स्विमिंग गॉगल्स या टाइट रबर बैंड पहनने के कारण भी सिरदर्द की शिकायत हो सकती है, ऐसे में आप सबसे पहले अपने बालों को खोल लें, और उंगलियों से पोनीटेल वाले एरिया की मसाज करें। सिरदर्द की तकलीफ से निजात पाने के लिए एक्यूप्रेशर भी एक बढ़िया ऑप्शन है। इसके लिए आप अपनी दोनों हथेलियों को खोलकर एक हाथ से दूसरे हाथ के अंगूठे और इंडेक्स फिंगर के बीच की जगह पर हल्के प्रेशर के साथ मसाज कर सकते हैं।

# सकारात्मकता का संचार करेंगे ये पौधे



स्तु शास्त्र में ऐसे कई सारे पेड़-पौधे बताए गए हैं जिन्हें घर में लगाने से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। यदि घर में पेड़-पौधे लगाते समय वास्तु नियमों का ध्यान रखा जाए ता व्यक्ति की किस्मत बदल सकती है। तो चलिए हम आपको बताते हैं वास्तु शास्त्र में किन पौधों को लकी माना जाता है-

**तुलसी –** वास्तु शास्त्र के अनुसार, तुलसी को बहुत ही पवित्र और शुभ पौधा माना जाता है। यह घर में पॉजिटिविटी बढ़ाती है। घर में इसे लगाने से नेगेटिविटी दूर होती है और पॉजिटिविटी का संचार होता है। घर के आंगन, बालकनी या फिर खिड़की के पास आप यह पौधा लगा सकते हैं।

**अपराजिता का पौधा –** हिंदू धर्म में यह पौधा बहुत ही महत्व माना जाता है। ऐसे में इस पौधे को घर की पूर्व, उत्तर या उत्तर पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। माना जाता है कि इस पौधे को घर में लगाने से मां लक्ष्मी विराजमान रहती है। इस पौधे को घर में लगाने से धन-धान्य की भी कोई कमी नहीं रहती। इस पौधे को लगाने से व्यक्ति को आरोग्य की प्राप्ति भी होती है।

**शमी का पौधा –** भगवान शिव की पूजा में शमी का पौधा भी विशेष रुप से अर्पित किया जाता है। ऐसे में शमी का पौधा घर में होने से पॉजिटिविटी आती है और सौभाग्य आकर्षित होता है।

शमी का पौधा घर में लगाने से परिवार में भी सुख-शांति बनी रहती है। इस पौधो को घर में लगाने से शनि का अशुभ प्रभाव भी दूर होता है।

**बांस का पौधा –**

यह पौधा फेंगशुई और वास्तु दोनों शास्त्रों में बहुत ही शुभ माना जाता है। इस पौधे को सौभाग्य से जोड़कर देखा जाता है। इस पौधे में 5,6 या फिर 7 डंठल लगाने शुभ माने जाते हैं। यह पौधा व्यक्ति के सौभाग्य में भी वृद्धि करता है। बांस के पौधे को घर के पूर्व कोने में रखना शुभ माना जाता है।

**जेड प्लांट –**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, जेड प्लांट की गोल पत्तियां घर में लगाने से धन का आगमन तेजी से बढ़ता है। इसे धन रखने वाली जगह पर रखना चाहिए। इस पौधे को घर में लगाने से बरकत बनी रहती है। साथ ही इससे स्वास्थ्य और संपदा भी बनी रहती है।

# बारिश के मौसम में घर को बनाएं कूल और फ्रेश

बरसात की फुहारें मन को सुकून देती हैं, लेकिन यही मौसम घर के अंदर उमस, सीलन और बंद हवा की परेशानी भी बढ़ा देता है। लगातार बंद रहने वाली खिड़कियां, बढ़ती नमी और कम वेंटिलेशन के कारण घर का वातावरण भारी और असहज महसूस होने लगता है। इसका असर केवल आराम पर ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य पर भी पड़ता है।

कुछ आसान उपाय अपनाकर आप बारिश के मौसम में भी अपने घर को ताजगी से भरपूर, हवादार और खुशनुमा बनाए रख सकते हैं। सही एयर फ्लो, नियंत्रित नमी और थोड़ी-सी सावधानी आपके घर को पूरे मौसम आरामदायक बनाए रखेगी।

बरसात के मौसम में खिड़की-दरवाजों का सही उपयोग घर को हवादार और स्वस्थ बनाए रखता है।

खिड़कियां हमेशा बंद रखने से घुटन और सीलन बढ़ सकती है, जबकि सही समय पर इसे खोलने से ताजी हवा आती है।

इसलिए तेज बारिश के समय इन्हें बंद रखें, लेकिन सुबह या शाम हल्की बारिश में खोलकर वेंटिलेशन बनाए रखें।

आमने-सामने की खिड़कियां हवा के आवागमन को बेहतर करती हैं। वहीं, जाली लगाने से कीड़े-मकौड़ों से भी सुरक्षा मिलती है।



# समाधान दिवस पर एसडीएम नवीन कुमार ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**स्वतंत्र भारत रामपुर जौनपुर।** रामपुर थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं नवीन कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में राजस्व एवं पुलिस से संबंधित विभिन्न मामलों को लेकर फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। समाधान दिवस के दौरान कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 2 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्थलीय जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। इस अवसर पर रामपुर थानाध्यक्ष रमेश कुमार, उपनिरीक्षक राम आश्रय कुशवाहा, उपनिरीक्षक मंज कुमार, राजस्व निरीक्षक राजेश सरोज सहित लेखपाल विपिन यादव, रतन बहादुर यादव, सुरेंद्र सिंह पटेल, मिथिलेश पटेल एवं अब्दुल आजाद समेत पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई की।

# दलित युवक से मारपीट चार पर प्राथमिकी

**स्वतंत्र भारत बरसठी जौनपुर।** थाना क्षेत्र के सहरमा (दुर्गागंज) गांव में खेत में धान की रोपाई को लेकर हुए विवाद में एक दलित युवक के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के आरोप में पुलिस ने चार नामजद आरोपितों के खिलाफ बीएनएस एवं एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। उक्त गांव निवासी हुसैनी पुत्र मूसे धइकार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने खेत में धान की रोपाई करने गया था। इसी दौरान गांव के अवधेश, दिनेश, मक्खन तथा सरस्वती ने आरोप है कि उसे खेत में धान लगाने से रोक दिया। विरोध करने पर आरोपितों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और लाठी-डंडों व हाथ-पैर से मारपीट कर दी। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंची उसकी बहू के साथ भी मारपीट की गई। हमले में हुसैनी का सिर फट गया, जबकि मुंह पर प्रहार से उसका एक दांत टूट गया। घटना के बाद पीड़ित ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद थाने में तहरीर दी गई। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला समेत चारों आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 117(2), 351, 352 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम की धारा 3(2)(1ड्ड) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी जय प्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# मड़ियाहूं में अपना दल कमेरावादी का कार्यकर्ता सम्मेलन, संगठन मजबूती पर दिया गया जोर



**स्वतंत्र भारत मड़ियाहूं जौनपुर।** मड़ियाहूं विधानसभा क्षेत्र स्थित एक होटल में शनिवार को अपना दल कमेरावादी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल का पुष्पगुच्छ, तलवार एवं महापुरुषों का स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी तथा विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें संगठन की गतिविधियों एवं आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. पल्लवी पटेल ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग संगठन से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। अपने संबोधन में डॉ. पल्लवी पटेल ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, किसानों, छात्रों, युवाओं तथा बेरोजगारी से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपराध नियंत्रण, परीक्षाओं की निष्पक्षता तथा युवाओं की समस्याओं के समाधान में असफल रही है। साथ ही उन्होंने हाल की छात्र आंदोलनों और अन्य जनहित के मुद्दों का उल्लेख करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कार्यक्रम का संचालन राम सिंगार पटेल तथा अध्यक्षता अवधेश सरोज ने की। इस अवसर पर दीनानाथ सरोज, अरविंद कुमार पटेल, भावेश पटेल, संकल्प पटेल, नंदलाल पटेल, मिठाई लाल, रामचंद्र पटेल, रागिनी गौतम, हेमा पटेल, राजेश पटेल, गगन प्रकाश यादव, बृजेश पटेल, चंद्रेश पटेल, शेष नारायण पटेल, रामचंद्र कन्नौजिया, हरिश खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### छात्रों के संघर्ष की जीत पर आप ने बांटी मिठाई

**स्वतंत्र भारत मऊ।** आम आदमी पार्टी ने छात्रों व युवाओं के संघर्ष को लोकतंत्र की जीत बताते हुए जिला कार्यालय पर मिठाई बांटी। जिला अध्यक्ष विक्रम जीत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज़ दबाई नहीं जा सकती। उन्होंने छात्रों पर हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए सरकार से संवाद के जरिए शिक्षा व रोजगार संबंधी समस्याओं के समाधान पर जोर दिया।

### थाना समाधान दिवस में 186 शिकायतें, 20 का मौके पर निस्तारण

**स्वतंत्रभारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर और जिलाधिकारी आनंद वर्धन ने थाना घोसी में थाना समाधान दिवस पर जनशिकायतें सुनीं। जनपद के सभी थानों पर कुल 186 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 20 का पुलिस-राजस्व की संयुक्त टीम ने मौके पर निस्तारण किया। शेष मामलों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

### यातायात अभियान में 465 वाहनों का चालान, 4 सीज

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में जिलेभर में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 30 टीमों ने 35 स्थानों पर करीब 1250 संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की जांच की। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 465 वाहनों का चालान और 4 वाहन सीज किए गए। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट, सीट बेल्ट व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### आर्म्स एक्ट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दोहरीघाट पुलिस ने गोफा नहर पुलिया के पास से आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्त कृष्णा गोंड को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान का 63वां जन्मदिन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** शनिवार उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार विभाग के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान का 63वा जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने कस्बा स्थित जनसम्पर्क कार्यालय पर संकल्प दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया ।इस अवसर पर क्षेत्र से जुटे कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर तिलक लगाकर तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना कर 2027 के विधानसभा के चुनाव में पार्टी को पुनः जीताने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष राय सुरेंद्र गुप्ता विकास वर्मा सुरेंद्र राय आशीष शर्मा रविंद्र पाण्डेय सुशील कन्नौजिया गिरिजा शर्मा पप्पू भारती मनीष राय लाल बहादुर माली हीरा पटेल आदि लोग रहे।

### उपचारात्मक शिक्षण पर शिक्षकों को किया गया जागरूक

**स्वतंत्र भारत मऊ।**मोहम्मदाबाद गोहना एसआरजी संजय कुमार तिवारी ने आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय का शैक्षिक भ्रमण कर शिक्षकों के साथ उपचारात्मक शिक्षण की नई अवधारणा पर चर्चा की। इस दौरान ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।

### समाधान दिवस में 21 शिकायतें, एक का मौके पर निस्तारण

**स्वतंत्र भारत मऊ।**मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री ने 21 शिकायतें सुनीं। एक मामले का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि छह अन्य मामलों की जांच के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### महिला कबड्डी व जिम्नास्टिक्स चयन ट्रायल 28 जुलाई को

**स्वतंत्र भारत मऊ।** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए महिला कबड्डी एवं जिम्नास्टिक्स खिलाड़ियों का जनपद स्तरीय चयन ट्रायल 28 जुलाई को डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। चयनित खिलाड़ी 30 जुलाई को मंडलीय ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे।

### दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन का कार्यक्रम जारी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** शैक्षिक सत्र 2026-27 की दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लिए आवेदन की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। नवीनीकरण आवेदन 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तथा नए आवेदन 15 सितंबर से 31 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन किए जा

### 29 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला सेवायोजन कार्यालय में 29 जुलाई को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। निजी कंपनियां विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगी, जिसमें ?8,000 से ?20,000 मासिक वेतन मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को पहले रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

### कक्षा 9 से 12 की छात्रवृत्ति आवेदन तिथि घोषित

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। नवीनीकरण आवेदन 11 से 25 अगस्त तथा नए आवेदन 11 अगस्त से 21 सितम्बर 2026 तक किए जा सकेंगे।

### निर्माण श्रमिकों के लिए श्रमिक एप लॉन्च

**स्वतंत्र भारत मऊ।** निर्माण श्रमिकों को रोजगार और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए %श्रमिक एप लॉन्च किया गया है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से श्रमिक और नियोजक सीधे जुड़ सकेंगे, जिससे रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आसान और पारदर्शी होगी।

## समाधान दिवस पर जिलाधिकारी व पुलिसअधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें

**स्वतंत्र भारत मऊ।** थाना समाधान दिवस पर जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम को पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर व जिलाधिकारी आनन्द वर्धन द्वारा थाना घोसी पर उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस पर जनशिकायतों को सुना गया साथ ही साथ जनपद के समस्त थानों पर भी थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान द्वारा समस्त थानों पर क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा जनशिकायतों को सुना गया तथा इसके समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त 186 प्रार्थना पत्रों में से कुल 20 प्रार्थना पत्रों का मौके पर पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारण कराया गया तथा राजस्व टीम को पुलिस बल उपलब्ध कराकर निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

# हत्या के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास

**स्वतंत्र भारत विस मऊ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार यादव तृतीय ने हत्या के मामले में 5 आरोपियों में दो को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा के साथ ही 25 हजार रुपया अर्थदंड निर्धारित किया। अर्थदंड न देने पर छः माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला घोसी थाना क्षेत्र का है।मामले के अनुसार वादी मुकदमा घटना दिनांक 20 दिसंबर 2013 को शब्बीर अहमद के बड़े भाई फिरोज और भांजा आसिफ के साथ पोल्ट्री फार्म पर मुर्गीयों को दाना और दवाई दे रहे थे तभी बकाया रुपये के लेन देन के विवाद को कुछ अज्ञात लोगों ने फिरोज की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने विवेचना करके आरोपियों थाना सरायलखंसी क्षेत्र ठकुरमन निवासी प्रदीप चौहान पुत्र इंद्रबहादुर चौहान,थाना रानीपुर क्षेत्र अरैला निवासी धनेश उर्फ मैनू यादव पुत्र ध्रुवंती उर्फ शोभा,थाना सरायलखंसी क्षेत्र निवासी पिंटू यादव पुत्र रमाशंकर यादव थाना दक्षिण टोला क्षेत्र भटकुआ पट्टी निवासी राजेश यादव पुत्र जयराम यादव व मनीष पाण्डेय पुत्र जनार्दन पाण्डेय के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए एडीजीसी फौजदारी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कुल 10 गवाहों को पेशकर अपना अभियोजन का पक्ष रखा। बचाव से कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है। सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद प्रदीप चौहान व धनेश को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा के साथ ही 25 हजार रुपया अर्थदंड का निर्णय सुनाया। धारा भादवि 148 में दोनों आरोपियों को 2 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाया। दो आरोपी राजेश यादव व मनीष पाण्डेय को सन्देह का लाभ देते हुए सभी आरोपों से दोष मुक्त किया।वही एक आरोपी पिंटू यादव की मौत हो जाने के चलते उसके विरूद्ध मुकदमे की कार्यवाही समाप्त कर दी गई।

## जन्तर मन्तर पर लाठीचार्ज के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता गाजीपुर।** गाजीपुर में आज नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्र नेताओं और छात्र-छात्राओं का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। पीजी कॉलेज के पास बड़ी संख्या में जुटे छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। नीट पेपर लीक मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं ने पीजी कॉलेज के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा की मांग उठाई। छात्रों ने कहा कि बार-बार पेपर लीक होने से मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रही। पुलिस की निगरानी में प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# कांवड़ यात्रा के कारण सड़क यातायात हेतू पुलिस अधीक्षक ने दिये निर्देश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक, गाजीपुर द्वारा अपने पत्र दिनांक 23 जुलाई, 2026 द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 30.07.2026 से हिन्दुओं का पवित्र त्योहार श्रावण मास प्रारम्भ हो रहा है। श्रावण माह के प्रमुख दिन सोमवार दिनांक 03.08.2026, 10.08.2026, 17.08.2026 व 24.08.2026 को पड़ रहा है तथा श्रावण महाशिवरात्रि दिनांक 11.08.2026 को मनाया जायेगा। कॉवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए नेशनल हाईवे औड़िहार से रजवाडी एवं मटेहू से जंगीपुर तक का बाया लेन को बन्द करते हुए दाहिने लेन से वाहनों का आवागमन संचालित कराया जाना अति आवश्यक है तथा श्रावण मास के दौरान कॉवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक शुक्रवार/शनिवार को समय 24.00 बजे से सोमवार को समय 24.00 बजे तक तथा दिनांक 10.08.2026 को समय 24.00 बजे से दिनांक 11.08.2026 को समय 24.00 बजे तक नेशनल हाईवे औड़िहार से रजवाड़ी एवं मटेहूँ से जंगीपुर तक बाया लेन को कावड़ियों के लिए तथा दाहिने लेन से वाहनों का आवागमन संचालित (वन-वे) कराने का अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने श्रावण मास में कावड़ियों को दर्शन पूजन में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो इसके दृष्टिगत वाराणसी-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-31 पर औड़िहार से रजवाड़ी एवं मटेहूँ से जंगीपुर तक बांया लेन को कावड़ियों के लिए तथा दाहिने लेन से वाहनों का आवगमन संचालित (वन-वे) होगा। बायें लेन पर उपर्युक्त तिथियों / समयावधि के अन्दर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। दाहिने लेन पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन यथावत चलता रहेगा।

# गायब मोबाइल मिलने पर खिले चेहरे, पुलिस ने लौटाई मुस्कान



**स्वतंत्र भारत, मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हलधरपुर थाना पुलिस ने एक और गुम हुआ मोबाइल बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी को सौंप दिया। अपना मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके इटैली निवासी हरिओम पाण्डेय के चेहरे पर उस समय खुशी लौट आई, जब उन्हें थाने बुलाकर उनका मोबाइल सुपुर्द किया गया।थानाध्यक्ष हलधरपुर भगवान राम ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद मोबाइल के आईएमईआई नंबर, सिम विवरण सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ट्रैकिंग की गई। आवश्यक सत्यापन के उपरांत मोबाइल बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी को सौंप दिया गया। बरामदगी के बाद सीईआईआर पोर्टल पर ठ्ठड्डद्यशष्द्म स्रश्वह्वठ्ठस्र रूश्वड्ढद्बद्यद्ग प्रक्रिया पूरी कर मोबाइल को पुनः सक्रिय किया गया।उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तत्काल संबंधित सिम को बंद कराकर निकटतम थाने तथा सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 पर भी सूचना दें, जिससे मोबाइल की शीघ्र ट्रैकिंग एवं बरामदगी संभव हो सके।

## महुई में घर में घुसकर महिला से मारपीट

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र के महुई गांव में एक महिला के घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, धमकी देने तथा घरेलू सामान क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर 10 नामजद समेत अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, पुतुल पत्नी मनोज कन्नौजिया, निवासी ग्राम महुई, थाना मधुबन ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 18 जुलाई 2026 को विपक्षीगण एक राय होकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने उनके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी तथा घर में रखा सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले में पुलिस ने धनंजय पुत्र गुलाब, शमशेर पुत्र गुलाब, अखिलेश पुत्र कमलेश, अमित पुत्र रमेश, अश्वनी पुत्र संतोष, विक्की पुत्र संतोष निवासी महुई सहित 10 नामजद एवं अन्य के विरुद्ध 24 जुलाई 2026 को रात्रि 9¬57 बजे मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सुरेश कुमार को सौंपी गई है।

# दोहरीघाट के क्राइम इंस्पेक्टर का तबादला

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दोहरीघाट थाने में अपराध निरीक्षक (क्राइम इंस्पेक्टर) के रूप में अपनी प्रभावी कार्यशैली, अनुशासन और अपराध नियंत्रण को लेकर अलग पहचान बनाने वाले निरीक्षक सुभाष यादव का स्थानांतरण मऊ कोतवाली में अपराध निरीक्षक के पद पर किया गया है। उनके स्थानांतरण की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग और क्षेत्र के लोगों में चर्चा का माहौल रहा।दोहरीघाट थाने में अपने कार्यकाल के दौरान निरीक्षक सुभाष यादव ने कई महत्वपूर्ण आपराधिक मामलों के सफल अनावरण में अहम भूमिका निभाई। अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा फरियादियों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करने की उनकी कार्यशैली की व्यापक सराहना होती रही। शांत स्वभाव, अनुशासित कार्यप्रणाली और टीम भावना के कारण उन्होंने पुलिस विभाग के साथ-साथ आमजन के बीच भी विशेष सम्मान अर्जित किया। स्थानांतरण के अवसर पर दोहरीघाट थाने में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रामायण सिंह सहित थाने के अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निरीक्षक सुभाष यादव को माल्यार्पण कर सम्मानपूर्वक विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सहकर्मियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा निष्पक्षता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। विदाई समारोह भावुक माहौल में संपन्न हुआ, जहां पुलिसकर्मियों ने उनके साथ बिताए गए अनुभव साझा किए। वहीं निरीक्षक सुभाष यादव ने भी दोहरीघाट में मिले सहयोग और स्नेह के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने नए कार्यस्थल पर भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## युवती ने लगाई फांसी मचा हड़कम्प

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में शनिवार दोपहर एक 20 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 11¬30 बजे रसूलपुर निवासी राजेंद्र सरोज की पुत्री लक्ष्मी (20) ने अपने घर के अंदर दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के समय लक्ष्मी घर में अपनी भाभी के साथ थी, जबकि उसके पिता गांव में किसी काम से बाहर गए हुए थे। लक्ष्मी की मां का निधन उसके बचपन में ही हो गया था, और वह अपने तीन भाइयों में सबसे छोटी थी।दोपहर में जब लक्ष्मी की भाभी घर के अंदर किसी काम से गईं, तो उन्होंने लक्ष्मी को फंदे से लटका हुआ पाया। घटना की सूचना तत्काल परिजनों और स्थानीय पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही रानीपुर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार अपनी पुलिस टीम और फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतका के पिता राजेंद्र सरोज ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें बेटी द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात कही गई है।

## पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने शनिवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित श्रद्धांजलि सभाओं में शामिल होकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा उन्हें इस कठिन समय में धैर्य और संबल बनाए रखने का संदेश दिया। अपने शोक संवेदना दौरे की शुरुआत उन्होंने खरका कॉलोनी निवासी विनोद तिवारी के यहां पहुंचकर की। वरिष्ठ पत्रकार कैलाश नाथ सिंह की पत्नी के निधन पर मातापुर स्थित उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की ी। इसके उपरांत बैजरामपुर में विनोद सिंह के आवास, मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के गढ़ा बाघराय में विनय शुक्ला के यहां, उतरूं कला में लहुरी सिंह के परिवार, गौरी कला में सरोज सिंह एवं कल्लू सिंह के यहां तथा शेरवा, सिकरारा में पंकज सिंह के आवास पहुंचकर दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मारपीट करने वाले 04 आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मऊ।**पुलिस अधीक्षक मऊ कमलेश बहादुर के द्वारा जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर नितेश प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 25 जुलाई को थाना दक्षिण टोला पुलिस टीम को क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना मिली की 21 जुलाई को हूई मारपीट जिसमें एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया था, उस घटना में सम्मिलित आरोपीगण संगत घाट पर मौजूद है कि उक्त सूचना पर 04 व्यक्तियो को मौके पर गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया ।पकड़े गये व्यक्तियो सुमित यादव पुत्र नागा यादव सा0 बल्लीपुरा थाना कोतवाली जनपद मऊ, सत्यम यादव पुत्र संतु यादव सा0 भीटी थाना कोतवाली जनपद मऊ, विजय सोनकर पुत्र रामचन्द्र सोनकर सा0 औरंगाबाद डिहवा थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ, अरविन्द सोनकर पुत्र रामचन्द्र सोनकर सा0 औरंगाबाद डिहवा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ से पूछताछ किया गया तो तथ्य प्रकाश में आया कि 21 जुलाई 2026 को उनके तथा अनुज यादव उर्फ प्रिंस पुत्र रविन्द्र यादव सा0 मुहल्ला निजामुद्दीनपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ के मध्य आपसी वर्चस्व व पुरानी रंजिश को लेकर रात्रि में मारपीट हूई थी, जिसमें उनके द्वारा अनुज यादव को मारपीट कर काफी गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया था ।

## पुलिस मुठभेड़ मामले में डीजल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्रभ भारत, मऊ।** पुलिस ने डीजल चोरी और पुलिस मुठभेड़ मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस काफी समय से इस आरोपी की तलाश कर रही थी। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक पूछताछ और विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक मऊ के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दोहरीघाट पुलिस को यह सफलता मिली। अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी घोसी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रामायण सिंह के नेतृत्व में टीम ने शनिवार सुबह करीब 7¬55 बजे गोफा नहर पुलिया के पास से आरोपी कृष्णा गोंड को पकड़ा। कृष्णा गोंड (23 वर्ष) यूसुफपुर, थाना रामपुर, जनपद मऊ का निवासी है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी कृष्णा गोंड डीजल चोरी और पुलिस मुठभेड़ से संबंधित मामलों में फरार चल रहा था। उसके खिलाफ थाना दोहरीघाट में दो मुकदमे दर्ज हैं।

# एनकॉर्ड समिति की बैठक में नशे के कारोबार पर सख्ती के निर्देश

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) परमानंद झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकॉर्ड की जिला स्तरीय समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद को नशा मुक्त बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मेडिकल स्टोर संचालक मनःप्रभावी दवाओं की बिक्री केवल चिकित्सक के वैध परामर्श पर ही करें तथा दवाओं के स्टॉक का विवरण पंजिका में नियमित रूप से दर्ज रखें। बैठक में पुलिस एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि सार्वजनिक एवं सुनसान स्थानों पर नियमित गश्त बढ़ाई जाए, जहां मादक पदार्थों की बिक्री की आशंका रहती है। अस्पतालों, विद्यालयों तथा रेलवे और बस स्टेशनों के आसपास पान मसाला, गुटखा एवं दोहरा बेचने वाली दुकानों की नियमित जांच कर जनपद में दोहरे की बिक्री पर प्रभावी रोक सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्यालयों के आसपास स्थित दुकानों पर किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों सहित संवेदनशील स्थानों पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर ड्रग्स की तस्करी और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा नशे के शिकार लोगों के उपचार, नशा मुक्ति और पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 अगस्त 2026 को जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में ÷नेशनल प्लेज अगेंस्ट ड्रग्स÷ की शपथ दिलाकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# सरकार ने अहंकार में छात्रों की पीड़ा लम्बे समय तक किया अनदेखी : कांग्रेस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस कमेटी, अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में नीट एवं सी बी एस ई परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं, छात्रों के भविष्य के साथ हुए अन्याय तथा लोकतांत्रिक आवाजों के दमन के विरोध में विशाल कैंडल मार्च एवं सत्याग्रह आयोजित किया गया। कांग्रेसजन शहीद स्तंभ, सिविल लाइंस पर एकत्र हुए, जहां से हाथों में मोमबत्तियां लेकर गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला गया। इसके उपरांत गांधी जी की प्रतिमा पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह एवं सांकेतिक अनशन किया गया तथा छात्र आंदोलन के दौरान दिवंगत छात्र-छात्राओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की गई। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने छात्रों के व्यापक आंदोलन और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा छात्रों के पक्ष में लगातार उठाई गई



आवाज़ के बढ़ते जनदबाव के कारण केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफा लेने का निर्णय किया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार छात्रों के भविष्य के प्रति संवेदनशील होती तो यह निर्णय आंदोलन के प्रथम सप्ताह में ही ले लिया जाता। यह सरकार अपने अहंकार में छात्रों की पीड़ा को लंबे समय तक अनदेखा करती रही। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा सरकार की शिक्षा व्यवस्था की विफलता की स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है तथा विरोध की आवाजों को दबाने के लिए राज्य तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस पार्टी छात्रों, युवाओं और संविधान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, पीसीसी सदस्य राम अवध पासी तथा जिला महासचिव बृजेश रावत ने कहा कि देश का युवा आज रोजगार, शिक्षा और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार इन मुद्दों का समाधान करने के बजाय आंदोलन करने वाले छात्रों को डराने और दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से लड़ती रहेगी और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित कराने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक तथा सेवादल जिला अध्यक्ष फ्लावर नकवी ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश की सबसे बड़ी पूंजी उसके छात्र और युवा होते हैं। यदि उनकी मेहनत और भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा तो कांग्रेस पार्टी कभी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार करना चाहिए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी भी छात्र का भविष्य भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट न चढ़े। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामसागर रावत, जिला महासचिव अश्विनी सिंह मधुर, पूर्व महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, उमेश उपाध्याय, डी एन वर्मा,अशोक कनौजिया, पूर्व सभासद जनार्दन मिश्रा, डॉ विनोदगुप्ता, धीरेंद्र सिंह बबलू, आसाराम जग रुप, मुस्लिम शेख खालिद खान रुद्र प्रताप सिंह रिशु, मेहताब, धर्मेंद्र सिंह अशोक राय, अशोक कुमार शर्मा, कल्लू शर्मा, विजय श्रीवास्तव मटरू, विशाल दुबे, सतीश सिंह, फिरोज अंसारी आदिउपस्थित रहे।

# छात्रों के आंदोलन ने लोकतंत्र को किया मजबूत

## भाजपा सरकार के पतन की हुई शुरुआत : सूर्यकांत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भाकपा के तेजतर्रार नेता सूर्यकांत पाण्डेय ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को भाजपा सरकार के पतन की शुरुआत बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले बारह वर्षों में दिल्ली और लखनऊ की सरकारों ने मानवाधिकारों को कुचलने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। सरकारों ने सभी प्रकार के लोकतांत्रिक अधिकारों पर नकेल कस कर मानवाधिकारों का हनन किया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि जेनजी का आंदोलन इसी तानाशाही का नतीजा है। इस आंदोलन ने लोकतंत्र को मजबूत किया है। आंदोलन ने देश में पुनः लोकतंत्र की बहाली का संदेश दिया है। इस आंदोलन की कामयाबी ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के इस्तीफे की राह आसान कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब देश में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा और देश की हिफाजत के लिए भाजपा को हटाना होगा। केन्द्रीय शिक्षा



मंत्री के इस्तीफे तथा केन्द्र सरकार द्वारा छात्रों की तीनों मांगे स्वीकार किये जाने पर भाकपा नेता सूर्यकांत पाण्डेय ने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि छात्रों की मांगे पूरी तरह न्याय संगत थीं। यदि अंततः सरकार को छात्रों की सभी प्रमुख मांगे माननी ही थी तो उन्हें इतने लम्बे समय तक आंदोलन करने के लिये क्यों मजबूत किया गया। उनकी बात पहले क्यों नहीं सुनी गयी जबकि शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों को लगातार उपेक्षा और परेशानियों का सामना क्यों करना पड़ा। तेजतर्रार नेता सूर्यकांत पाण्डेय ने कहा कि अब सरकार को स्पष्ट करना चाहिये कि क्या वह यह स्वीकार करती है कि छात्रों का संघर्ष न्यायसंगत था। लोकतंत्र में संवाद ही समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि समय रहते छात्रों की सुन ली जाती तो इतना लम्बा आंदोलन और उनसे उत्पन्न परिस्थितियों को टाली जा सकती थी। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान छात्र-छात्राओं और छात्रों पर लाठी चार्ज द्वारा घायल साथ ही साथ पुलिस बल के घायल होने की कितनी नौबत न आती। उन्होंने इसे दुखद घटना बताया है कि हमारे छात्र काफी घायल हुए हैं साथ ही साथ पुलिस के अधिकारी और सिपाही भी घायल हुए हैं। कुल मिलाकर यह लोकतंत्र की जीत हुई है।

# युवा शक्ति के संकल्प से साकार होगा नशा मुक्त भारत : कुलपति

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने एनसीसी कैडेटों एवं छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई तथा भविष्य में नशा मुक्त समाज की परिकल्पना का सपना साकार करने का आह्वान किया। कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। यदि युवा नशे से दूर रहकर अनुशासन, शिक्षा और सकारात्मक सोच को अपनाएं, तो न केवल उनका भविष्य उज्ज्वल होगा, बल्कि समाज और राष्ट्र भी सशक्त बनेगा। प्रत्येक छात्र का दायित्व है कि वह स्वयं जागरूक बने और अपने आसपास के लोगों को भी नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करे। जनभागीदारी से




ही नशा मुक्त भारत का लक्ष्य साकार हो सकता है। कुलपति ने सभी को शपथ दिलाया कि आप न केवल स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने परिवार, मित्रों, पड़ोसियों एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशा मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने सभी से अपने प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करने का संकल्प भी दिलाया। शपथ ग्रहण से पहले एनसीसी कैडेटों एवं छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकाली। यह कार्यक्रम विवि के नोडल अधिकारी डा. डी.नियोगी व एन.ओ डा. नवीन कुमार सिंह के संयोजन में हुआ।

# श्रीविठ्ठल सदन में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** अयोध्या धाम के बेगमपुरा मोहल्ले में स्थित श्री विठ्ठल सदन में चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो चुका है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को श्री विठ्ठल सदन के पीठाधिपति श्रीमज्जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी राघवाचार्य महाराज अपनी सानिध्यता प्रदान कर रहे हैं। नवनिर्मित श्री विठ्ठल सदन में 27 जुलाई को वैदिक रीति-रिवाज एवं विधि-विधान पूर्वक विठ्ठल भगवान का प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस उपलक्ष्य में विठ्ठल सदन परिसर में चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव चल रहा है। भगवान के प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित लगभग सभी अनुष्ठान विद्वान आचार्यगणों द्वारा क्रमवार पूर्ण किए जा रहे हैं। वेद मंत्रों से पूरी अयोध्यानगरी गुंजायमान है। इससे महोत्सव में एक अनुपम छटा बिखर रही है। चहुंओर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और सभी हर्षोल्लासित हैं। साधु-संत से लेकर भक्तजन प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पूरी तरह सराबोर हैं। विठ्ठल भगवान के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सम्मिलित होकर भक्तजन अपना जीवन धन्य बना रहे हैं। साथ ही साथ पुण्य लाभ भी अर्जित कर रहे हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति से जुड़े शिब्बू मिश्रा ने बताया कि नवनिर्मित श्री विठ्ठल सदन में विठ्ठल भगवान का चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम मनाया जा रहा है। जहां 27 जुलाई को विठ्ठल भगवान का विधि-विधान पूर्वक और वैदिक रीति-रिवाज से प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा। प्रतिष्ठा के बाद विठ्ठल भगवान अपने भक्तों को दर्शन देंगे। महोत्सव में दक्षिण भारतीय एवं रामानुजीय परंपरानुसार पूजन-अर्चन किया जा रहा है। दक्षिण भारत के विद्वान आचार्यगण दक्षिण भारतीय पद्धति अनुसार प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित सभी अनुष्ठान पूर्ण करा रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सम्मिलित होने के लिए रामनगरी के सभी विशिष्ट संत-महंत, धर्माचार्यों को आमंत्रित किया गया है।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 14 लाभार्थियों को मिली सहायता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 14 लाभार्थियों को सहायता स्वीकृति के चेक वितरित किए। योजना के तहत स्वीकृत सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत दुर्घटना में किसान की मृत्यु या गंभीर दिव्यांगता की स्थिति में पात्र आश्रित को 5 लाख तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और उनके परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का उद्देश्य दुर्घटना की विपरीत परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक संबल



उपलब्ध कराना है, ताकि संकट की घड़ी में उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि पात्र लाभार्थियों को बिना किसी अनावश्यक विलंब के योजना का लाभ मिले और सहायता राशि पारदर्शी तरीके से सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचे। मौके पर उपजिलाधिकारी सदर आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार धर्मेन्द्र सिंह, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष हरभजन गौड, मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र सहित तहसील के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने शिक्षामंत्री के इस्तीफे को युवाओं के संघर्ष की जीत बताया, दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को देश के लाखों युवाओं और छात्रों के संघर्ष की जीत बताते हुए कहा कि लाठियों, आंसू गैस और पुलिसिया दमन के बल पर सच को दबाने की कोशिश करने वाली भाजपा सरकार को आखिरकार युवाओं की ज़िद और लोकतांत्रिक संघर्ष के आगे झुकना पड़ा। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि यह जीत उन लाखों मेहनती छात्रों की है, जिन्होंने अपने भविष्य की रक्षा के लिए रातों-रात सड़कों पर उतरकर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आवाज़ बुलंद की। कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार युवाओं के साथ खड़े रहे और आगे भी उनके अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब केवल इस्तीफा पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे मामले की निष्पक्ष, उच्चस्तरीय और समयबद्ध जांच होनी चाहिए, ताकि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी दोषी को किसी भी कीमत पर बख्शा न जाए। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों के दबाव और देशभर के युवाओं के व्यापक आक्रोश के चलते केंद्र सरकार को अंततः शिक्षा मंत्री का इस्तीफा स्वीकार करना पड़ा। यह लोकतंत्र में जनशक्ति की विजय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले छात्रों की आवाज़ को दबाने के लिए दमन का रास्ता अपनाया, लेकिन सत्य और संघर्ष की जीत हुई। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं के अधिकारों, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और निष्पक्ष शिक्षा व्यवस्था के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी तथा हर परिस्थिति में छात्रों और युवाओं के साथ खड़ी रहेगी।

# नेक राह पर चलकर ही संवारा जा सकता है लोक व परलोक : नदीम रजा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** नगर के धारा रोड स्थित हौजए सकीना खुर्दमहल में 10 दिवसीय मजालिस कार्यक्रम का समापन हुआ। सैयद असद अब्बास रूमी तथा मोमिनीन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतिम दिन शनिवार को वसीका अरबी कालेज ख्वासपुरा के प्रवक्ता मौलाना नदीम रजा जैदी ने बड़ी संख्या में पहुंचे मोमिनीन को संबोधित किया। कुरान की तिलावत के उपरांत उन्होंने कहा हमारे समाज में जो भी चीजें अमल की सूरत में है वह पवित्र पुस्तक कुरान की आयतें, पैगम्बरे इस्लाम और अइम्मए मासूमीन के कथन के तौर पर है। कुरान शरीफ में रब्बुल आलमीन पैगंबर मोहम्मद साहब से फरमाते हैं ऐ मेरे प्यारे हबीब आप लोगों को याद दिलाते रहिए, नसीहत करते रहिए क्योंकि याद दिलाना मोमिनों के हित में है। मोहम्मद जाफर ने पेशखानी करते हुए कहा जिंदा में जब सकीना को बाबा का सर मिला, हाथों में उसको थाम के बच्ची ने ये कहा। बाबा ये खून किस का है चेहरे पे जो लगा, ये होंठ कैसे कट गए बाबा मुझे बता। अंत में मरहूम इनायत अब्बास इब्ने करम अब्बास आदि के पुण्य हेतु फातिहा पढ़ा गया।

# जेसीआई क्लब के राष्ट्रीय कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जेसीआई एल्युमिनाई क्लब के राष्ट्रीय कार्यक्रम परम्परा का शुभारंभ आज रघुकुल सदन देवकाली में हुआ। कार्यक्रम के संयोजक अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि दीप प्रज्ज्वलन कर राष्ट्रीय चेयरमैन नरेन करिअप्पा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वनीत बंसल, रंजीव करूप, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राखी जैन, मंडल के चेयरमैन मुकुल अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, संजीव पोद्दार, मंडलाध्यक्ष गौरव सेठ ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अमित भार्गव ने एक स्मारिका का विमोचन कराया। इस परम्परा कार्यक्रम में केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश से 150 से अधिक प्रतिनिधि सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का संचालन अश्विनी कुमार एवं मंडल सचिव अजय शर्मा ने आभार प्रकट किया।

# चातुर्मास के चार महीनों में नहीं होंगे शुभ कार्य : रामनरेश दास



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** सिद्ध पीठ वेद मंदिर रामकोट अयोध्या धाम के पीठाधिपति श्रीमहंत महामंडलेश्वर रामनरेश दास महाराज ने बताया कि शनिवार को देवशयनी एकादशी के साथ ही चातुर्मास का शुभारंभ हो गया है। जो श्रावण, भाद्र पद, अश्विन और कार्तिक तक रहेगा। चातुर्मास के इन चार महीनों तक मांगलिक व विवाह कार्य इत्यादि नही होंगे। चातुर्मास के बाद यानी देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह से पुनः मांगलिक और विवाह कार्य आदि फिर से शुरु हो जायेंगे। देवशयनी एकादशी को सौभाग्य की एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पद्म पुराण का दावा है कि इस दिन उपवास करने से जानबूझकर या अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। पूरे मन और नियम से पूजा करने से महिलाओं की मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा करना शुभ माना गया है। पूजा के समय भगवान विष्णु को मिठाई, फल, फूल व तुलसी दल अर्पित करने से मां लक्ष्मी के प्रसन्न होने की मान्यता है। हिंदू धर्म में तुलसी को मां लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। आषाढ़ माह की देवशयनी एकादशी को भगवान विष्णु चार माह तक विश्राम करते हैं। इस दौरान हिंदू धर्म में कोई भी शुभ कार्य जैसे- विवाह, जन्म, जनेऊ संस्कार, गृहप्रवेश और मुंडन आदि नही किया जाता है। जिस माह में भगवान विष्णु गहरी नींद में होते हैं, उसे चतुर्मास कहते हैं। जीवन उसी प्रकार पुनर्चक्रित होता है, जैसे विष्णु ने किया था। तुलसी के विवाह की प्रतीक्षा करते समय और विष्णु के सोए रहने के दौरान विवाह करना अशुभ माना जाता है। देवशयनी एकादशी के ये विवाह नियम ठहराव और पवित्रता की दिव्य लय को दर्शाते हैं। देवशयनी एकादशी पर देवता सो जाते हैं और चार महीने बाद कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी पर जागते हैं। स्कंद पुराण के अनुसार यहां देवों के सोने का अर्थ शाब्दिक रूप से योगनिद्रा से है।

# गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण बेहाल एसडीएम को सौंपा मांग पत्र



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रुदौली ब्लॉक की ग्राम पंचायत फेलसंडा से मुजफ्फरपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर रमेश पाण्डेय ग्रामीणों के साथ उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता से मिले और ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि मुख्य मार्ग पर करीब 100 मीटर तक बारिश एवं नालियों का गंदा पानी जमा होने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित है। यह मार्ग दर्जनों ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन रुदौली और अमानीगंज की ओर लोगों का आवागमन होता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने खंड विकास अधिकारी, रुदौली को तत्काल मौके का निरीक्षण कर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा समस्या का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वीरेन्द्र पाण्डेय, उदयभान, सुनील पाण्डेय, कृष्णा बलराम यादव, सुभाष रावत सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सपा ने पूर्व सांसद फूलन देवी की मनायी पुण्यतिथि



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी की ओर से वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके संघर्षपूर्ण जीवन और सामाजिक न्याय के लिए किए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी ने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाया। उनका जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, साहस और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की मूल भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। नेताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी सामाजिक न्याय, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यकर्ताओं ने वीरांगना फूलन देवी के आदर्शों पर चलने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, बाबूराम गौड, लौटन राम निषाद, हाजी फिरोज खान गब्बर, जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, महिला सभा की जिला अध्यक्ष सरोज यादव, अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष रामकरन यादव, विधानसभा अध्यक्ष सियाराम निषाद, स्नेह लता निषाद, आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिल्कीपुर समाधान दिवस पर 38 शिकायतें पहुंचीं, सिर्फ पांच का मौके पर निस्तारण

**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों इनायतनगर, खंडासा और कुमारगंज में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से केवल पांच शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका, जबकि शेष मामलों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। थाना इनायतनगर में उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर पवन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शिकायतों की सुनवाई हुई। यहां कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 21 राजस्व तथा चार पुलिस विभाग से संबंधित थे। सुनवाई के दौरान चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अलीपुर खजुरी निवासी मोहम्मद नसीम ने शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि गांव के एक झोलाछाप चिकित्सक ने उन्हें गलत दवा दे दी, जिससे उनकी तबीयत और बिगड़ गई। विरोध करने पर घर जाने वाले रास्ते पर बांस-बल्ली लगाकर अवरोध खड़ा कर दिया गया।



उन्होंने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा रास्ते से अवरोध हटवाने की मांग की। वहीं अरमारूपीपुर निवासी प्रेम देवी पत्नी जलाल ने गाटा संख्या 142 पर किए जा रहे कथित अवैध निर्माण को रुकवाने और भूमि की पैमाइश कराने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। थाना खंडासा में कुल सात शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा गया। थाना कुमारगंज में भी उपजिलाधिकारी पवन कुमार शर्मा ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। यहां कुल छह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, लेकिन किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। सभी मामलों में संबंधित विभागों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी पवन कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ताओं को विश्वास में लिया जाए और निर्धारित अवधि के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# समाजसेवी राजन पांडेय ने बिहार के शहीद भरत तिवारी के घर मनाया अपना जन्मदिन

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** समाजसेवी राजन पांडेय ने अपने पूरे परिवार के साथ बिहार के बिलौटी गांव पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर उनके पूरे परिवार के अलावा 150 से अधिक गरीब महिलाओं को साड़ी आर्थिक सहायता और नाश्ता करवाकर सभी का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए अपना जन्मदिन मनाया गया। समाजसेवी राजन पांडेय ने शहीद भरत तिवारी की माता को एक बार फिर विशेष तौर पर आर्थिक मदद पहुंचाई और वहां उपस्थित लोगों से वादा किया कि उनके द्वारा भरत तिवारी का एक भव्य मंदिर अपने निजी खर्च से जल्द बनवाया जाएगा। राजन पांडेय के कहा कि भरत तिवारी जैसे बेटे के ऊपर पूरे परिवार को नाज है कि उनका बेटा आखिरी समय तक भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ा। राजन ने कहा कि हम पिस्टल उठाने के पक्ष में कभी नहीं रहा हू लेकिन उस परिस्थिति की जांच होनी चाहिए कि किस परिस्थिति में उसको पिस्टल उठाना पड़ा। हमारा देश भ्रष्टाचार



मुक्त हो। राजन ने बताया कि भरत तिवारी समाज के गरीब वंचित शोषित जरूरतमंद लोगों की आवाज थे उन्होंने समाज के हक की लड़ाई लड़ते हुए अपनी जान गंवाई है इसलिए पूरा समाज उन्हें न्याय दिलवाने के लिए एकजुट है। राजन ने इस फेक एनकाउंटर पर कहा कि यह एक व्यक्ति की मौत नहीं बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही और न्याय व्यवस्था से जुड़ा मामला है इसलिए इस मामले में पारदर्शिता बरती जाए। समाजसेवी राजन पांडेय ने परिवार को भरोसा दिलवाया कि वो हर महीने परिवार के मध्य आते रहेंगे और उस परिवार की लड़ाई अपने स्तर से मजबूती से लड़ेंगे। राजन ने दूरभाष पर बताया कि इन्हीं गरीबों की लड़ाई लड़ते हुए भरत शहीद हुए इसलिए आज उन लोगों की मदद कर उनको काफी सुकून मिला है और उनकी ये मदद अनवरत जारी रहेगी। समाजसेवी राजन पांडेय जी के साथ उनकी पत्नी पूर्व जिला पंचायत तृप्ति पांडे, अभिषेक तिवारी, महाकाल, राज नारायण पांडेय, प्रशांत तिवारी, अमित पांडे, अंकित पांडेय, जिला पंचायत सदस्य अर्पित पांडेय, अर्चिता पांडे सहित सैकड़ों लोग ग्रामवासी मौजूद रहे।



# विश्वविद्यालय परिसर में पैदल मार्च करके छात्र-छात्राओं ने नशा न करने का लिया संकल्प




**स्वतंत्र भारत आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के पूरे परिसर में पैदल मार्च करके 'नशा मुक्त भारत अभियान' का विधिवत शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार के नेतृत्व में किया गया । विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय परिसर से कुलपति प्रो.संजीव कुमार के नेतृत्व एवं प्रो. अजीत कुमार के संयोजकत्व में एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया।इस मार्च में विश्वविद्यालय के शिक्षक,अधिकारी,कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी के हाथों में 'नशा मुक्त समाज,स्वस्थ भारत' और 'युवा पीढ़ी का भविष्य बचाएं' आदि अनेक स्लोगन युक्त लिखी तख्तियां थीं। पैदल मार्च विश्वविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य द्वार तक गया और पुनः परिसर में आकर समाप्त हुआ। मार्च के समापन पर कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने उपस्थित सभी शिक्षकों,कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को नशा न करने और नशे के विरुद्ध समाज को जागरूक करने की शपथ दिलाई। *कुलपति प्रो. संजीव कुमार* ने कहा कि 'नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का यह नैतिक दायित्व है कि वह युवाओं को नशे की बुराइयों से बचाकर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाए। 'नशा मुक्त भारत अभियान' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'समिति के सदस्य रहे मौजूदइस अवसर पर अभियान *समिति के अध्यक्ष प्रो.अजीत प्रसाद कुलसचिव अमृतलाल, परीक्षा नियंत्रक आनंद कुमार, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार चंदन तथा समिति के सदस्यगण डॉ. देवेंद्र ,डॉ. शशि प्रकाश, डॉ. परमानन्द ,डॉ. हरेंद्र, प्रजापति,डॉ. सचिन ,डॉ. मनीषा,आदर्श , शांभवी कुलपति जी के निजी सहायक भूपेंद्र पांडे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि जुलाई 2026 से अप्रैल 2027 तक इस अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी,कार्यशाला,नुक्कड़ नाटक,पोस्टर प्रतियोगिता और जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

# स्वयं सहायता समूहों से महिलाओं को जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए समूह सखियों का प्रशिक्षण आयोजित



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़ ।** जनपद में अधिक से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में तैनात समूह सखियों का उन्मुखीकरण/प्रशिक्षण शिविर हरिऔध कला केंद्र, आजमगढ़ में आयोजित किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त स्वतः रोजगार, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन डॉ. आराधना त्रिपाठी ने की। कार्यशाला में विकास खंड अहिरौला, अतरौलिया, हरैया, लालगंज, मार्टिनगंज एवं मेहनगर की समूह सखियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय राशन कार्डधारक परिवारों की महिलाओं को अधिकाधिक संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के संबंध में समूह सखियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।प्रशिक्षण में लोकोस ऐप के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकसित इस विशेष मोबाइल एप्लीकेशन का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों एवं संकुल स्तरीय संघों से संबंधित डेटा का डिजिटलीकरण करना है। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं नए सदस्यों को समूह से जोड़ने की प्रक्रिया के तहत ई-केवाईसी सत्यापन, फेस ऑथेंटिकेशन तथा आधार ओटीपी सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में समूह सखियों को व्यावहारिक एवं विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।उपायुक्त स्वतः रोजगार डॉ. आराधना त्रिपाठी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने समूह सखियों को निर्देशित किया कि पात्र महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के लिए गांव-गांव जाकर प्रभावी प्रयास करें। उन्होंने प्रत्येक समूह सखी को प्रतिदिन कम से कम एक स्वयं सहायता समूह के गठन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद के 17 विकास खंडों के समूह सखियों का अब तक उन्मुखीकरण किया जा चुका है। प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण के माध्यम से समूह सखियों की कार्यक्षमता बढ़ाते हुए स्वयं सहायता समूहों के विस्तार को गति दी जा रही है।


## कार्यालय नगर पंचायत डेरवा बाजार प्रतापगढ़

पत्रांक 283/ई-टेण्डर/आकांक्षी नगर योजना/न0पं0डे0बा0/2026-27 दिनांक- 24 जुलाई, 2026

### ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत डेरवा बाजार जनपद प्रतापगढ में आकांक्षी नगर योजनान्तर्गत अनु सचिव, उ0प्र0 शासन, अनुभाग-4 लखनऊ, के पत्र संख्या- 2026/002-ई-1965728 दिनांक- 14 जुलाई, 2026 द्वारा प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृति कार्यों को सक्षम अधिकारी के स्वीकृतोपरान्त निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराया जाना है। इस कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदायें ई-प्रोक्योरमेन्ट की अधिकृत वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति निम्नानुसार अपना ई-टेण्डर डाउनलोड एवं अपलोड कर सकते है-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 27.07.2026 | 09:00 पूर्वाह्न बजे |
| निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि | 27.07.2026 | 09:00 पूर्वाह्न बजे |
| निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 20.08.2026 | 13.00 अपराह्न बजे |
| निविदा खुलने की तिथि | 21.08.2026 | 12.00 अपराह्न बजे |
| अपलोड निविदा की हार्ड कापी कार्यालय में जमा करने की तिथि | 21.08.2026 | 10:00 पूर्वाह्न बजे |

**''आकांक्षी नगर योजना''**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 सहित) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0-04 सबलगढ उत्तरी प्राथमिक विद्यालय तोखा का पुरवा में 10 डेस्क बेंच का अधिष्ठापन कार्य। | ₹ 50,000.00 | ₹ 5,000.00 | ₹ 118.00 | 60 दिन | आकांक्षी नगर योजना |
| 2 | वार्ड नं0-07 एनम सेन्टर से प्राथमिक विद्यालय महियामऊ तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | ₹ 22,31,216.00 | ₹ 2,23,122.00 | ₹ 2,714.00 | 90 दिन | आकांक्षी नगर योजना |
| 3 | वार्ड नं0-08 विकारा पूर्वी प्राथमिक विद्यालय में 40 डेस्क बेंच का अधिष्ठापन कार्य। | ₹ 2,00,000.00 | ₹ 20,000.00 | ₹ 236.00 | 60 दिन | आकांक्षी नगर योजना |
| 4 | वार्ड नं0-05 विकारा प्राथमिक विद्यालय सराय इन्द्रावत में 40 डेस्क बेंच का अधिष्ठापन कार्य। | ₹ 2,00,000.00 | ₹ 20,000.00 | ₹ 236.00 | 60 दिन | आकांक्षी नगर योजना |
| 5 | वार्ड नं0-10 सबलगढ दक्षिणी में प्राथमिक विद्यालय में 10 डेस्क बेंच का अधिष्ठापन कार्य। | ₹ 50,000.00 | ₹ 5,000.00 | ₹ 118.00 | 60 दिन | आकांक्षी नगर योजना |
| 6 | वार्ड नं-11 में छोटी माईनर के पास रैन बसेरा का निर्माण। | ₹ 50,00,000.00 | ₹ 5,00,000.00 | ₹ 5,900.00 | 120 दिन | आकांक्षी नगर योजना |
| 7 | वार्ड नं0-11 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से एनम सैन्टर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | ₹ 52,02,363.00 | ₹ 5,20,236.00 | ₹ 6,254.00 | 90 दिन | आकांक्षी नगर योजना |
| 8 | वार्ड नं0-13 उच्च प्राथमिक विद्यालय में 60 डेस्क बेंच का अधिष्ठापन। | ₹ 3,00,000.00 | ₹ 30,000.00 | ₹ 354.00 | 60 दिन | आकांक्षी नगर योजना |

**नियम व शर्ते-**

**समस्त शर्तो को पूरा करने वाली फर्मे ही निविदा में प्रतिभाग कर सकती है।**

1. सशर्त निविदायें मान्य नही होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
2. नगर पंचायत डेरवा बाजार में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदार/बिल्डर्स/कान्ट्रेक्टर्स/वेन्डर के अतिरिक्त अन्य फर्म/ठेकेदार भी शासनादेश सं0-3890/9-5-19-149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते है। निविदा स्वीकृति के उपरान्त शासनादेशानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
3. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत डेरवा बाजार में निहित होगा।
4. **आकांक्षी नगर योजना के कार्य का आंगणन नगर पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।**
5. प्रत्येक निविदा के साथ अग्रिम धरोहर आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर पंचायत डेरवा बाजार के टाउन फण्ड खाता सं0 50100584383131 आई0एफ0एस0सी0 कोड **HDFC0001915** एच0डी0एफ0सी0 बैंक शाखा प्रतापगढ़ में जमा कर सकते है। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया सकेगा अथवा एफ0डी0आर0 के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे।
6. निविदा मूल्य के रुप में मांगी गयी वांछित धनराशि नगर पंचायत डेरवा बाजार के टाउन फण्ड खाता सं0 50100584383131 आई0एफ0एस0सी0 कोड **HDFC0001915** में जमा कर संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति स्कैन कर निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा विवरण निम्न प्रारुप में उल्लेखित कार्य को अलग-अलग विवरण उनकी आंगणन लागत निविदा के अर्नेस्ट मनी निविदा मूल्य पर समयावधि का विवरण वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर देखा जा सकता है। विवरण के अनुसार प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक कार्य हेतु धरोहर एवं टेण्डर फार्म मूल्य तथा प्रपत्र टी-6 अलग अलग जमा करना अनिवार्य होगा।
8. प्रत्येक निविदा के साथ निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र एवं स्वःघोषणा (टी-4, टी-5, टी-6) पैन नं0, जी0एस0टी0, पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. जिस कार्य हेतु निविदा डाली जा रही है उस प्रकार के कार्य से संबंधित किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्थानीय निकाय/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के उपक्रम में कार्य की लागत का न्यूनतम 30 प्रतिशत धनराशि का कार्य कराने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र, कार्य की लागत एवं कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया इत्यादि वर्णित होना आवश्यक है।
10. प्रत्येक निविदादाता को निविदा डालने से पूर्व कार्य से संबंधित रेखा चित्र, डिजाईन, स्थल इत्यादि प्रविष्टियों का भलिभांति निरीक्षण/अवलोकन कर ले निविदा स्वीकृति के उपरान्त किसी भी प्रकार का क्लेम मान्य नही होगा। उक्त सूची में निर्माण कार्य के स्थल का भलिभाति निरीक्षण अवश्य कर लें।
11. प्रत्येक निविदादाता को आई0टी0आर0 प्रमाण पत्र जो सी0ए0 द्वारा प्रमाणित हो निविदा की लागत का न्यूनतम 30 प्रतिशत या उससे अधिक हो प्रत्येक निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. प्रत्येक निविदादाता को अपनी फर्म/कंपनी/संस्था को चालू खाता का प्रमाण पत्र एवं जिस बैंक में खाता है उस बैंक से संतोषजनक लेन-देन का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. अनुबंध हेतु स्टाम्प अधिनियम/मा0 न्यायालय द्वारा जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे, उसका अनुपालन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
14. निविदादाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश के अनुसार जमानत धनराशि गठित किया जायेगा। निविदादाताओं द्वारा उक्त जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।
15. अपठनीय/अस्पष्ट स्कैन कॉपी टेण्डर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
16. बिल ऑफ क्वांटिटी में सभी कटौती या इत्यादि इस्टीमेंट के अनुसार की जायेगी।
17. जी0एस0टी0 के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी प्राविधान लागू होने तथा नियमानुसार आयकर व अन्य करों की कटौती की जायेगी।
18. निविदा स्वीकृति के पश्चात फर्म एवं ठेकेदार को एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण करनी होगी। अन्यथा ठेकेदार की निविदा को निरस्त करते हुए दूसरे नं0 की निविदा पर विचार किया जा सकता है।
19. ऐसे निविदादाता जिसका सगा, संबंधी नगर पंचायत डेरवा बाजार में अधिकारी या कर्मचारी के पद पर आसीन होंगे को कार्य करने की अनुमति प्रदान नही की जायेगी। निविदा को इस संबंध में नाम तथा पद सहित कार्यकारी रिश्तेदार का शपथ पत्र पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
20. कोई भी निविदादाता जो स्टेटबार काउंसिल में पंजीकृत है उन्हे निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नही दी जायेगी। अनुबन्ध होने के उपरान्त भी यदि उक्त तथ्य संज्ञान में आता है तो समाधान एवं संस्तुति की दशा में ऐसे अनुबन्ध सक्षम अधिकारी द्वारा आदेश कर तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
21. निविदादाता को निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्प्ले बोर्ड पर कार्य का पूर्व विवरण कार्यदायी संस्था कार्य प्रारम्भ होने की तिथि एवं कार्य समाप्त होने की संभावित तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
22. निविदा से संबंधित उपरोक्त कार्यो के बिल का भुगतान उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार/शासन द्वारा सम्परीक्षित करने के उपरान्त की जायेगा।
23. कोई भी निविदादाता जो राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो व निविदा प्रक्रिया में भाग नही ले सकेगा।
24. यदि कोई भी निविदादाता निर्धारित विधि एवं प्रक्रिया के विरुद्ध अनुबन्ध करने हेतु सक्षम प्राधिकारी पर दबाव/असम्यक आशा डालता है तो प्रश्नगत निविदादाता के न्यूनतम मूल्य की स्थिति में उसकी निविदा निरस्त की जा सकती है।
25. प्रत्येक निविदादाता को कार्य स्वीकृति के उपरान्त कार्य करने के दौरान कार्य स्थल पर स्वयं रहना होगा या अपने प्रबंधक को कार्य स्थल पर रखना होगा। जिससे कार्य के संबंध में आवश्यक निर्देश यथासमय उसे दिया जा सकें। निविदादाता को ऐसे नियुक्त किये गये प्रबंधक की सूचना कार्यालय में लिखित रुप से देना होगा।
26. निविदादाता को कार्य स्वीकृति के उपरान्त कार्य समाप्त होने के पश्चात समाप्ति की सूचना लिखित रुप से कार्यालय को देना होगा तथा कार्य स्थल से समस्त मलबा आदि अपने व्यय से हटाना होगा।
27. प्रत्येक निविदादाता को निर्धारित अवधि में कार्य समाप्ति करना होगा अकारण अवधि नही बढ़ायी जायेगी नियत अवधि में कार्य समाप्त न होने की दशा में विभाग को अवशेष कार्य के 10 प्रतिशत के बराबर अर्थ दण्ड प्रतिदिन की दर से निविदादाता के बिलो से/जमानत आदि वसूलने का अधिकार होगा।
28. प्रत्येक निविदादाता को निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य समाप्त करने से कम से कम तीन दिन पूर्व अवर अभियन्ता को लिखित रुप में माप तौल करने हेतु सूचना देना अनिवार्य होगा माप तौल करने के बाद ही कार्य को ढकेगा यदि उसके ऐसा न करने के कारण कार्य की जाँच अथवा माप तौल के लिये कार्य को उखाड़ा गया तो इसमे जो भी व्यय होगा निविदादाता को वहन करना होगा।
29. विभाग द्वारा जब तक लिखित आवेदन न हो प्रत्येक निविदादाता को निविदा स्वीकृति के उपरान्त स्वीकृति प्राकलन एवं प्रारुप एवं रेखा चित्र के अनुसार कार्य करना होगा प्राकलन के वर्णित आइटमो के अतिरिक्त यदि अन्य कोई आइटम विभाग निविदादाता से कराता है तो उसका भुगतान लो0नि0वि0 के शिड्यूल्ड ऑफ रेट (दर अनुसूची) की तत्कालीन दर अथवा दर अनुसूची पर आधारित विश्लेषण (Analysis & Schedule) तत्कालीन मार्केट रेट मे जो कम होगा पर किया जायेगा।
30. निविदादाता को कार्य स्वीकृति के उपरान्त कार्य की अवधि में कार्य मे प्रयोग हेतु निम्न श्रेणी या अनुमानित मानक से निम्न स्तर की सामग्री कार्य स्थल पर लायी जाती है तो निविदादाता को उसे अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार कार्य स्थल से हटानी होगी न हटाने की दशा मे विभाग को अधिकार होगा कि उक्त सामग्री को स्वयं हटवाकर निविदादाता के दायित्व पर उचित स्थान पर रखवा दें तथा उस पर आने वाला व्यय निविदादाता के बिल से वसूल कर लें।
31. प्रत्येक निविदादाता निविदा स्वीकृति के उपरान्त ऐसे समस्त दावों का क्षति पूर्ति देना, जो किसी व्यक्ति की ओर से चाहे वो कार्यरत हो या न हो हानि पहुच जाने के कारण किये जायेंगे। नगर पंचायत किन्ही ऐसे दावे के विरुद्ध श्रमपूर्ति एक्ट 1923 की बिन्दु (12) की उपबिन्दु (1) के अनुसार या उनके संशोधन के अनुसार किसी न्यायालय में झगड़ने के लिए बाध्य न होगा जब तक की निविदादाता इसके लिए लिखित प्रार्थना पत्र न दे और वांछित धन नगर पंचायत कोष में जमा न कर दे जो नगर पंचायत का अपने दायित्व करने के लिए यथेष्ट हो।
32. प्रत्येक निविदादाता को निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य के दौरान चालू देयक (रनिंग बिल) लेने का अधिकार होगा जो अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता द्वारा विधिवत माप कर आंगणन की जाँच एवं आवश्यक कटौती करके भुगतान संबंधित कार्यवाही की जायेगी।
33. तकनीकी बिड खोलने के उपरान्त तकनीकी बिड में पास प्रत्येक निविदादाता को अभिलेखों की मूलप्रति निविदा स्वीकृति के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी को निर्देशानुसार जमा करना अनिवार्य होगा। तदोपरान्त ही वित्तीय बिल स्वीकार किया जायेगा।
34. निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य प्रारम्भ से पूर्व प्रत्येक निविदादाता को श्रम विभाग के नियमानुसार अपने फर्म/श्रमिकों का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
35. प्रत्येक निविदादाता को प्रत्येक निविदा के साथ अपने लेटर पैड पर इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि निविदा की समस्त शर्ते मान्य है।
36. ऑनलाइन निविदा खोलते समय यदि तकनीकी खराबी होती है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
37. प्रत्येक कार्य का कार्य से पूर्व, कार्य के दौरान, एवं कार्य के पश्चात सभी कार्यों का जीयो टैग फोटो लगाना अनिवार्य होगा, कार्य का फोटो न लगाने की स्थिति में उस कार्य का भुगतान रोक दिया जायेगा।
38. बिन्दु 01 से 37 तक पारित समस्त नियम व शर्तों में यदि किसी भी प्रकार की बाते छिपाई जाती है तो उस फर्म/ठेकेदार का निविदा निरस्त करते हुए उनके खिलाफ उचित कार्यवाही की जायेगी।

**(अजीत कुमार सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत डेरवा बाजार,**
**प्रतापगढ़**

**(कुँवर बहादुर पटेल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत डेरवा बाजार,**
**प्रतापगढ़**

# थाना समाधान दिवस : एसडीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं कुल 24 शिकायतें आईं, 1 का मौके पर निस्तारण



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने की। इस दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकांश मामले जमीन के बंटवारे, कब्जे और पैमाइश से जुड़े रहे। एसडीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को जांच के आदेश दिए। प्राप्त 24 शिकायतों में से 1 मामले का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष मामलों में निष्पक्ष जांच के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा गया। उपजिलाधिकारी अजीत कुमार ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों की समयबद्ध और निष्पक्ष जांच कर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।इस अवसर पर सहायक चकबंदी अधिकारी देवेंद्र कुमार यादव, चकबंदी निरीक्षक बृजेश सिंह, राकेश कुमार, अम्बिका प्रसाद, राजस्व निरीक्षक शिव कुमार चौबे, अशोक दुबे, प्रमोद सिंह, थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव सहित लेखपाल अमिताभ यादव, राज कुमार, सुशील, संजय, विनोद कुमार, शिव बाबू, संतोष, कृष्ण चंद्र मिश्र, सर्वेश सिंह, विंदेश मौर्य, श्री प्रकाश सिंह समेत राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# हलिया में दिनदहाड़े घर में चोरी, 20 हजार नगद व लाखों के जेवरात ले गए चोर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के सोठिया गोलरा गांव में शुक्रवार को चोरों ने दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर नगदी व लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। सोठिया खुर्द गोलरा गांव निवासी अंकित कुमार पुत्र राधेश्याम ने थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 25 जुलाई की सुबह वह परिवार के साथ घर में ताला लगाकर



नर्सरी का धान उखाड़ने खेत पर गए थे। घर खेत से करीब 100 मीटर दूर है।

पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर का मुख्य ताला तोड़ दिया। चोरों ने अंदर रखी अलमारी और बक्से के ताले भी तोड़कर सामान बिखेर दिया। चोर घर से 20 हजार रुपये नगद, 4 सोने की सिकड़ी, 1 सोने का हार, 2 मंगलसूत्र, 2 जोड़ा बाला, 3 सोने की अंगूठी, 1 जोड़ा सोने का झुमका, 1 सोने का ओकर और 2 जोड़ा चांदी की पायल चोरी कर ले गए।दोपहर 10:10 बजे जब परिवार वापस घर लौटा तो ताला टूटा देखकर होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो लाखों का सामान गायब था।अंकित कुमार ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई और चोरी का माल बरामद करने की मांग की है।


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना
मेरा नाम पहले रूबी शाहिद था जिसे बदलकर रूबी उसमान रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। रूबी उसमान पत्नी फारुख उसमान ग्रा.मो तारीन टिकली सदर, शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 847/D-27**

### सूचना
मैंने अपनी कक्षा 12वीं की मूलस्थानांतरण प्रमाणपत्र (टी.सी.) संख्या 21306172003 एवं चरित्रप्रमाणपत्र, जो कैम्ब्रिज कॉन्वेंटस्कूल, पुवायां से जारी किए गए हैं, खो दिए हैं। अरप्रीतसिंह पुत्र बाबूराम यादव ग्राम व पो. गंगसरा, पुवायाँ, शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 847/D-25**

### सम्बंध विच्छेद
अपने पुत्र आशीष पुत्रवधू जसोदा को दुर्व्यवहार के कारण चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिया है। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगे। रमेश पुत्र बालकराम नि. धनसिंहपुर,थाना खुटार, शाहजहांपुर।
**सी.आर.- 847/D-25**

### सूचना
सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम मो. नाजिम (Mohammad Najim) था अब मैंने अपना नाम बदलकर मोहम्मद नजिम (Mohammad Nazim) रखलिया है, मोहम्मद नजिम पुत्र मो.आरिफ ग्रामवपोस्ट बड़ागांव थाना पुवाया, जिला शाहजहांपुर आज से सभी लोग मुझे इसी नाम से जाने व पहचाने।
**सी.आर.- 847/D-37**

### सूचना
मैं विकास सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह ग्राम पहाड़पुर बीकेटी लखनऊ का निवासी हूं। मैंने 2023 में बीकेटी इंटर कॉलेज से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। मेरा अनुक्रमांक 1231111502 है मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र घर से कॉलेज जाते समय कहीं गिर गया।
**सी.आर.- 845/L-36**

### सूचना
मैंने अपने पुत्र अभिषेक कुमार को उसके परिवार विरोधी कृत्यों के कारण उससे सम्बन्ध-विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। मंजू देवी पत्नी दिनेश कुमार, नि.-ग्रा.व पो.-गोसवा मल्लावां, जनपद हरदोई उ.प्र.।
**सी.आर.- 842/L-47**

### सूचना
मेरे पासपोर्ट में उपनाम गलती से मोहम्मद हुसैन दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पिता का नाम मोहम्मद हुसैन है। मेरा कोई उपनाम नहीं है।
सरवर हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन नि. नरसवा, तह.डलमऊ जिला रायबरेली।
**सी.आर.- 844/D-28**

### सूचना
मैं हरिकेश पुत्र जगन्नाथ नि. जैतूपुर, मीरगंज, रायबरेली मैंने अपने पुत्र सूरज को परिवार विरोधी चाल चालन होने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में मेरा इससे कोई लेना देना नहीं है।
**सी.आर.- 844/D-30**

### पूर्वोत्तर रेलवे
सूचना संख्या 124/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को सुविधा प्रदान करने हेतु गाड़ी संख्या 15312/15311 कासगंज–ऐशबाग–कासगंज एक्सप्रेस का नियमित संचलन कासगंज से दिनांक 27.07.2026 से निम्नानुसार किया जाएगा।

**नियमित गाड़ी सं. 15312/15311 कासगंज-ऐशबाग-कासगंज एक्सप्रेस (प्रतिदिन)**

गाड़ी सं. 15312 कासगंज से और 15311 ऐशबाग से दिनांक 27.07.2026 से प्रतिदिन।

| गाड़ी सं. 15312 कासगंज–ऐशबाग | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 15311 ऐशबाग–कासगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 04:20 | कासगंज | 22:40 | — |
| 05:00 | 05:02 | उझानी | 21:23 | 21:25 |
| 05:20 | 05:25 | बदायूं | 21:05 | 21:10 |
| 06:13 | 06:15 | बरेली | 20:08 | 20:10 |
| 06:35 | 06:37 | इज्जतनगर | 19:33 | 19:35 |
| 07:35 | 07:40 | पीलीभीत | 18:40 | 18:45 |
| 08:38 | 08:40 | पूरनपुर | 17:50 | 17:52 |
| 09:20 | 09:30 | मैलानी | 17:15 | 17:25 |
| 09:48 | 09:50 | गोला गोकरननाथ | 16:38 | 16:40 |
| 10:24 | 10:26 | लखीमपुर | 16:08 | 16:10 |
| 10:50 | 10:52 | सीतापुर | 15:18 | 15:20 |
| 11:44 | 11:46 | सिधौली | 14:56 | 14:58 |
| 12:21 | 12:23 | मोहिबुल्लापुर | 14:18 | 14:20 |
| 13:00 | — | ऐशबाग | — | 14:00 |

रैक संरचना: सामान्य द्वितीय श्रेणी–04, वातानुकूलित कुर्सीयान–01, द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान–09, सामान्य–सह–लगेज वैन–01, एलएसएलआरडी–01= (कुल–16 कोच)
मुजाधि/टी–36 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/गोरखपुर
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थों को लेकर यात्रा न करें



### उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
**ई-निविदा सूचना संख्या 24 से 26/ECTC, PRG/2026-27**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा ई-निविदा सूचना संख्या 24 से 26/ECTC, PRG/2026-27 से सम्बन्धित आवश्यक विवरण (धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं कार्यावधि) इलेक्ट्रानिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका पूर्ण विवरण ई-पोर्टल पर उपलब्ध है। निविदा अभिलेख/प्रपत्र ऑनलाईन उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर दिनांक 24.08.2026 को 14:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जिसे डाउनलोड कर ऑनलाईन http://etender.up.nic.in साइट पर दिनांक 24.08.2026 को 14:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। निविदायें दिनांक 25.08.2026 को 15.00 बजे से खोली जायेंगी। विस्तृत विवरण एवं अन्य कोई सुधार/परिवर्तन/संशोधन/ विस्तार/ शुद्धिपत्र हेतु उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर देख सकते है। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, उ०प्र०पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, 57-जार्ज टाउन, प्रयागराज। हेल्प लाईन दूरभाष सं० 0532-2256298 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें'।**
पत्रांक-1559/वि०पा०म०(प्र)/टी-4 दिनांक-24-7-2026

### पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्या NER-BSB0SnT-OT-35-2026

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए 'खुली-ई' निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक 1:–** निविदा सूचना सं एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-35-2026, **कार्य का नाम:** वाराणसी डिवीजन के [illegible] स्टेशन पर पूरे यार्ड में विश्वसनीयता और [illegible] को बेहतर बनाने के लिए [illegible] डिजिटल एक्सल काउंटर लगाने का कार्य। विवरण–अनुमानित लागत: ₹14278000.00, बयाना की राशि: ₹289800.00, निविदा प्रपत्र की कीमत: 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 माह। निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय– 19.08.2026 को 15.00 बजे।
1. ई-निविदा दिनांक 19.08.2026 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2.पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट i.e. www.ireps.gov.in देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार मुजाधि/सिगनल–78 वाराणसी
यात्रियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

### पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 38/2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से 'खुली' निविदा आमंत्रित करते हैं।
**क्र.सं.1:**–कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के [illegible]/काशीपुर के अंतर्गत रामपुर – लालकुआं अनुभाग में टी.आर.आर.(पी) – 57.6 ट्रैक किमी एवं टी.टी.आर.(टी.डब्ल्यू.एस.)–13 सेट के कार्य के लिए 260 मीटर लंबे रेल पैनल एवं 13/26/39 मीटर लंबी रेलों की फ्लैश बट वेल्डिंग। अनुमानित लागत रूपयों में ₹9,11,47,874.20, बयाना राशि रूपयों में ₹10,23,000/– निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।
1. ई-निविदा दिनांक 17.08.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2.ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), मुजाधि/डब्लू–244 इज्जतनगर
यात्रियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

### अदालती सूचना
बअदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कानपुर नगर
प्रकीर्ण वाद सं० 426 सन 2024
वाद सं० 844 सन 2023
(आशीष मिश्रा बनाम–श्रीमती वन्दना शुक्ला) आशीष मिश्रा बालिग उम्र लगभग 33 वर्ष पुत्र श्री शिव प्रकाश मिश्रा निवासी मकान नं0 3डी–145, आवास-विकास, हसपुरा, थाना नौबस्ता, कानपुर नगर। मो. 7678953624...प्रार्थी/वादी
बनाम – श्रीमती वन्दना शुक्ला बालिग उम्र लगभग 43 वर्ष पत्नी श्री आशीष मिश्रा स्थायी निवासिनी 13/144, पश्चिमी गंगाघाट, शुक्लागंज, थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव, हाल निवासिनी–डायमण्ड स्टील वेयरहाउस रोड, निकट भाजपा कार्यालय, थाना कोतवाली सदर, लखीमपुर खीरी। वर्तमान पता: प्राथमिक विद्यालय [illegible], विकास खण्ड [illegible], जनपद लखीमपुर खीरी उ.प्र.
विपक्षी/प्रतिवादिनी
प्रार्थनापत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4, सपठित धारा– 151 सी०पी०सी०
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत प्रार्थनापत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4, सपठित धारा–151 सी०पी०सी० के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 28.07.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 18.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, सदर मुन्सरिम प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कानपुर नगर
**सी.आर.- 846/K-CN**


## पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर सपा ने अर्पित की श्रद्धांजलि
# संसद तक का संघर्षपूर्ण व असाधारण सफर था फूलन का



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा स्थानीय जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर पूर्व सांसद फूलन देवी की 25वीं पुण्यतिथि श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर स्व. फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि जालौन के एक छोटे से गांव के गरीब परिवार में जन्मी फूलन जी के साथ घटित भेदभाव व अत्याचार उत्पीड़न की भयानक घटनाओं ने उनके जीवन की दिशा बदल दी, जिसके कारण उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुना। चंबल की बीहड़ों से लेकर देश की संसद तक का उनका असाधारण व संघर्षपूर्ण सफर पार्टी संस्थापक धरतीपुत्र श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह यादव जी से प्रेरित रहा।गोष्ठी का संचालन करते हुए जिला महामंत्री आदर्श यादव ने कहा कि 1996 व 99 के लोकसभा चुनावों में मिर्जापुर से लोकसभा का चुनाव जीतने वाली फूलन जी ने सांसद रहते हुए निष्छल व निष्कपट भाव से सदैव गरीबों, मजलूमों, वंचितों व उत्पीड़ितों के सहयोग का हरसंभव कार्य किया, जिनकी 25 जुलाई 2001 को दिल्ली स्थित उनके आवास के बाहर गोली मार कर हत्या कर दी गई। इस अवसर पर उपस्थित पार्टीजनों मे मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष यादव, रोहित शुक्ला लल्लू, डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, राजेश भारती, रामजी बिंद, झल्लू यादव, बलराम यादव, जमाल अहमद, अभय यादव, रवि सोनकर, रामजी यादव, मेवा लाल प्रजापति, रमा शंकर कोल, राम मिलन यादव, कन्हैया यादव, मनोज चौहान, अनीस खान, राकेश यादव, अभिषेक दुबे, चंदन यादव, भारत बिंद, उपेन्द्र तिवारी, जय शंकर यादव, वंदना गुप्ता, दिव्या गुप्ता, श्याम सुंदर सोनकर, अमर नाथ चक्रवाल, रामजी चौहान व रवि यादव इत्यादि शामिल रहे।

# एएसजी व सुश्रत नेत्र क्लब के तत्वाधान में 500 से अधिक लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण

**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** बस चालक खलासी व बच्चों की आंखों में आ रही खामियों के बीच शनिवार को नागरपुर स्थित डॉ सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी अग्रणी शिक्षण संस्था में ए एस जी व सुश्रत नेत्र क्लब के संयुक्त तत्वाधान में छात्रों,अध्यापको व बस चालक व सहायको का नेत्र परीक्षण किया गया। सुबह 9 बजे शुरू हुए नेत्र परीक्षण में सर्वप्रथम लगभग 80 की संख्या में मौजूद बस चालक व सहायको का नेत्र परीक्षण किया जहा नेत्र की स्थिति देखने के बाद उन्हें चश्मे व दवाइया वितरित की गयी वही आँखों की समस्या वाले छात्र छात्राओं का भी नेत्र परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए गए अंत मे विद्यालय में कार्यरत 80 से



अधिक अध्यापको का नेत्र परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए गए नेत्र परीक्षण में जाने माने नेत्र सर्जन डॉ तेजबली सिंह ने सभी के आंखों की जांच की वही जांच करने वाली टीम में एएसजी के प्रबंधक गौरव श्रीवास्तव, मार्केटिंग मैनेजर उत्कर्ष श्रीवास्तव, संजय सिंह, विमलेश, अनिल पाल व संदीप ने सहयोग किया इस दौरान विद्यालय के उपनिदेशिका नीतू सिंह, प्रधानाचार्य डॉ वेद प्रकाश,प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह,समन्वयक माया सिंह,अखिलेश श्रीवास्तव सहित तमाम अध्यापकगण मौजूद रहे।

# एसएसबी जवानों ने पेश की मानवता की मिसाल सड़क हादसे में घायल तीन लोगों की बचाई जान

**स्वतंत्र भारत बढ़नी सिद्धार्थनगर।** 50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बलरामपुर के बी-समवाय महादेव बुजुर्ग और सी-समवाय बढ़नी कैंप के जवानों ने सड़क हादसे में घायल तीन लोगों की तत्काल मदद कर मानवता की मिसाल पेश की। जवानों की त्वरित कार्रवाई से गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सका।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को वाहिनी मुख्यालय बलरामपुर में आयोजित सैनिक सम्मेलन में शामिल होकर जवान वापस लौट रहे थे। इसी दौरान गैसड़ी बाजार से करीब एक किलोमीटर पहले वाहन आरक्षी चालक विनोद गोदारा की नजर सड़क किनारे पड़े लोगों पर पड़ी। उन्होंने इसकी जानकारी पार्टी कमांडर सब इंस्पेक्टर श्रवण दौहात



को दी। वाहन रोककर जवान मौके पर पहुंचे तो एक मोटरसाइकिल सवार दंपती और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले।

मौके की गंभीरता को देखते हुए सब इंस्पेक्टर श्रवण दौहात ने तत्काल गैसड़ी पुलिस को सूचना दी। इसके बाद आरक्षी चालक विनोद गोदारा, मुख्य आरक्षी दिमान सिंह, चौरसिया, आरक्षी सामान्य रोशन, शैलेन्द्र कुमार और आरक्षी रसोइया विष्णु सैन की मदद से घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद एसएसबी के सरकारी वाहन से तीनों घायलों को तत्काल गैसड़ी स्थित डॉ. संतोष कुमार सिंह अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान राजू कुमार (25) पुत्र स्वर्गीय रामनरेश, निवासी मटहेना सदरडी, गैसड़ी, मूल निवासी बिशनपुर तथा मोटरसाइकिल सवार राहुल कुमार (23) और उनकी पत्नी कविता (22) के रूप में हुई।


### कार्यालय नगरपालिका परिषद गौरा बरहज, जनपद- देवरिया

पत्रांक: मेमो/2026न०पा०परि० (2026–27) दिनांक: 22–07–2026

**अल्पकालिक निविदा–सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग एवं बोर्ड फण्ड की संस्तुति के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगरपालिका सीमान्तर्गत श्रावन मास–2026 के शुभ अवसर पर सरयू नदी के सभी घाटों पर प्रकाश व ध्वनि विस्तारक, खोया–पाया स्टाल, टेन्ट कुर्सी, मेज जेनरेटर, बैरिकेटिंग, सी०सी०टी०वी० कैमरा, चेंजिंग रूम, बैनर–पोस्टर, नील कण्ठ मंदिर पर बैरिकेटिंग व सी०सी०टी०वी० कैमरा लेबर मिस्त्री सहित कार्य हेतु दिनांक 29.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक शील बन्द निविदाए आमंत्रित की जाती है, जो नगरपालिका कार्यालय में रखी निविदा पेटिका में डाली जायेगी। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपराह्न 04:00 बजे नगरपालिका कार्यालय में सक्षम अधिकारी द्वारा खोला जायेगा। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय दिवस एवं समय एवं समय के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरा बरहज से प्राप्त की जा सकती है। उक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र GST पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को ही विक्रय की जायेगी।

अध्यक्ष को पूर्ण अधिकार होगा कि किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त कर दें। ठेका स्वीकृति के पश्चात आवश्यक स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध कराना होगा।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | श्रावन मास–2026 के शुभ अवसर पर सरयू नदी के घाटों पर प्रकाश व ध्वनि विस्तारक, खोया–पाया स्टाल, टेन्ट कुर्सी, मेज जेनरेटर, बैरिकेटिंग, सी०सी०टी०वी० कैमरा, चेंजिंग रूम, बैनर–पोस्टर, नील कण्ठ मंदिर पर बैरिकेटिंग व सी०सी० टी०वी० कैमरा लेबर मिस्त्री सहित कार्य। | 250000.00 |

**नियम व शर्ते :–**
1– अधिकृत फर्म/विक्रेता/सप्लायर द्वारा आयकर पैन/जी०एस०टी० में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा तथा जी०एस०टी० दर सहित प्रस्तुत करें।
3– कार्य स्थल पर सामग्री को लाने अथवा ले जाने हेतु फर्म को कोई अतिरिक्त धनराशि का भुगतान नगर पालिका द्वारा नहीं किया जायेगा। फर्म को सामग्री की आपूर्ति नगर पालिका कार्यालय में स्वयं के खर्च से पहुंचाकर करनी होगी।
4– नगर पालिका द्वारा स्वीकृत किये गये दर कार्यादेश में दी गयी मात्रा के अनुसार फर्म द्वारा सामग्री आपूर्ति किये जाने के पश्चात भविष्य में पुनः आवश्यकता पड़ने पर स्वीकृत दर पर अतिरिक्त/अधिक सामग्री हेतु कार्यादेश निर्गत किये जाने पर फर्म को सामग्री आपूर्ति करनी होगी।
5– नगर पालिका में सामग्री की आपूर्ति फर्म द्वारा किये जाने के उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज**
**देवरिया**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज**
**देवरिया**

### मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अम्बेडकरनगर।

ई-निविदा सूचना, **विज्ञापन आ0सं0 2361 दिनांक: 22.07.2026**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. निविदा संख्या 24/वि0वि0मं0(अ0)/2026-27: विद्युत वितरण खण्ड, अकबपुर अम्बेडकरनगर क्षेत्र के अन्तर्गत कावड़ यात्रा में विद्युत लाइनों एवं खम्भों को व्यवस्थित करने एवं अन्य कार्यों हेतु। धरोहर धनराशि रू0 4,130.00। निविदा शुल्क रू0 1,180.00।
2. निविदा संख्या 25/वि0वि0मं0(अ0)/2026-27 : विद्युत वितरण खण्ड, जलालपुर अम्बेडकरनगर क्षेत्र के अन्तर्गत कावड़ यात्रा में विद्युत लाइनों एवं खम्भों को व्यवस्थित करने एवं अन्य कार्यों हेतु। धरोहर धनराशि रू0 3,140.00। निविदा शुल्क रू0 1,180.00।
3. निविदा संख्या 26/वि0वि0मं0(अ0)/2026-27: विद्युत वितरण खण्ड, टाण्डा अम्बेडकरनगर क्षेत्र के अन्तर्गत कावड़ यात्रा में विद्युत लाइनों एवं खम्भों को व्यवस्थित करने एवं अन्य कार्यों हेतु। धरोहर धनराशि रू0 4,130.00। निविदा शुल्क रू0 1,180.00।
4. निविदा संख्या 27/वि0वि0मं0(अ0)/2026-27: विद्युत वितरण खण्ड, आलापुर अम्बेडकरनगर क्षेत्र के अन्तर्गत कावड़ यात्रा में विद्युत लाइनों एवं खम्भों को व्यवस्थित करने एवं अन्य कार्यों हेतु। धरोहर धनराशि रू0 3,520.00। निविदा शुल्क रू0 1,180.00।
5. निविदा संख्या 28/वि0वि0मं0(अ0)/2026-27: विद्युत वितरण खण्ड, जलालपुर क्षेत्र में एच0टी0/एल0टी0 लाइनों एवं विद्युत खम्भों के अनुरक्षण आदि कार्यों हेतु, धरोहर धनराशि रू0 8100.00। निविदा शुल्क रू0 1,180.00।
6. निविदा संख्या 29/वि0वि0मं0(अ0)/2026-27: विद्युत वितरण खण्ड, आलापुर क्षेत्र में एच0टी0/एल0टी0 लाइनों एवं विद्युत खम्भों के अनुरक्षण आदि कार्यों हेतु धरोहर धनराशि रू0 8100.00। निविदा शुल्क रू0 1,180.00।

ई निविदा की अंतिम तिथिः 10 अगस्त 2026, 12.00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

# होर्मुज में एलपीजी टैंकर पर मिसाइल हमला

## दूतावास ने नाविकों की सुरक्षा को लेकर क्या कहा?



**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य के पास शुक्रवार को ईरान के जल क्षेत्र में मोजाम्बिक के झंडे वाला एलपीजी टैंकर 'दिशा' (आईएमओ नं. 8818219) हमले का शिकार हो गया। टैंकर पर 28 भारतीय चालक दल के सदस्य सवार थे। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने पुष्टि की है कि सभी भारतीय सुरक्षित हैं। दूतावास ने बताया कि हमले से पहले जहाज ने संकट संदेश भेजा था और अज्ञात मिसाइलों से हमले की जानकारी दी थी। हाल ही में भारत के समुद्री प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से भारतीय नाविकों की इस क्षेत्र में तैनाती से बचने की सलाह भी जारी की थी। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने जारी बयान में कहा कि उसे इस घटना की पूरी जानकारी है। दूतावास ने संबंधित ईरानी अधिकारियों से संपर्क कर यह सुनिश्चित किया है कि जहाज पर मौजूद सभी 28 भारतीय चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। साथ ही दूतावास ने कहा कि वह स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है और संबंधित एजेंसियों के संपर्क में बना हुआ है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, सार्वजनिक वीएचएफ समुद्री रेडियो चैनल की ऑडियो रिकॉर्डिंग में सामने आया कि जहाज ने होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट संकट संदेश (डिस्ट्रेस कॉल) भेजा था। रिकॉर्डिंग में एक व्यक्ति, जिसे एक नाविक ने अमेरिकी सैन्य ऑपरेटर बताया, एक व्यापारी जहाज को बार-बार चेतावनी देता सुनाई देता है कि वह ईरानी जलक्षेत्र की ओर बढ़कर नियमों का उल्लंघन कर रहा है। रिकॉर्डिंग में कथित तौर पर कहा गया, 'आप ईरान की ओर बढ़ते हुए नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। आपको कई बार चेतावनी दी जा चुकी है। मैं आपके इंजन रूम पर फायरिंग की तैयारी कर रहा हूं। इंजन रूम खाली करने के लिए आपके पास 15 मिनट का समय है।

## यौन उत्पीड़न में आईसीसी के मुख्य अभियोजक पद से हटाए गए

**हेग।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के सदस्य देशों ने शुक्रवार को मुख्य अभियोजक करीम खान को पद से हटाने के लिए मतदान किया। आईसीसी के 125 सदस्य देशों ने महिला सहायक से यौन उत्पीड़न के दोषी करीम खान को हटाया। यह पहला मौका है, जब किसी मुख्य अभियोजक को निकाला गया है। 56 वर्षीय खान ने आरोप का लगातार खंडन किया है। अदालत की निगरानी संस्था ने अपनी रिपोर्ट में खान को गंभीर दुराचार का दोषी पाया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका आईसीसी को खत्म करने के लिए अभियान चला रहा है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में इस्राइल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि करीम खान का यह मानना गलत था कि इस्राइल के खिलाफ कार्रवाई करने से दुनिया उनके आरोपों को भूल जाएगी।



कुदरत का नजारा: 'पानी के पास शांति से समय बिताते मगरमच्छ।' (फोटो : प्रणव कुकरेती)

## एक नज़र

### पाक में पुलिस चौकी पर बड़ा हमला, 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान एक बार फिर आतंकवादी हिंसा की बड़ी घटना से दहल गया। देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में शुक्रवार तड़के संयुक्त पुलिस चौकी पर हुए हमले में 12 सैनिकों, दो पुलिसकर्मियों और वन विभाग के एक कर्मचारी समेत कुल 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में 12 आतंकवादियों को भी मार गिराया। इस घटना ने एक बार फिर पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा और आतंकवाद से निपटने की चुनौती पर सवाल खड़े कर दिए। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा के अनुसार, आतंकवादियों ने पहले संयुक्त चौकी की सुरक्षा व्यवस्था को तोड़ा और अंदर घुसने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। लेकिन भागते समय आतंकियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन को चौकी की बाहरी दीवार से टकरा दिया। इस शक्तिशाली विस्फोट से चौकी की इमारत और अन्य ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा। विस्फोट इतना भीषण था कि मौके पर ही कई सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई। विस्फोट के बाद सुरक्षा बलों ने भाग रहे आतंकवादियों का पीछा किया। अभियान के दौरान 12 आतंकवादियों को मार गिराया गया। सेना ने बताया कि इलाके में अभी भी क्लियरेंस और सर्च ऑपरेशन जारी है, ताकि यदि कोई आतंकी छिपा हो तो उसे भी पकड़कर कार्रवाई की जा सके। सुरक्षा एजेंसियां पूरे क्षेत्र की निगरानी कर रही हैं और चौकी के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।

### चीन में मिट्टी ढहने से पांच लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के उत्तरी शांक्सी प्रांत में मिट्टी का बड़ा हिस्सा ढहने से एक घर दब गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। लोएस ऐसी मिट्टी होती है, जो हवा के जरिये जमा होती है। इसमें मुख्य रूप से गाद के साथ चिकनी मिट्टी, रेत और कैल्शियम कार्बोनेट होता है। यह हादसा शुक्रवार शाम लिनफेन शहर के होंगतोंग काउंटी के दिकुन कस्बे के हाओयी गांव में हुआ। यह इलाका लोएस पठार में स्थित है। अधिकारियों ने बताया कि मिट्टी का बड़ा हिस्सा ढहने के बाद एक घर उसके नीचे दब गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, स्थानीय पुलिस, दमकल कर्मियों और चिकित्साकर्मियों की टीमों ने मलबे में फंसे सभी आठ लोगों को बाहर निकाल लिया।

### रंगभेद विरोधी योद्धा शांति नायडू का 91 वर्ष की आयु में निधन

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की स्वतंत्रता सेनानी और रंगभेद विरोधी कार्यकर्ता शांति नायडू का शुक्रवार को 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह महात्मा गांधी के सहयोगी थम्बी नायडू की पोती थीं। 6 मार्च 1935 को प्रिटोरिया में जन्मीं शांति नायडू ने ट्रांसवाल इंडियन यूथ कांग्रेस और एएनसी के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। रंगभेद के दौर में उन्होंने 371 दिनों की एकांत कैद और प्रताड़ना सही, लेकिन विनी मडिकीजेला-मंडेला समेत अपने साथियों के खिलाफ गवाही देने से इन्कार कर दिया।

# एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर शुल्क को लेकर ट्रंप को झटका

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अपील अदालत ने ट्रंप प्रशासन को बड़ा झटका दिया है। अदालत ने ट्रंप प्रशासन की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें

### अमेरिकी अदालत ने खारिज की अपील

निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। निचली अदालत ने एच-1बी वीजा पर 1 लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क रद्द करने का आदेश दिया था। बोस्टन स्थित प्रथम सर्किट अपीलीय अदालत की तीन जजों की पीठ ने अमेरिकी जिला जज लियो टी. सोरोकिन के 8 जून के फैसले पर रोक लगाने की ट्रंप प्रशासन की मांग खारिज कर दी। निचली अदालत ने इस शुल्क को कांग्रेस (संसद) की मंजूरी के बिना लगाया गया गैरकानूनी कर बताया था। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम इस अदालत में अपील लंबित रहने तक जिला अदालत के 8 जून के आदेश और उससे जुड़े फैसले पर रोक लगाने की प्रतिवादियों की मांग खारिज करते हैं। जजों ने 20 डेमोक्रेट शासित राज्यों की इस दलील से सहमति जताई कि यहां सवाल यह नहीं है कि कांग्रेस ऐसा अधिकार दे सकती है या नहीं। सवाल यह है कि क्या कांग्रेस ने वास्तव में ऐसा अधिकार दिया भी है।




**ट्रंप ने पिछले साल की थी घोषणा**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल सितंबर में एक घोषणा में नए एच-1बी वीजा के लिए 1 लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने का फैसला किया था। एच-1बी वीजा के तहत अमेरिकी कंपनियां ऐसे विदेशी कर्मचारियों को नौकरी दे सकती हैं, जिनके पास विशेष क्षेत्रों में काम करने के लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता होती है। अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर साल भारत और चीन जैसे देशों से हजारों कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए इस वीजा पर निर्भर रहती हैं। अपीलीय अदालत ने 1989 में आए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सरकार को यह स्पष्ट दिखाना होगा कि कांग्रेस ने शुल्क या कर लगाने का अधिकार साफ तौर पर दिया है। अदालत ने कहा, ट्रंप प्रशासन यह नहीं बता पाया कि इस मामले में इस स्पष्ट मानक की जरूरत क्यों नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि ट्रंप प्रशासन यह साबित नहीं कर सका कि अगर उसकी मांग खारिज होती है, तो शिकायत करने वाले राज्यों को बड़ा नुकसान नहीं होगा। आदेश में कहा गया कि प्रतिवादियों ने केवल इतना कहा कि शिकायत करने वाले राज्यों को बहुत कम नुकसान होगा, लेकिन इस दलील के समर्थन में कोई ठोस तर्क नहीं दिया।

## भारत से लगी सीमा की सुरक्षा के लिए ड्रोन तैनात करेगा नेपाल

**काठमांडू।** नेपाल अपनी भारत से लगी दक्षिणी सीमा की सुरक्षा मजबूत करने के लिए जल्द ही अत्याधुनिक इंफ्रारेड निगरानी ड्रोन तैनात करेगा। नेपाल के गृह मंत्री रमेश गुरुङ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सभा की संघीय सशक्तीकरण एवं राष्ट्रीय सरोकार समिति की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने दक्षिणी सीमा का मौके पर निरीक्षण और विशेष अभियानों के जरिए सुरक्षा संबंधी समस्याओं की पहचान की है तथा उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।
गुरुङ ने कहा कि सीमा क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए केवल सुरक्षा बल पर्याप्त नहीं हैं, इसलिए उन्हें आधुनिक उपकरण और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में नेपाल पुलिस के महानिरीक्षक दान बहादुर कार्की, सशस्त्र पुलिस बल के प्रमुख नारायणदत्त पौडेल और कई सांसद मौजूद रहे। इस दौरान कुछ सांसदों ने आरोप लगाया कि सीमा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के व्यवहार के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## राजनीतिक दबाव में है नेपाल का सुप्रीम कोर्ट?

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने नेपाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट की नियुक्तियों और उसकी संरचना में राजनीतिक हस्तक्षेप से बाज आने के लिए आगाह करते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया है। एमनेस्टी इंटरनेशनल, ह्यूमन राइट्स वॉच और इंटरनेशनल कमीशन ऑफ ज्यूरिस्ट्स (आईसीजे) ने संयुक्त बयान में कहा कि नेपाल सरकार की ओर से हाल ही में उठाए गए कदम देश की न्यायपालिका की स्वतंत्रता को खतरे में डालते हैं। बयान में कहा गया कि मौजूदा जजों के जबरन इस्तीफे या महाभियोग के जरिए सुप्रीम कोर्ट की संरचना को बदलने के लिए राजनीतिक दबाव डाले जाने की खबरें सामने आई हैं। मई 2026 में नेपाल के संविधान और कानून के सिद्धांतों के तहत आवश्यक संसदीय कानून के बजाय एक कार्यकारी अध्यादेश के माध्यम से संवैधानिक परिषद अधिनियम में संशोधन करने को इन संगठनों ने अनुचित करार दिया। मानवाधिकार समूहों ने प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार से जजों पर दबाव बनाना बंद करने और न्यायिक स्वतंत्रता से खिलवाड़ न करने की चेतावनी दी।

## कैलिफोर्निया का दिवाली अवकाश कानून विवाद में

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में दिवाली को आधिकारिक राज्य अवकाश घोषित करने वाला कानून कानूनी चुनौती का सामना कर रहा है। कैलिफोर्निया की सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश स्टीफन अक्विस्टो ने कहा कि राज्य विधानसभा द्वारा पारित एबी 268 कानून संघीय और राज्य संविधान के कई प्रावधानों का उल्लंघन करता है, क्योंकि इसमें दिवाली को उसके धार्मिक महत्व के आधार पर विशेष दर्जा दिया गया है और इसके पीछे पर्याप्त धर्मनिरपेक्ष आधार नहीं बताया गया। यह फैसला सैन फ्रांसिस्को टैक्सपेयर्स एसोसिएशन की याचिका पर सुनाया गया। हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया कि उसका फैसला केवल एबी 268 की संवैधानिक वैधता तक सीमित है और भविष्य में संवैधानिक आधारों पर दिवाली को राज्य अवकाश घोषित करने का रास्ता बंद नहीं करता।

## वेस्ट बैंक में भीषण गोलीबारी, पांच की मौत

**वेस्ट बैंक।** उत्तरी वेस्ट बैंक में नाबलुस शहर के पास हुई गोलीबारी में चार फलस्तीनियों और एक इस्राइली नागरिक की मौत हो गई। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, चारों फलस्तीनियों को इस्राइली बलों ने मार गिराया। वहीं कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन फलस्तीनियों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस्राइली सेना के मुताबिक, हवात गिलाद बस्ती के पास घूम रहे नागरिकों पर हुए हमले की सूचना के बाद सैनिकों ने यह कार्रवाई की। घटना के बाद इस्राइली सेना ने नाबलुस और आसपास के क्षेत्रों की घेराबंदी कर दी है तथा दो घायल इस्राइलियों को एयरलिफ्ट किया गया है।

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
पत्रांक : 12415/सामा0प्रशा0/2026
दिनांक : 24 जुलाई, 2026
जौनपुर (उ0प्र0)
प्रेस विज्ञप्ति
30वां दीक्षान्त समारोह
27 जुलाई, 2026
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर का 30वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 27 जुलाई, 2026 को विश्वविद्यालय के महन्त अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में पूर्वान्ह 10:00 बजे आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है।
श्रीमती आनन्दीबेन पटेल
माननीय कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश
समारोह की अध्यक्षता करेंगी।
मुख्य अतिथि मेजर जनरल गौरव गौतम (विशिष्ट सेवा मेडल), ए.डी.जी., एन.सी.सी. (उत्तर प्रदेश), अति विशिष्ट अतिथि श्री योगेन्द उपाध्याय, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रजनी तिवारी, माननीय राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार होंगे।
विश्वविद्यालय के समस्त सम्मानित आचार्य, उपाचार्य, प्राध्यापक, परिषदों के सम्मानित सदस्य, पदाधिकारियों एवं सम्बन्धित जन दिनांक 27 जुलाई, 2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर सादर आमंत्रित हैं। निमंत्रण पत्र अलग से प्रेषित किये गये है। पी.एच.डी. उपाधिधारकों तथा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले गोल्ड मेडल प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को पत्र के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। सर्वसम्बधित को निमंत्रण पत्र /सूचना पत्र साथ में लाना अनिवार्य है।
कुलसचिव